बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 8 मई 2024
वर्ष-2, अंक-257, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शुक्र के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी 18

बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति 2

## एक नजर

### हिमाचल बोर्ड के 10वीं के नतीजे घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। राज्य की परीक्षा में शामिल हुए कुल विद्यार्थियों में से 74.61 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 92 विद्यार्थियों में 72 लड़कियां हैं, जिन्होंने शीर्ष 10 स्थान हासिल किए हैं।

### 10 मई को बृजभूषण पर हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत 10 मई को आदेश सुना सकती है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय किया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थीं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया दिया कि आदेश में कुछ सुधार की जरूरत है।

### तीन तस्कर गिरफ्तार, दो किलो हेरोइन बरामद

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की गजसिंहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्विफ्ट कार में सवार नाबालिग सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर दो किलो हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन ड्रग ड्रोन के माध्यम से बॉर्डर पार से मंगवाई गई थी, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीओ श्रीकरणपुर संजीव चैहान के निर्देशन में संगराना मोड 74 आरबी नहर पुल पर नाकाबन्दी की गई।

### अमृतसर में चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र गांव हरदो रतन से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया इकाई की सूचना पर व्यापक तलाशी अभियान में सैनिकों ने अमृतसर जिले के गांव हरदो रतन में एक घर के बाहरी क्षेत्र से चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया।

# टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराया
- बासित डार पर घोषित किया गया था 10 लाख इनाम

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बिरधी ने बताया कि बासित डार श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

# योगी और प्रो. राम गोपाल के बीच राम मंदिर पर तकरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## सपा नेता बोले, मंदिर वास्तु के अनुसार नहीं बनाया गया





- योगी ने कहा, उनका बयान करोड़ों रामभक्तों का अपमान

**अमृत विचार :** अयोध्या के राम मंदिर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के एक बयान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। योगी ने राम गोपाल के बयान को हिंदू विरोधी और रामभक्त हिंदू समाज का अपमान बताया है।

सपा नेता राम गोपाल ने एक न्यूज चैनल के संवाददाता से राम मंदिर को बेकार बताते उल्टा सवाल किया कि, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते हैं, पुराने मंदिर देख लीजिए दक्षिण से लेकर उत्तर तक देख लीजिए। नक्शा ही ठीक नहीं बना है। उसे वास्तु के लिहाज से ठीक नहीं बनाया गया है।

सपा नेता के इस बयान पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बयान से सपा की मंशा सामने आ गई है। योगी ने कहा कि ऐसा बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन के सच को उजागर करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि राम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है।

### कन्नौज में मंदिर धोने को लेकर भी विवाद

मंगलवार को रमईपुर (कानपुर) में जनसभा करने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जिस तरह भाजपाइयों ने कन्नौज में मंदिर को धोया, ठीक वैसे ही अब पीडीए लोकसभा चुनाव में भाजपा को धोने जा रहा है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा नहीं लौटेंगे। दरअसल, सोमवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने से पहले शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पूजा की थी। पूजा करते हुए अखिलेश का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। इस वीडियो में दूसरे समुदाय के कुछ सपा कार्यकर्ता मंदिर प्रांगण में जूता पहनकर टहलते हुए दिखे थे, जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम मंदिर पहुंची और गंगाजल से धुलाई कर मंदिर की साफ-सफाई की थी।

## प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

# तीसरा चरण : 57.34% वोटिंग

**62.81%** संभल में सबसे ज्यादा

**53.99%** आगरा में सबसे कम





मतदान करने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते पीएम मोदी और अमित शाह।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों के चुनाव में मंगलवार को शाम छह बजे तक कुल 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत व आगरा में सबसे कम 53.99 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण की अन्य सीटों में हाथरस (अजा) सीट पर 55.36 प्रतिशत, फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, मैनपुरी 58.59 प्रतिशत, एटा में 59.17 प्रतिशत, बदायूं में 54.05 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत व बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किए गए थे। इसके अलावा 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए थे। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन व 88,420 मतदान कार्मिक लगाए गए थे। मतदान के लिए 25,819 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 25,819 बैलट यूनिट व 27,597 वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है।

### संभल समेत कई सीटों पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत

मतदान के दौरान संभल लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क व एएसपी श्रीशचंद के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। सपा प्रत्याशी ने फर्जी मतदान की शिकायत की। कुछ स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठी भांजने की शिकायतें भी आईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी शिकायतों की जांच कराई गई, जो सही नहीं पाई गईं। कहा कि ज्यादातर सीटों से बूथ कैप्चरिंग की ढेरों शिकायतें आईं।

### पहले और दूसरे चरण से ज्यादा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले व दूसरे चरण के मतदान की तुलना में इस बार मतदान ज्यादा हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। कहा कि मतदान बढ़ाने के लिए समुचित इंतजाम किए गए थे।

### 11 राज्यों की 93 सीटों पर 61% से अधिक मतदान

- असम में सबसे अधिक 75.30 और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.98 प्रतिशत वोट पड़े

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य-72, अनुसूचित जनजाति-11 और अनुसूचित जाति की 10 सीटें शामिल थीं। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत, गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया।

# बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद करने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

### सीबीआई जांच जारी रहेगी



- शिक्षक भर्ती घोटाला व्यवस्थागत धोखाधड़ी : सुप्रीम कोर्ट
- कोर्ट ने कहा-जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ नहीं बचेगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे। इससे पहले कोर्ट ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा।

## राधिका खेड़ा, अभिनेता शेखर सुमन भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है। सुमन एवं खेड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा एवं गृहमंत्री शाह के प्रति आभार प्रकट किया तथा देश की प्रगति के लिए यथासंभव योगदान देने की बात कही।





# मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल लड़ेंगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अनुप्रिया पटेल रिंकी कोल

- रॉबर्ट्सगंज से रिंकी कोल को बनाया गया उम्मीदवार
- अपना दल (एस) ने दोनों लोस सीटों से घोषित किए प्रत्याशी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना दल (एस) ने दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। मिर्जापुर से तीसरी बार अनुप्रिया पटेल उम्मीदवार बन रहीं हैं। वे वर्तमान में भी जिले की सांसद व एनडीए सरकार में केन्द्रीय मंत्री हैं।

इसी तरह अपना दल एस की छानबे विधायक रिंकी कोल को राबट्र्सगंज संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। उनको उनके ससुर पकौड़ी कोल का टिकट काटकर पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। पकौड़ी कोल वर्तमान में राबट्र्सगंज से सांसद हैं। लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) एनडीए के साथ है। इस बार उसे गठबंधन में दो सीटें मिली हैं।

## हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का छोड़ा साथ

- राज्य सरकार से समर्थन लिया वापस

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। तीन विधायक-सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।गोंदर ने कहा कि हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें भाजपा के 40 सदस्य हैं। भाजपा सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन था, लेकिन जजपा के बाद अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

# केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार या अगले सप्ताह फिर हो सकती है सुनवाई
- दिल्ली की कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर आदेश नहीं सुनाया। इस बीच, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सिंघवी केजरीवाल की ओर से और राजू प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए थे। सुनवाई के दौरान पीठ ने संकेत दिया कि कल न्यायाधीश अलग-अलग संयोजनों में बैठेंगे और यदि बुधवार के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई पूरी हो जाती है और न्यायाधीशों के पास समय होता है तो केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अगर कल नहीं, तो गुरुवार को सुनवाई कर सकते हैं। अगर गुरुवार को नहीं तो अगले सप्ताह विचार करेंगे।

### सिसोदिया व कविता की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से संबंधित मामलों में मंगलवार को आप नेता मनीष सिसोदिया की 15 मई तक और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी।

# झारखंड नकदी मामला : ईडी ने मंत्री के निजी सचिव को किया गिरफ्तार

रांची, एजेंसी




- रांची में दूसरे दिन भी छापेमारी डेढ़ करोड़ रुपये बरामद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के सात स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया और ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते रहे। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने सोमवार को शहर में एक फ्लैट पर छापा मारा था जो कथित रूप से संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर का है।

### मंत्री के सचिव ने एकत्र किया कमीशन: ईडी

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को कोर्ट को बताया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया था। दावा किया कि मंत्री के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान के सांठगांठ में शामिल थे।

## आकाश आनंद से छिनी मायावती के उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा फैसला लेते हुए भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। आकाश को नेशनल कोओर्डिनेटर के पद से भी हटा दिया है। बसपा प्रमुख ने 10 दिसंबर,2023 को भतीजे आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया गया था। इससे पहले उन्हें पार्टी का नेशनल कोआर्डीनेटर नियुक्त किया था। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी घोषणा करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि मूवमेंट के व्यापक हित में परिपक्वता आने तक फिलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा।

# सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

### पतंजलि मामला

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विज्ञापन करने के दौरान हस्तियां करें जिम्मेदाराना व्यवहार



उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मंगलवार को कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए।

वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किए जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया। पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है। इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं।



## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए दूसरी सूची की घोषणा, चोटिल झिंगन बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से शुरू करेंगे अभ्यास

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झिंगन का नाम नहीं है।

पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। झिंगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएगी।

# दबाव में अच्छे फैसले लेता है कप्तान रोहित : युवराज

नई दिल्ली, एजेंसी



- टी-20 विश्वकप में रोहित जैसे कप्तान की भारतीय टीम को है जरुरत

भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

## शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने कहा दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिए छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

## बंगाल, हरियाणा की महिला हॉकी टीमों को मिली जीत




**रांची।** बंगाल और हरियाणा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 में क्रमशः ओडिशा और महाराष्ट्र पर 2-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

बंगाल ने मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और उसके लिए दोनों गोल शांति होरो (23वां और 39वां मिनट) ने किया। मैच के आखिरी क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो (51वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल ओडिशा की वापसी कराई लेकिन टीम इसके बाद कोई और गोल करने में विफल रही। दिन के दूसरे मैच में हरियाणा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मंजू चौरसिया ने 12वें मिनट में टीम को बढ़त दिलायी जबकि दूसरे हाफ में पूजा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हरियाणा की बढ़त को दोगुना किया। महाराष्ट्र के प्रयास करना जारी रखा। टीम के लिए सुकन्या धावरे (55) अंतिम मिनटों में मैदानी गोल कर हार के अंतर को कम करने में सफल रही।

# राजस्थान के लिए कैपिटल्स ने दूर की दिल्ली

## रॉयल्स को दिया 222 रनों की लक्ष्य, मैकगर्क और अभिषेक ने लगाए अर्धशतक, अश्विन को मिले तीन विकेट



अभिषेक पारेल
65 रन
36 गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को आईपीएल के 56वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के लिए जीत की दिल्ली दूर कर दी और राजस्थान को 222 रनों का लक्ष्य दिया है। आज अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्विन ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाए। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुए। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाए। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाए। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 41रनों की पारी खेली। रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुए। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

50 रन
20 गेंद



मैकगर्क का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते राजस्थान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**60** रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल ने कर दिल्ली को दिलाई अच्छी शुरुआत



जेक फ्रेजर मैकगर्क

**दिल्ली 221/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 01


| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का फरेरा बो अश्विन | 50 | 20 | 7/3 |
| अभिषेक पोरेल का संदीप बो अश्विन | 65 | 36 | 7/3 |
| शाई होप रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन | 15 | 10 | 1/1 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 | 13 | 0/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 | 20 | 3/3 |
| गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट | 19 | 15 | 1/1 |
| रसिख सलाम रन आउट | 9 | 3 | 2/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

# बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।



- मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच बोल- हम यहां आईपीएल के लिए हैं, बाकी सब उसके बाद देंखेंगे

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है, लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

## बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी और गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

**लखनऊ।** खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5:45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7.25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8.46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इसके बाद रात 9.43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और ताज गंगाज होटल में रात बिताई।

# भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : ब्रायन लारा

नई दिल्ली, एजेंसी

महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है



और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा थे। लारा ने कहा जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी-कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं। भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

# प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेंगे लखनऊ-हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों



पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, कभी अलविदा ना कहना, कल हो ना हो और वीर जारा जैसी फिल्मों में काम किया है, लेकिन दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार वीर जारा में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे, तब तक इंताजर कीजिए। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा, शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं और एक बेहद ही शानदार हैं और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है। वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म दिल से के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि चोरी चोरी चुपके चुपके सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।



# फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं, पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें जय महाकाल।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# वाहन की टक्कर से लोडर पेड़ से भिड़ा, दो की मौत

## हादसे में लोडर सवार एक गंभीर, बलहरामऊ के पास हादसा ○ कंपनी से ग्रीस लादकर औरैया की तरफ जा रहा था लोडर

संवाददाता डेरापुर, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलहरामऊ गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से लोडर अनियंत्रित होकर हाईवे पर लगे बोर्ड को तोड़ता हुआ सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। हादसे में लोडर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टर ने चालक समेत दो लोगों को मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार को जनपद आजमगढ़ के थाना लालगंज के देवगांव निवासी चालक सुधीर विश्वकर्मा (45) ऑयल व ग्रीस बनाने वाली अंशोल कंपनी से अपने लोडर में ग्रीस के ड्रम लादकर कानपुर से जनपद औरैया की ओर जा रहा था। उसके साथ सिकंदरा थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी गौरव शर्मा (42) व कानपुर नगर के केडीए रतनपुर कॉलोनी निवासी अरुण राजपूत (36) भी जा रहे थे। तभी डेरापुर थाना क्षेत्र के कानपुर-इटावा हाईवे पर बलहरामऊ गांव के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लोडर हाईवे किनारे लगे बोर्ड को तोड़ता हुआ सड़क किनारे खड़े पीपल के पेड़ से टकरा गया और लोडर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मुंगीसापुर चौकी प्रभारी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए डेरापुर सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने चालक सुधीर विश्वकर्मा व गौरव शर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अरुण का प्राथमिक उपचार होने के बाद परिजन कानपुर ले गए। वहीं मौत की जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी से मेमो भेजकर मृतकों की सूचना पुलिस को दी गई। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। वाहन की तलाश की जा रही है।



हाईवे किनारे पेड़ से भिड़ा खड़ा लोडर।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग हुए घायल

■ **रूरा।** रामपुर गांव के सामने दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। बनीपारा निवासी रामचंद्र कुशवाहा पड़ोसी नीलम को लेकर रूरा से घर जा रहा था। तभी मिंडाकुआ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रामचंद्र व नीलम से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

■ **रूरा।** थाना क्षेत्र के सराय गढ़ेवा गांव के पास रात में एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जनपद इटावा के बुरैली थाना वैदपुरा निवासी राजीव उर्फ राजू (30) ट्रेनों में भीख मांग कर जीवन यापन करता था। सोमवार की रात उसका शव दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन की डाउन लाइन पर पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने छानबीन कर मृतक के पास मिले आधार से संपर्क कर परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर आए भांजे सोनू ने मृतक की पहचान अपने मामा राजू के रूप में की। दरोगा जसवीर सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत, दूसरे का इलाज जारी

संवाददाता, राजपुर

● रविवार को शादी में पैदल जाते समय बाइक की टक्कर से हुए थे घायल

**अमृत विचार।** कस्बे की गुलाब वाटिका के सामने सड़क हादसे में घायल युवक ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे घायल का कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

राजपुर कस्बे की नई बस्ती निवासी पप्पू उर्फ लाला (38) रविवार शाम को पड़ोसी शाहरुख़ (30) के साथ कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने पैदल जा रहा था। तभी गुलाब वाटिका के सामने सिकंदरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें राजपुर पीएचसी भेजा था। जहां गंभीर रूप से घायल पप्पू उर्फ लाला व शाहरुख़ को डाक्टरों ने जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने पर परिजन पप्पू को कानपुर के निजी अस्पताल में ले गए। मंगलवार को इलाज के दौरान पप्पू की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अंजुम, पुत्री सानिया, आशिया, बेटा सहजान, अहसान समेत अन्य बिलखते रहे। मृतक के पिता मुन्ना ने बताया कि बेटा पप्पू मजदूरी करके परिवार का पालन करता था। इधर दुर्घटना में घायल शाहरुख़ का कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी गंभीर हालत बनी है।



पप्पू उर्फ लाला।

## सार-संक्षेप



उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजराईं में सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राएं।

### प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किये गए छात्र

**कानपुर देहात।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजराईं में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों के साथ आए अभिभावकों का माला पहनकर स्वागत किया गया। मंगलवार को सरवनखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजराईं की प्रधानाध्यापक प्रभावती के नेतृत्व में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कक्षा आठ पास करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल दो छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बेहतर करने और बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने को लेकर विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में बच्चों से मेहनत कर शिक्षा में नया आयाम स्थापित करने की अपील की गई। इस दौरान शिक्षक चंद्रभूषण, सपना मित्तल, अक्षय त्रिवेदी, ज्योतिबा मौर्य, सुरजन लाल, अरुण त्रिवेदी, ब्रजकुमार त्रिवेदी, यूनुस आदि लोग मौजूद रहे।



लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता। अमृत विचार

### लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर देहात।** वादकारी को घर के नजदीक सस्ता सुलभ न्याय दिलाने में लायर्स एसोसिएशन कानपुर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय इंद्रपाल सिंह चौहान की महती भूमिका रही है। यह बात एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम कटियार ने जनपद न्यायालय परिसर में स्व. इंद्रपाल सिंह की तृतीय पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह की परिस्थितियां थी। उस समय जनपद न्यायालय का कार्य कानपुर देहात के नवीन भवन में न्यायालय स्थानांतरित होकर आज की तिथि में भी संचालित होना संभव नहीं था, लेकिन स्व. इंद्रपाल सिंह चौहान की अधिवक्ताओं के बीच अपनी मजबूत पैठ ने इसे संभव किया। तीनों बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष रमेश पांडेय, एकीकृत बार के संपत लाल यादव व पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन रवींद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि जनपद न्यायालय कानपुर देहात में स्थापित होने में स्वर्गीय इंद्रपाल सिंह चौहान का बड़ा योगदान है। वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ताओं व सामाजिक हित उनके बड़े व्यक्तित्व को दर्शाती है। इस मौके पर एकीकृत बार महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष एकीकृत बार विश्वनाथ कटियार, जिला बार के शैलेंद्र कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, जितेंद्र मिश्रा, अमर सिंह भदौरिया, अंजनी कटियार, रवि पांडेय, अरविंद सिंह यादव, शिवगिरजा शंकर पाल, योगेंद्र प्रताप सिंह चौहान, शिवबीर सिंह भदौरिया, नीलू यादव आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री सर्वेंद्र सिंह यादव ने किया।

### अक्षय तृतीया पर इस बार गजकेसरी योग

**कानपुर देहात।** अक्षय तृतीया पर्व पर उच्च चंद्रमा और गुरु के कारण इस बार गजकेसरी योग बन रहा है। सूर्य मेष राशि में और चंद्रमा वृष राशि में रहेंगे। दोनों के उच्च राशि में रहने के कारण इस दिन पूजा व अच्छे कार्यों का पुण्य बेकार नहीं जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर्व दस मई को मनाया जाएगा। अकबरपुर क्षेत्र के पतारी गांव निवासी ज्योतिषाचार्य पं. प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि अक्षय तृतीया की तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है। यानी इस तारीख पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए किसी मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया पर्व पर किया जाने वाला दान-पुण्य, पूजा आदि शुभ कर्म करने पर विशेष फल मिलता है। इस दिन सोने के गहने खरीदने और मां लक्ष्मी का पूजन करने का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया पर्व दस मई को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरूआत दस मई को सुबह 04:17 बजे से शुरू होगी। जबकि इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई को सुबह 02:50 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार दस मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 05:48 बजे से लेकर दोपहर 12:23 बजे तक रहेगा। आचार्य ने बताया कि अक्षय तृतीया सर्व सिद्धि मुहूर्तों में से एक है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी जाती है।

### नाबालिग के अपहरण की आरोपी महिला को भेजा जेल

**राजपुर।** नाबालिग के अपहरण के मामले में फरार चल रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा है। राजपुर थाना क्षेत्र के एक कस्बे में रहने वाले व्यक्ति ने बीती 4 अप्रैल को अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने राजपुर के दमनपुर टेंपो स्टैंड तिराहे से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि कस्बे में रहने वाली एक महिला के सहयोग से मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के उमरी निवासी सोनू कस्बा निवासी किशोरी का अपहरण कर ले गया था। मामले में किशोरी के पिता ने सोनू व राजपुर निवासी अनीता के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शनिवार को सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंगलवार को आरोपी अनीता को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।



अनीता।

# अराजकतत्वों पर रहेगी पैनी निगाह

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने झींझक व रसूलाबाद ब्लाक क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रिटिकल बूथों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

मंगलवार को डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने झींझक ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा किन्नर सिंह, रसूलाबाद ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय करियावार व संविलियन विद्यालय कन्या कहिंजरी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जनपद में लाइसेंसी असलहे जल्द जमा कराए जाएं। साथ ही शराब के वितरण को रोकते हुए कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने मतदान में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता न किए जाने के दृष्टिगत कड़ी चतावनी भी दी। कहा कि कोई भी अनैतिक गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने उपस्थित क्षेत्राधिकारी से पूर्व में गठित घटनाओं के संबंध में जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की वारदात होने पर उस स्थान के व्यक्तियों की छवि भी खराब होती है।

डीएम ने सभी विद्यालयों में स्थापित बूथों पर स्वच्छ पानी, विद्युत, शौचालय, रैंप, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कंपोजिट विद्यालय करियावार रसूलाबाद में संचालित कक्षा आठ का भी जायजा लिया।

मौके पर मात्र 11 बच्चों की उपस्थिति ही दर्ज मिली। पूरे विद्यालय में कुल पंजीकृत 117 छात्र छात्राओं में से मात्र 41 बच्चे ही कक्षाओं में उपस्थित थे। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान सीओ राजीव सिरोही, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी, हल्का इंचार्ज देवनारायण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

● डीएम व एसपी ने झींझक रसूलाबाद ब्लाक के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करें मतदाता

▸▸ लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों ने रखे अपने-अपने विचार

▸▸ मतदान करने से ही मजबूत होगा लोकतंत्र, मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुनें। ताकि हम अपनी पसंद की सरकार बना सकें। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे। तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है।

अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संवैधानिक अधिकार को समझें और मतदान के दिन को अपना वोट डालने जरूर जाएं। ताकि सौ फीसद मतदान से लोकतंत्र का सही स्वरूप बन सके। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जिस भी पार्टी व नेता को वोट डालें। उसकी साफ व ईमानदार छवि हो। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जागरूक मतदाताओं ने अपने विचार रखते हुए सभी से वोट डालने की अपील की है।

### राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करना जरूरी

संदलपुर निवासी महिला मेट किरण देवी का कहना है कि चुनाव में मतदान का प्रयोग करना बहुत ही जरूरी है। खुद मतदान करने के साथ ही हमें अन्य को भी मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हमें अपनी इच्छा के अनुसार जनप्रतिनिधि को चुनने का अधिकार प्राप्त हुआ है।



### मतदान करना हर मतदाता का कर्तव्य है

पूर्व प्रधान निर्मला देवी का कहना है कि मतदान कर अपनी सरकार खुद चुनें। वोट करना हर किसी का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। ऐसे में हमें अपनी नागरिकता का सम्मान करते हुए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वोट जरूरी है। सभी से अपील है कि हर वोटर जो वोट देने लायक है वे सभी मतदान जरूर करें।



### विकास कार्य कराने वाले को प्राथमिकता

युवा मतदाता मनीष कुशवाहा ने कहा कि वोट डालकर सक्षम प्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान का दिन आने वाला है। नगर से लेकर गांवों तक इसको लेकर जागरूकता भी देखने को मिल रही है। हम अपने विवेक से ऐसे व्यक्ति को चुन कर सत्ता में बिठा सकते हैं जो देश के विकास के लिए काम करे।



# भूमि बंटवारे को लेकर छोटे भाई की हत्या



रूरा सीएचसी में घटना की जानकारी लेतीं सीओ सदर तनु उपाध्याय।

संवाददाता, रूरा-कानपुर देहात

**अमृत विचार।** गढेवा गांव में मंगलवार शाम जमीन बंटवारे को लेकर भाई ने सगे छोटे भाई को चाकुओं से गोदकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकला। पड़ोसी घायल को रूरा सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर सीओ ने मौके पर छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

रूरा थाना क्षेत्र के बानीपारा जिनई के मजरा गढ़ेवा गांव निवासी रमाशंकर (26) खेतीबाड़ी करते थे। उनका बड़ा भाई उमाशंकर नशे का आदी था। वह मां बादामी देवी के साथ अलग रहता था। मंगलवार की शाम करीब उमाशंकर घर आया और जमीन के बंटवारे को लेकर मां बादामी देवी से मारपीट करने लगा। यह देखकर रमाशंकर मां को बचाने के लिए बीचबचाव करने लगा। इसी बीच बड़े भाई उमाशंकर ने रमाशंकर के सीने में चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे रमाशंकर घायल होकर जमीन में गिर पड़ा। शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी उमाशंकर मौके से फरार हो गया। पड़ोस के लोग रमाशंकर को घायल अवस्था में लेकर रूरा सीएचसी पहुंचे। जहां ईएमओ डॉ. प्रतीक पांडेय ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की जानकारी मिलने पर पत्नी काजल बदहवाश हो गई और पुत्री प्रीती समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। हत्या की सूचना पर अकबरपुर सीओ तनु उपाध्याय व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुला कर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए।



रमाशंकर।

### सुरक्षा के चलते गांव में तैनात की गई फोर्स

■ गढ़ेवा गांव में जमीन बंटवारे के मामूली विवाद में सगे भाई की हत्या की घटना से गांव के लोग स्तब्ध है। लोगों में चर्चा रही कि इतना बड़ा विवाद नहीं था जो इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात किया गया है।

# बंजारा समाज का इतिहास अमिट है : प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का बंजारा सम्मेलन संपन्न

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा का बंजारा सम्मेलन मंगलवार को हिंदी भवन अकबरपुर में संपन्न हुआ। इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बंजारा समाज का इतिहास अमिट है। अपनी मेहनत से बंजारा समाज ने नई दिशा दी है। बंजारा समाज ने मुगलों के अत्याचार के खिलाफ गुरु तेग बहादुर सिंह के साथ मिलकर गौरवशाली इतिहास रचा।

कार्यक्रम के संयोजक विनय बंजारा ने मुख्य अतिथि का पुष्प एवं माला पहनकर स्वागत किया। अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने भी बंजारा समाज की उपलब्धियां को याद किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, विधानसभा संयोजक डॉ. सतीश शुक्ला, विनय नायक, जितेंद्र सिंह गुड्डन, प्रीति तिवारी, शिव वीर भदौरिया, रामजी मिश्रा, परवेश कटियार, सौरव मिश्रा, श्यामू शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।





बंजारा समाज के सम्मेलन को संबोधित करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

### मुख्यमंत्री की होने वाली जनसभा की तारीख बदली

■ **कानपुर देहात।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रसूलाबाद विधानसभा के झींझक में 9 मई को होने वाली जनसभा की तारीख में परिवर्तन हुआ है। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा अब 11 मई को प्रस्तावित कर दी गई है।

हादसे | न्यू भीमसेन स्टेशन पर रोकी गई मालगाड़ी, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

# कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी के वैगन में लगी आग

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** झारखंड से अलीगढ़ हरदुआगंज कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी के वैगन से धुआं उठता देख स्टेशन मास्टर ने न्यू भाउपुर स्टेशन पर खड़ा कराया और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब साढ़े चार घंटे डीएफसी की अप लाइन पर यातायात बाधित रहा।

भाऊपुर खुर्जा डीएफसी लाइन पर मंगलवार को झारखंड से अलीगढ़ के हरदुआगंज स्थित ताप गृह में कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी के 31वें वैगन से धुंआ उठने लगा। जिसपर न्यू भीमसेन के स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना न्यू भाऊपुर स्टेशन मास्टर को दी। सुबह साढ़े छह बजे ट्रेन को यार्ड पर रोका गया और दमकल को सूचना दी गई। साथ ही पावर हाल्ट लिया गया।

सूचना के करीब बीस मिनट बाद पहुंची दमकल ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। न्यू भाऊपुर स्टेशन मास्टर मनु कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह 6:50 बजे मालगाड़ी को रोका गया था। करीब बीस मिनट बाद दमकल की एक गाड़ी माती से आई और 11:10 बजे आग पर काबू पा लिया गया। जिसके बाद साढ़े ग्यारह बजे मालगाड़ी को आगे की ओर रवाना कर दिया गया है। इस बीच करीब साढ़े चार घंटे डीएफसी की अप ट्रैक पर रेल यातायात बाधित रहा है।



मालगाड़ी में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### आग से गन्ने की दस बिस्वा फसल जलकर हुई राख

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के गांव घार स्थित खेतों में आग लग गई। जिससे गन्ने की दस बिस्वा फसल समेत पास लगे अमरुद के पेड़ जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। मंगलवार घार गांव स्थित विशाल तिवारी के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दोपहर के समय खेतों में किसी के मौजूद न होने के कारण आग धीरे-धीरे फैलती गई और किसान सुशील कुमार, बबलू दुबे, प्रदुम्न अवस्थी के खाली पड़े खेतों को भी चपेट में ले लिया। जानकारी पर पहुंचे लोगों ने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान की करीब दस बिस्वा गन्ने की फसल व खेत में सिंचाई के लिए पड़े पाइप भी जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंचे लेखपाल शिवम् ने बताया कि गन्ने के खेत में आग लगी है। नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट बनाकर तहसील भेजी जाएगी।



आग से जली गन्ना की फसल। अमृत विचार

### अचानक तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**कानपुर देहात।** कोमल पत्नी आशीष उम्र 24 वर्ष की अचानक तबीयत बिगड़ी इसके बाद परिजन उसे नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पवन कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे महिला के मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं इस संबंध में सिकंदरा थाना प्रभारी ने बताया कि मायके पक्ष द्वारा हत्या का आरोप लगाया जा रहा है जिसके लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


रमईपुर में मंच पर अखिलेश यादव के साथ राजाराम पाल, सतीश निगम, अमिताभ बाजपेई व अन्य। अमृत विचार


अखिलेश की जनसभा में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# जिसने मंदिर धोया, जनता उसको धो डालेगी: अखिलेश

## ❍ रमईपुर में गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा ❍ बोले, भाजपा हार देखकर बेईमानी पर उतर आई है

कार्यालय संवाददाता, बिधनू (कानपुर)।

- सरकार बनी तो आटा-डाटा फ्री देंगे, किसानों का कर्ज माफ होगा

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हार के डर से बौखला गई है। करोड़ों मतदाता इनके खिलाफ हैं। जो आदमी हारने लगता है, वह बेईमानी पर उतारू हो जाता है। इनका स्तर इतना गिर गया है कि हम लोग यदि मंदिर में जायेंगे तो मंदिर का परिसर धो देंगे। याद रखिये आज आपने मंदिर परिसर धोया है जनता तुम्हें वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा वापस नहीं आ पाओगे। अखिलेश मंगलवार को रमईपुर में गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे।

अखिलेश यादव दोपहर डेढ़ बजे के बाद रमईपुर जनसभा स्थल पहुंचे। अकबरपुर प्रत्याशी राजाराम पाल और कानपुर आर्यनगर सीट से विधायक अमिताभ बाजपेई ने उनका मंच पर स्वागत किया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की केवल एक सीट पर लड़ाई है। बाकी सीटें पीडीए व इंडिया गठबंधन के खातों में जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सेना में अग्निवीर भर्ती शुरू कर दी है। अखिलेश ने मंच में खड़े पुलिसकर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार सत्ता में आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देगी। इसलिए हम सबको अपने युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सपा को वोट देना होगा। अगर हम सत्ता में आए तो अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर देंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ समय पहले बिल गेट्स ने पीएम मोदी से मुलाकात कर डिजिटल डिवाइस पर बात की थी। भाजपा के लोग गांव-गांव जाकर देख लें जो इंटरनेट व्यवस्था का प्रबंध किया गया, वह सपा सरकार की देन है। इसी तरह छात्रों को हमने लैपटॉप दिए। अखिलेश ने कहा कि हम जीतने के बाद युवाओं को आरक्षण के साथ नौकरी देंगे। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि किसानों का कर्ज माफ होगा। अखिलेश ने कहा कि अगर हमारी सरकार आई तो गरीबों को पैकेट वाला आटा के साथ डाटा फ्री देंगे। भाजपा के चार सौ पार के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आपने होर्डिंग नहीं देखी, होर्डिंग से एक इंजन गायब है। वह इंजन अब खटारा हो गया है। बोले खटारा इंजन की फोटो नहीं लगाई होर्डिंग में। विधायक मो. हसन रूमी, सतीश निगम समेत पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अखिलेश की झलक पाने को टेंट पर चढ़े कार्यकर्ता

जनसभा स्थल पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देखने के लिए कार्यकताओं की भीड़ गांव गांव से मगरासा पहुंची। यहां मंच पर अखिलेश यादव के पहुंचते ही कुछ युवा एक झलक पाने के किए टेंट के ऊपर चढ़ गए। उन्होंने ऊपर से जय जय अखिलेश के नारे लगाए। साथ ही जनसभा स्थल पर मंच के बगल में युवाओं की भीड़ जुटी रही।

# मारपीट से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर थानाक्षेत्र के भदौरी गांव का मामला
- जमीन के विवाद में भाई-भाभी ने पीटा था

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में मारपीट से क्षुब्ध होकर एक युवक ने पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने परिवार के लोगों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।



भदौरी गांव का 35 वर्षीय पवन कुमार सिंह घंटाघर से रामादेवी विक्रम चलाता था। बड़े भाई अशोक ने बताया कि सोमवार को गांव में चकबंदी हुई थी। आरोप लगाया कि पिता ने 12-12 बिसवा जमीन भाइयों आलोक और राजकुमार को दी थी। इस पर पवन ने मां शिवकली से कहा कि उसे भी जमीन चाहिए। आरोप लगाया कि यह कहने पर भाई विनय कुमार और उसकी पत्नी और बेटे ने उसे जमकर मारापीटा। जिससे वह जख्मी हो गया। मां उसे पिटता हुआ देखती रही। जिसके बाद वह रोते बिलखते वहां से चला गया। मंगलवार सुबह उसका शव घर के पास जंगल में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। भाइयों ने मारपीट करने वालों पर उसकी हत्या करने के आरोप लगाया। पत्नी माया देवी और बच्चों शिवा और प्रिंशु का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नशा करने से रोका तो छात्र ने दी जान

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में नशा करने पर मां और बड़े भाई की डांट से क्षुब्ध होकर आठवीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच की। चंदीपुरवा निवासी 20 वर्षीय विशाल कुमार कक्षा आठ का छात्र था। बड़े भाई आकाश ने बताया कि विशाल सबसे छोटा था। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। पिता हरिनाम के निधन के बाद वह लोग टूट गए हैं। विशाल को गांजा, सिगरेट और बीड़ी की आदत पड़ गई थी। उसे डांटते फटकारते थे। दो दिन पहले भी उसे परिजनों ने डांटा था। सोमवार देर शाम मां घर का काम कर रही थीं और सब लोग काम से गए थे, उसी दौरान वह कमरे में गया और साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप


शिक्षकों के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### सेंट एलॉयसियस स्कूल के बच्चों के चेहरे खिले

**कानपुर।** सेंट एलॉयसियस स्कूल में हाईस्कूल के 88 बच्चों में से 15 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। हाईस्कूल के केशव शर्मा 97 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के टॉपर बने। वहीं इंटर के आयुष अग्रवाल ने 96 .50 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान पाया। स्कूल के प्रधानाचार्य फादर वाल्टर डि सिल्वा ने बताया कि इंटर में 70 परीक्षार्थियों में से पांच ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य ने मेधावियों को संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी प्रबुद्ध, विविध कौशलों से परिपूर्ण, देश के विकास में अपना योगदान देकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।


मेधावी बच्चों को स्कूल में माला पहनाई गई। अमृत विचार

### मेधावियों ने किया पेगासस स्कूल का नाम रोशन

**कानपुर।** सीआईएससीई बोर्ड के रिजल्ट में यशोद नगर स्थित पेगासस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को जारी हुए परिणामों के अच्छे अंक पाकर विद्यार्थी जमकर झूमें। प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने बताया कि आईसीएसई में मो नावेद ने 88 .4 प्रतिशत, आन्या पांडेय ने 85, मो . ओवैस ने 83 .8, वरूण ने 83 .4 और प्राची सिंह ने 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं आईएससी बोर्ड में वंश गुप्ता ने 90 .25 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर रहे, जबकि अनमोल श्रीवास्तव ने 89 प्रतिशत, फाल्गुनी पांडेय व शैली दीक्षित ने 88 .75, अनुष्का बाजपेई ने 86 .5 व अंशिका शुक्ला ने 83 प्रतिशत अंक हासिल किए।


सुघर सिंह स्कूल के मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### सुघर सिंह के रोशन और सारा ने मारी बाजी

**कानपुर।** सोमवार को सीआईएससीई के घोषित परिणामों में श्याम नगर स्थित सुघर सिंह स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की डायरेक्टर वीना सिंह ने बताया कि हाईस्कूल के छात्र रोशन प्रजापति ने 96 .20 प्रतिशत और इंटर में सारा वसीक ने 87 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया। साथ ही हाईस्कूल में आलिया अहमद, प्राची शर्मा, प्रियांशु यादव, तबरेज अहमद व इंटर में तान्या सोनकर, तन्मय कुमार ने अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, गृहस्थी खाक

**कानपुर।** सैनिक चौराहा स्थित गंगापुर कालोनी में एक घर में शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। घर के अंदर तीन घरेलू भरे सिलेंडर रखे होने से जानकारी पर इलाके में हड़कंप मच गया। इलाकाई लोगों ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। गंगापुर कालोनी निवासी गुड्डी देवी के मकान में किराये पर रहने वाले राहुल कुमार के घर में मंगलवार को आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने गृहस्थी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के दौरान घर में तीन सिलेंडर रखे हुए थे, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने घर के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाल कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर किदवई नगर फायर स्टेशन से एक गाड़ी पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत पर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गृहस्थी खाक हो चुकी थी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि घटना के वक्त घर में रखे तीन भरे सिलेंडर रखे हुए थे। जिन्हें फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला है। प्रथम दृष्टया आग शार्ट सर्किट की वजह से घर में लगी होगी।

# दो महिलाओं को तीन तलाक, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर और महिला थाना का मामला, दहेज के लिए प्रताड़ित किया

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दहेज की मांग न पूरी होने पर दो महिलाओं को तीन तलाक दे दिया गया। पीड़ित महिलाओं ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ कल्याणपुर और महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

कल्याणपुर निवासिनी शाजिया उर्फ अमरीन के अनुसार उनका निकाह 2020 नवंबर में कानपुर देहात रूरा के जवाहर नगर वार्ड 11 निवासी मोहम्मद हमजा से हुआ था। शादी के बाद से पति समेत ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। जुलाई 2022 में पति ने जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया वह किसी तरह से जान बचा सकी। इसके बाद पति ने तीन तलाक देते हुए घर से भगा दिया। इस मामले में कल्याणपुर थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति, सास, देवर, दो ननद, ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न संबंधी, धमकाने व मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं रेलबाजार थानाक्षेत्र के फेथलफुलगंज निवासी महिला शमा यास्मीन ने पुलिस को बताया कि उनका निकाह अनवरगंज निवासी मोहम्मद इमरान से 2017 में हुआ था। शादी के बाद से ससुरालीजन पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध पर मारपीट कर उनको घर से भगा दिया। मार्च 2024 में पति ने तीन तलाक दे दिया। जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने महिला थाने में पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# मिट्टी की जांच के लिए मई माह सबसे उत्तम

**कानपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र दिलीपनगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने मंगलवार को किसानों को सलाह दी कि मृदा जांच के लिए मई का महीना सबसे उत्तम है। सभी किसानों को अपने खेतों में मिट्टी का नमूना लेकर परीक्षण जरूर कराना चाहिए।

सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के निर्देश पर डॉ. खलील खान ने कहाकि सभी किसानों को अपने खेत की मिट्टी का नमूना लेकर परीक्षण कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए पीएच मान 6.50 से 7.50 उपयुक्त होता है। उन्होंने किसानों को नमूना लेने व अन्य पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

बताया कि खेत में पांच स्थानों से 15 सेंटीमीटर गहराई से मिट्टी का नमूना लिया जाता है। वी आकार का गड्ढा खोदकर नमूना लें। जांच से यह पता किया जाता है कि मिट्टी में कौन सा पोषकतत्व कम है।


अच्छे रिजल्ट पर खुशी मनाते यूपी किराना स्कूल के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

**कानपुर।** किदवई नगर यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर स्कूल का परचम लहराया। इंटर की परीक्षा में 197 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इंटर के छात्र आदित्या चांडक ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं शिवांश श्रीवास्तव ने 97.5 व अमन श्रीवास्तव ने 97.25 प्रतिशत अंक हासिल किए। आईएससी कामर्स वर्ग से हर्षिता अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। हाईस्कूल में 222 विद्यार्थियों में से 32 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। श्लोक चौखानी 99 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बने, कृष्णा मिश्रा 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे व आयुष्मान श्रीवास्तव 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# एनजीओ ने नहीं दिया पैसा, रिपोर्ट

कार्यलय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर में एनजीओ में काम करने के बदले रुपये मांगने पर सचिव पर धमकाने का आरोप लगाया गया। पीड़ितों ने सुनवाई न होने पर कोर्ट की मदद ली। कोर्ट के आदेश पर रावतपुर पुलिस ने सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विजय नगर निवासी गंगा सागर व केशव नगर निवासी महिला शालिनी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार रावतपुर गांव स्थित एनजीओ प्रगति सेवा संस्थान की सचिव कल्पना सिंह के कहने पर अप्रैल 2017 में वहां पर काम करना शुरू किया था। काम के बदले रुपये मांगने पर आरोपी सचिव केंद्र व राज्य सरकार से रुपये न आने की बात कहते रहे वह लोग तीन साल तक काम करते रहे। एक दिन सचिव ने एनजीओ बंद होने की बात कहकर उन लोगों को नौकरी से निकाल दिया और हिसाब बाद में करने की बात कही। बकाया रकम मांगने एनजीओ गए तो कहा गया कि दोबारा पैसे मांगे तो हत्या कर शव गायब करा देंगे। जिस पर शिकायत रावतपुर थाने में की।

# स्कूल को निकली किशोरी लापता

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी किदवई नगर स्थित एक विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा है। 6 मई को बेटी सुबह 7 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी और तबसे नहीं लौटी। मंगलवार को पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी की तलाश में टीमें लगी हुई है।

### रंगदारी मामले में डिस्चार्ज याचिका खारिज

**कानपुर।** जाजमऊ थाने में जमीन कब्जाने, रंगदारी व मारपीट के मामले में सपा विधायक के साथ आरोपी आसिफ की डिस्चार्ज याचिका एडीजे 11 की कोर्ट ने खारिज कर दी। वर्ष 2022 में जाजमऊ थाने में असीम आरिफ ने जमीन कब्जाने, रंगदारी मांगने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सपा विधायक इरफान सोलंकी, वाजिदपुर निवासी आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आसिफ ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी।

कठिन सफर | गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस में हुई अराजकता, यात्रियों से झगड़ा

# कोच में अवैध वेंडरों का कब्जा, यात्री बेहोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भीड़ के कारण आरक्षित यात्री ने यात्रा छोड़ी, कोच से नीचे उतरे लोग

**अमृत विचार।** गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस के कोचों में मंगलवार को अवैध पैंट्री वेंडरों की इस कदर भीड़ थी कि एक यात्री बेहोश हो गया। नागपुर जा रहे एक यात्री ने आरक्षित सीट छोड़कर सेंट्रल से अपनी यात्रा समाप्त कर दी। अवैध पैंट्री वेंडरों का यात्रियों से झगड़ा भी हुआ। शिकायत पर पहुंची आरपीएफ ने कोच में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। यात्रियों से ठसाठस भरा कोच उसी हालत में रवाना हो गया।

15023 गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस मंगलवार शाम करीब पांच बजे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची तो यात्री हो-हल्ला करने लगे। कोचों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ थी। कोच में लोगों की कहासुनी हो रही थी। इसी बीच स्लीपर कोच एस टू में सवार एक यात्री बेहोश हो गया। आरक्षित कोच में अराजक तत्वों की भीड़ के कारण नागपुर जा रहे यात्री मोहसिन ने परिवार के साथ अपनी सीट छोड़कर सेंट्रल से ही यात्रा समाप्त कर दी। मोहसिन ने बताया कि कोच के अंदर से लेकर बाथरूम तक यात्रियों की भीड़ है। पैंट्रीकर की टीम के आठ से दस वेंडरों के साथ ड्रम, पानी, कोल्डड्रिंक समेत खानपान की सामग्री लेकर जबरन घुस आए हैं। यात्रियों से झगड़ा भी हुआ। कोच में हर तरफ ड्रम ही दिख रहे हैं। सेंट्रल पर शिकायत के बाद आरपीएफ व टीटीई स्टाफ पहुंचा, लेकिन भीड़ के आगे कुछ न कर सके। आरपीएफ ने स्लीपर कोच में दबे यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। यात्रियों के अनुसार इतनी भीड़ है कि अप्रिय घटना भी हो सकती है। यात्रियों को आरपीएफ से राहत नहीं मिली।



### प्रयागराज से सेंट्रल तक यात्री उबले, हंगामा

**कानपुर।** सूबेदारगंज स्टेशन से देहरादून जा रही 14113 एक्सप्रेस के सेकेंड एसी कोच में सवार यात्री सोमवार को गर्मी से बेहाल हो गए। सूबेदारगंज स्टेशन से ट्रेन के छूटते ही एसी प्लांट ने दगा दे दिया। पसीने से तर यात्रियों का सब्र प्रयागराज से सेंट्रल पहुंचते ही टूट गया। एक्सप्रेस जैसे ही रात 12 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म तीन पर पहुंची, यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। उमस और पसीने से भीगे यात्री प्लेटफार्म पर उतरकर खड़े हो गए। कंट्रोल की सूचना पर एसीएम संतोष त्रिपाठी और सुरक्षा बल पहुंचा। यात्रियों की हालत देख रेलवे अफसरों ने तत्काल कोच खाली कराया और दूसरा सेकेंड एसी कोच जोड़ा गया। इस चक्कर में ट्रेन दो घंटे देरी से रात 2 .04 बजे देहरादून के लिए रवाना हो सकी। यात्रियों के अनुसार देहरादून एक्सप्रेस सूबेदारगंज से सोमवार रात 08 .52 बजे चली थी। पांच मिनट बाद ही यात्रियों ने कूलिंग न होने की शिकायत दर्ज कराई। बार-बार शिकायत के बाद भी कोच में कूलिंग शुरू नहीं हुई। इस बीच ट्रेन फतेहपुर पहुंच गई। फिर भी कूलिंग न होने से नाराज यात्रियों ने अधिकारियों को ट्वीट करना शुरू किया। इस बीच यात्री पसीने से भीग गए। रेलमंत्री के साथ रेलवे के वरिष्ठ अफसरों को भी ट्वीट किया। तब तक ट्रेन सेंट्रल स्टेशन पहुंच गई। प्लेटफार्म तीन पर ट्रेन खड़ी होते ही यात्रियों ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी। टीटीई से बहस भी हुई। कंट्रोल की सूचना पर रेलवे अधिकारी पहुंच गए। पहले इलेक्ट्रिक इंजीनियरों ने एसी प्लांट ठीक करने में समय लगाया, लेकिन सफल नहीं हुए। अफसरों ने कोच को ट्रेन से अलग कराकर दूसरा एसी कोच लगवाया। एसीएम संतोष त्रिपाठी ने बताया एसी फेल होने की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पति विवेक कुमार की पॉलिसी संख्या 216670730 में मेरा नाम गंगोत्री लिखा है । मेरे पति की मौत हो गई है। अब मेरा नाम आधार व बैंक पासबुक में गंगोत्री की जगह सोनम हो गया है। मुझे गंगोत्री व सोनम दोनों नाम से जाना पहचाना जाए। – **सोनम पत्नी स्वर्गीय विवेक कुमार, निवासी– भगवतीगंज बलरामपुर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD AMMAR SHAIKH था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAIKH MOHAMMAD AMMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O SHAIKH MOHAMMAD MANSOOR HUSAIN ADD 266/750 BHADEWAN RAJENDRA NAGAR LUCKNOW.**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं इंद्र बहादुर अपने पुत्र संत राम पाठक उर्फ विनोद कुमार पाठक को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह बाहर अज्ञात स्थान पर नौकरी करता है। ऐसे में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से परिवार के लोगों का कोई लेना देना नहीं है। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। – **इंद्र बहादुर पाठक पुत्र देवी प्रसाद पाठक, निवासी– रामपुर टेपरा रानीपुर, तहसील– पयागपुर, बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रतीराम पुत्र रामचरन, निवासी– ग्राम गुरौली, परगना व तहसील– बिलग्राम, जिला– हरदोई**, मेरे बचत खाता संख्या 740510100018180 में मेरा नाम रतीराम कुशवाहा अंकित है। जबकि आधार कार्ड संख्या 659165218431 में मेरा नाम रतीराम अंकित है। यहकि रतीराम व रतीराम कुशवाहा एक ही व्यक्ति है। अतः मेरे बचत खाता में मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार अंकित किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मै अपने पुत्र नीरज कुमार यादव एवं पुत्रवधू श्रीमती डिम्पल यादव पत्नी नीरज कुमार यादव के आचरण एवं व्यवहार से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि किसी से ये लोग लेन-देन करते हैं या कोई अपराध करते हैं तो उस कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इन लोगों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नही होगा। **बृजेश कुमार यादव, पुत्र स्व0 राम वृक्ष यादव, निवासी– 614/पी–005 वो–375. प्रीती नगर, डुडौली मार्ग, सीतापुर रोड, लखनऊ–226021**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बलगां, बिन्दुपुरवा, ठकुरापुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं । अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**आदर्श पब्लिक स्कूल**
बरखुरदारपुर, छतोह, जिला रायबरेली
**आवश्यकता है**
गणित –01
विज्ञान –02
अंग्रेजी –01
हिंदी –01
विषय के शिक्षकों की आवश्यकता है। पुरुष और महिला कोई भी आवेदन कर सकता है। आवास की सुविधा उपलब्ध है। वेतन योग्यतानुसार।
**प्रबंधक**
**आदर्श विश्वकर्मा**
संपर्क सूत्र 9919546459, 8528101614

# भाजपा को मात देने को विपक्ष का कुर्मी दांव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के तहत नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद अब चुनावी मैदान में 15 प्रत्याशी बचे हैं। इसी के साथ अब संसदीय चुनाव का अखाड़ा सजने लगा है। भाजपा ने जहां दो बार से जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को उतारा है तो वहीं बसपा के डा. मनीष सचान एवं गठबंधन के सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल मैदान में हैं। बसपा के बाद सपा ने भी कुर्मी बिरादरी से अपना उम्मीदवार उतारा है। दलीय सूत्रों की मानें तो इस सीट पर पिछड़ी जाति का मतदाता निर्णायक भूमिका अदा करता चला आ रहा है और इस फेहरिस्त में कुर्मी बिरादरी का रोल अहम रहा है। ऐसा भी नहीं है, इस बिरादरी का लाभ भाजपा को भी मिलता चला आ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विपक्ष, साध्वी की हैट्रिक रोक पाने में कामयाब होगा। ऐसे हालात में मौजूदा वक्त कुर्मी मतदाता ऊहापोह में नजर आ रहा है। इंडी कंडीडेट का जिले से करीबी नाता है जो बिंदकी तहसील क्षेत्र के रहने वाले हैं। इसका उन्हें लाभ मिलना तय है लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं कि यह मतदाता वर्ग भाजपा के साथ नहीं है। कांग्रेस का यकीनन वजूद इस वक्त नहीं है लेकिन रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने से कांग्रेसी भी अपनी सीट के अच्छे विकास की उम्मीद लगाने लगा है। सवाल यह कि क्या विपक्षी चाल साध्वी की राह रोक सकेगी।



● संसदीय सीट पर पिछड़ी जाति का मतदाता हमेशा निर्णायक भूमिका में रहा

### अब तक के चुनावों पर एक नजर

इस सीट पर पहला चुनाव 1957 में कांग्रेस के अंसार हरवानी ने जीता था। 1962 के चुनाव में निर्दल उम्मीदवार गौरी शंकर ने विजय हासिल की। 1967 व 1971 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के संत बख्श सिंह चुनाव जीते थे। 1977 में जनता पार्टी के बशीर अहमद व 1978 के उपचुनाव में जनता दल के लियाकत हुसैन ने सीट जीती। इसके बाद 1980 व 1984 के चुनाव में कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री ने विजय हासिल की। इसके बाद जनता दल की आंधी चली और 1989 व 1991 के चुनाव में यहां से राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री तक बने। इसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने जीत हासिल की। 1998 के चुनाव में भाजपा के अशोक पटेल विजयी हुए। इसके बाद 1999 के चुनाव में भी यही जीते। 2004 के चुनाव में बसपा के महेंद्र प्रसाद निषाद को यहां की जनता ने चुनाव जिता कर संसद भेजा। 2009 कि चुनाव में सपा के राकेश सचान चुनाव जीते। इसके बाद दो बार से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### वीपी सिंह की लहर के बाद ओबीसी का रहा कब्जा

वर्ष 2014 व 2019 में चुनाव जीतने वाली साध्वी को एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारा है। वीपी सिंह की लहर के बाद से इस सीट पर पिछड़ी जाति का ही कब्जा रहा है। यही कारण रहा है कि हरेक पार्टी इस सीट पर ओबीसी कंडीडेट को वरीयता देती चली आ रही है। ऐसा इस बार भी किया गया है। भाजपा ने निषाद बिरादरी को उतारा है जबकि सपा व बसपा ने कुर्मी बिरादरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इंडिया गठबंधन से सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल चुनाव लड़ रहे हैं जबकि बसपा से डॉक्टर मनीष सचान मैदान में हैं।

# नकब लगाकर किसान के घर से जेवर-नकदी चोरी

संवाददाता, थरियांव

**अमृत विचार।** सोमवार रात अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। एक स्थान में नकब लगाकर चोरों ने नगदी व जेवरात पार कर दी। पीड़ितों ने मामलों की तहरीर पुलिस को दी है।

थरियांव थाना क्षेत्र के ख्वाजीपुर सेमरईया गांव निवासी रामलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रोज की तरह सोमवार की शाम खाना खाकर पूरे परिवार के साथ घर के बाहर दरवाजे के सामने सो गया था। रात में चोरों ने घर के पीछे से नकब लगाकर कर घर के अंदर गए और घर के अंदर रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर 20 हजार की नगदी और डेढ़ लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। भोर पहर जब वह सोकर उठा तो देखा कि घर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर और बक्से का ताला टूटा था। जेवर सहित नगदी गायब थे। वहीं थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर गांव निवासी माधव ने बताया कि सोमवार की रात चोरों ने घर पर बंधे बकरे चोरी हो गए। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है।



काटी गई घर की दीवार।

## सार-संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**थरियांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता पिछले दस दिनों से थाने के चक्कर लगा रही हैं। युवती का आरोप है कि एक युवक ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि मामले में पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नही की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले दो वर्षों से गांव का ही एक युवक उसे रास्ते मे आते-जाते परेशान किया करता था। एक दिन युवती उसकी दुकान में सामान खरीदने गई थी। युवक ने उसको पकड़ कर जबरदस्ती कमरे के अंदर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया और वीडियो फोटो बना लिया। युवती को धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देगा। इसी वीडियो के दम पर युवती से करीब दो साल से दुष्कर्म करता रहा। युवती ने जब खुलकर विरोध करना शुरू किया तो युवक ने शादी का झांसा दे दिया और अब शादी करने से भी इनकार कर रहा है। युवती ने इसकी शिकायत थाने में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। युवती ने बताया कि अगर मामला दर्ज नहीं किया जाता तो पुलिस अधीक्षक से जाकर मामले की शिकायत करेगी।



यमुना किनारे खड़ी पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

### साथियों के साथ यमुना नहाने गया बालक डूबा, तलाश जारी

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के एकडला गांव में बच्चों के साथ यमुना स्नान करने गया एक बालक डूब गया। बालक के न दिखाई देने पर साथ गए साथियों ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे बालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। किशनपुर थाना क्षेत्र के एकडला गांव निवासी अरविन्द सोनकर के घर पर तेरहवीं का कार्यक्रम था। जहां शामिल होने के लिए प्रतापगढ़ जिले के मानिकपुर गढी गांव निवासी ज्ञानचन्द्र सोनकर का आठ वर्षीय पुत्र आर्यन सोनकर अपने परिजनों के साथ अपने ननिहाल एकडला गांव आया हुआ था। मंगलवार की सुबह वह कुछ बच्चों के साथ यमुना स्नान करने गया हुआ था। यमुना स्नान करते समय बालक गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। साथ में स्नान कर रहे बच्चों ने जब आर्यन को नहीं देखा तो शोर मचाते हुए घर पहुंचे और परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों व मछुआरों की मदद से डूबे बालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस द्वारा बालक की तलाश के लिए यमुना नदी में जाल डाल कर भी प्रयास किया गया। करीब चार घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद भी बालक का पता नहीं चल सका। खबर लिखे जाने तक यमुना में डूबे बालत की तलाश जारी थी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बालक को खोजने का हर प्रयत्न किया जा रहा है।

### तीन बार होगा चुनावी व्यय रजिस्टर का निरीक्षण

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों को अपने व्यय रजिस्टर को व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर निरीक्षण करना अनिवार्य है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार निरीक्षण किए जाएंगे। पहला निरीक्षण 9 मई को, द्वितीय निरीक्षण 13 मई एवं तृतीय निरीक्षण 17 मई को विकास भवन में सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी स्वयं अथवा उनके व्यय निर्वाचन अभिकर्ता व्यय प्रेक्षक के समक्ष उपस्थित होकर अपना व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करें। बताया कि निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। साथ ही यह भी बताया गया है कि दैनिक व्यय से संबंधित नियमानुसार बाउचर बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रतियां प्रस्तुत करना होगा। निरीक्षण में निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का व्यय विवरण प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 झ के अधीन समक्ष न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जाएगी एवं अभ्यर्थी की जनसभा, जुलूस तथा वाहन प्रयोग की अनुमति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने संबंधी कार्यवाही भी की जा सकती है।

### मारपीट का आरोपी दबोचा

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने बिधौरापुर मजरे इरादतपुर चतुर्भुज गांव निवासी छोटेलाल पुत्र जगतपाल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया है।

### धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर पुलिस ने चकइटौली निवासी कृष्णकांत अग्निहोत्री पुत्र राममूरत के खिलाफ धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी नितिन और उसका साथी रोहित बाइक से मंगलवार को किसी काम से अमौली खजुहा मार्ग स्थित रोटी चौराहा गए थे। बिंदकी कोतवाली गांव हसोले खेड़ा निवासी अर्जुन पटेल अपनी ससुराल गौरीपुर से लौट कर गांव जा रहा था। तभी रास्ते में दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में अर्जुन पटेल और नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर जनपद के बिलौआ थाना क्षेत्र के जयराशी हनुमान मंदिर निवासी शिव सिंह पुत्र स्व. मेहरबान सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, ठगी समेत कई अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को शहर के पटेल नगर चौराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी।

### 59 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** मंगलवार को चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 59 वाहनों का चालान किया। दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला।

# दुर्घटना में मौत, ग्रामीणों ने ट्रक फूंका

## बेकाबू भीड़ पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

संवाददाता फतेहपुर

● देर रात कल्यानपुर क्षेत्र में हुई घटना, दमकल ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद युवक सड़क पर गिर गया और ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। युवक के मौत बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ रोड जाम कर दिया। पुलिस से धक्का मुक्की के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक में आग दी। पुलिस ने बल का प्रयोग कर भीड़ को हटाया। इसक बाद फायर ब्रिगेंड की टीम ने आग पर काबू पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पुल के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार सत्यम (24) उर्फ सिद्धार्थ को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक से सड़क पर सत्यम गिर गया और ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की, तो पुलिस से ग्रामीणों की धक्का-मुक्की के साथ नोकझोंक हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं हादसे की सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे, जहां शव देख कोहराम मच गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मां की मौत, पुत्र बाल-बाल बचा

संवाददाता गाजीपुर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेटे के साथ बांदा जनपद से रिश्तेदारी में शहर जा रही एक अधेड़ महिला मंगलवार दोपहर में हादसे का शिकार हो गई। गाजीपुर के देवलान गांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर बांदा से पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।



मृतका।

बांदा जनपद के मसखरखेरवा निवासी तारावती (50) मंगलवार दोपहर में अपने बेटे श्यामू के साथ बाइक से शहर के देवीगंज स्थित अपनी बुआ के घर जा रही थी। जैसे ही बाइक सवार देवलान गांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा होता देख स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी।

कुछ ही देर बाद हादसे की जानकारी पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल तारावती को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में उसका बेटा बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## तमंचा के साथ दबोचा

**फतेहपुर।** हुसेनगंज पुलिस ने मंगलवार को चितिसापुर नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान रारा मजरे अहेवा निवासी धनंजय सिंह पुत्र गिरजेश के रूप में बताई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी पर जनपद के विभिन्न थानों समेत लखनऊ, रायबरेली जनपद में भी मामले में दर्ज हैं। इसी तरह हुसेनगंज पुलिस ने अभैया लक्षमनपुर निवासी शिवअधार यादव को तमंचा के साथ पकड़ा है।

**दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार: फतेहपुर।** खागा पुलिस ने बहलोलपुर ऐलई गांव के रहने वाले प्रशांत बाजपेयी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# वोट किसी और ने डाल दिया तो भी कर सकेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● ऐसे मतदाताओं के लिए अपनाई जाएगी टेंडर वोट प्रक्रिया

● चुनाव प्रशिक्षण में कार्मिकों को दी जा चुकी है जानकारी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में यदि किसी मतदाता का वोट कोई दूसरा व्यक्ति डाल गया है तो भी वह मतपत्र के माध्यम से अपना मत डाल सकेगा। इसके लिए टेंडर वोट प्रक्रिया अपनाई जाएगी और मतपत्र से डाले गए वोट को अलग से रखा जाएगा।

चुनाव के दौरान कई बार ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि किसी मतदाता का वोट कोई दूसरा व्यक्ति डाल देता है। ऐसे में असली मतदाता को इसकी जानकारी तब होती है, जब वह पोलिंग बूथ पर पहुंचता है। इसको लेकर चुनाव आयोग द्वारा टेंडर वोट की व्यवस्था की गई है। इसके तहत यदि कोई मतदाता पोलिंग बूथ पर पहुंचता है और उसका मत पहले ही पड़ चुका है तो वह इस बारे में मतदान अधिकारी प्रथम को अवगत कराएगा तो इसकी पुष्टि करने के बाद संबंधित मतदाता का वोट ईवीएम के माध्यम से नहीं डलवाया जाएगा। उसको लेकर टेंडर वोट की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके तहत पीठासीन अधिकारी को अलग से जारी की गई मतपत्र की गड्डी के पीछे से क्रमानुसार मतपत्र जारी किया जाएगा तथा 17बी प्रपत्र पर उसका विवरण हस्ताक्षर देकर एरोक्रॉस रबर मोहर से मतदान कराया जाएगा। इसे अलग से निविदत्त मतपत्र विषयक लिफाफे में रखेगा तथा 17ए रजिस्टर में उल्लेख करते हुए 17सी प्रपत्र में भी उसका उल्लेख किया जाएगा।

## दहेज के लिए पीटा

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के कुम्हारन डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में दहेज को लेकर नवविवाहिता से मारपीट की गई। सूचना पर पहुंचे महिला के परिजनों को भी पीट कर घायल कर दिया गया। पति व सास की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने पुलिस में गई।

किशनपुर थाना क्षेत्र नरौली मजरे गढ़ा गांव निवासी गनेश ने अपनी पुत्री चितरेखा की शादी एक साल भर पहले कुम्हार डेरा गांव निवासी बीरवल के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद से ही नवविवाहिता के ससुरालियों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार नवविवाहिता के साथ मारपीट की गई लेकिन नवविवाहिता सब कुछ सहन करती गई। हाल ही में कुछ दिन पूर्व महिला के साथ मारपीट की गई थी जिसकी सूचना पर मायके पक्ष से लोग पहुंचे थे। जिस पर गांव में पंचायत कर मामले में सुलह समझौता करा दिया गया था।

# बच्चों के जरिए अभिभावकों को दिया जा रहा मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भी स्वीप कार्यक्रम के तहत एक कालेज में जागरुकता अभियान चलाया गया। बच्चों के माध्यम से अभिभावकों तक मतदान करने का संदेश दिया गया। वहीं स्कूली वाहनों में मतदान को लेकर स्टीकर भी चस्पा किए गए।

वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, इसी भावना के साथ जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के निर्देश पर स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने शहर के सरस्वती बाल मन्दिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां विद्यालय में बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया गया। वहीं सभी नागरिकों, वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए भी अपील की गई। वहीं मौजूद लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। उसके बाद स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ अभियान के तहत प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने विद्यालय की सभी बसों में स्टीकर्स लगाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवबाबू शुक्ल, अध्यापक विनोद कुमार, लवकुश, विनय, श्याम, सितांशु समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने मतदान का दिया संदेश।

**नए मतदाताओं की आवाज** — प्रत्याशियों के भाग्यविधाता बनेंगे युवा मतदाता, पार्टियां डाल रहीं डोरे

# युवाओं में जोश, विकास कराने वाला होगा अपना सांसद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में यंगिस्तान भी अपना अहम स्थान रखता है। सियासी दल युवा मतदाताओं पर डोरे डालकर अपने पाले में खींचने का प्रयास कर रहे हैं। युवा वर्ग का मजबूत वोट बैंक चुनाव में किसी की भी किस्मत संवार और बिगाड़ सकता है। वहीं युवा वर्ग का कहना है कि अपना सांसद जिले में चहुंओर विकास कराने वाला होना चाहिए।

सियासी दलों द्वारा जिस तरह से अपने चुनावी अभियान में युवा मतदाताओं पर जोर दिया जा रहा है उससे यही लग रहा है कि वह किस तरह से युवाओं के वोट हासिल करने को परेशान हो रहे हैं। अपने जनपद की ही छह विधान सभा क्षेत्रों में युवा मतदाताओं के आंकड़ों पर गौर करें तो इस बार ही 23000 नए युवा मतदाता सूची में दर्ज हुए हैं। पहले से दर्ज मतदाताओं का करीब 50 फीसदी इनकी संख्या है। लोकसभा चुनाव का मतदान 20 मई को है। अब इसमें समय भी ज्यादा नहीं रह गया है।

शेष बचे दिनों में सियासी दलों की ओर से युवा वोटरों को अपने अपने पाले में खींचने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। क्योंकि यही युवा मतदाता चुनाव की तकदीर लिखने का माद्दा रखते हैं। चुनावी महासमर में राजनीतिक दल जिस तरह से गली, मोहल्लों में दस्तक देकर अपने वोट बैंक को मजबूत कर रहे हैं, उसमें युवा मतदाताओं को हर तरीके से जोड़ने का काम किया जा रहा है। चुनावी अभियान में जो टीमें लगी हैं उनमें भी युवाओं के साथ ही पूरा माहौल केंद्रित किया जा रहा है। वहीं युव मतदाताओं का मानना है कि मतदान तो अवश्य करेंगे लेकिन सोंच समझ कर। अपना सांसद जिले का विकास कराने वाला होना चाहिए।



### 18 से 39 आयु वर्ग के मतदाता महत्वपूर्ण

चुनाव में 18 से 39 आयु वर्ग के जो मतदाता हैं उनकी भूमिका खासी अहम मानी जाती है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 19 लाख 35 हजार से अधिक मतदाता हैं। युवा मतदाताओं पर अपनी पकड़ बनाने को सभी सियासी दल पूरी तौर से जोर आजमाइश में लगे हैं। बूथ लेबल स्तर पर सियासी दल रणनीति बनाने में जुटे हैं जिससे कि युवा वोटरों का अधिक से अधिक वोट हासिल किया जा सके।

### क्या बाले युवा मतदाता



पहली बार मतदान करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए उत्साहित भी हैं। जो प्रत्याशी युवाओं को रोजगार एवं जिले का विकास कराने की समझ रखने वाले प्रत्याशी को ही वोट की चोट करेंगे।

**-आशुतोष महराज, भैरमपुर-मंडासराय**



चुनाव जीतने के बाद अक्सर देखने को मिलता है कि विकास नहीं कराया जाता है। जिससे खासकर गांवों में समस्याओं का अम्बार रहता है। इस बार सोंच समझ कर अच्छे प्रत्याशी को तवज्जो दी जाएगी।

**-उमाशंकर तिवारी, भैरमपुर**



मतदाता सूची में नाम दर्ज हो चुका है। 20 मई का इंतजार है। अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छा सांसद बनाने की चाहत है। सुबह सवेरे सबसे पहले मतदान करेंगे।

**-अनुज मिश्रा, असोथर**



किस प्रत्याशी को मत देंगे, इसके लिए विचार कर रहे हैं। जो युवाओं को रोजगार देने एवं विकास कराने का पक्का वादा करेंगे, उन्हें ही मतदान करेंगे।

**-श्रीश यादव, गाजीपुर**

## खेत में काम कर रहे किसान को घेरकर पीटा

**जाफरगंज।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के मांझे पुरवा में सोमवार रात खेत का समतलीकरण करा रहे किसान केशकर बाबू पुत्र गोरे लाल पटेल को गांव के ही कुछ लोगों ने गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर किसान को लाठी डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित केशकर बाबू ने बताया ने सोमवार की रात को खेत में उसे गांव के चार लोगों ने घेर लिया और बिना कारण के गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उस पर लाठी डंडा व बांका से हमला कर दिया। पीड़ित को धमकाते हुए जमकर मारपीट की। इस दौरान वह वहां से किसी तरह से जान बचाकर भाग निकला। हमलावरों ने समतलीकरण का काम कर रहे ट्रैक्टर चालक को भी धमका कर वहां से भगा दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# जिला टॉप न कर पाने से आहत हाईस्कूल की छात्रा ने दी जान

## हाईस्कूल में एक नंबर कम होने से नहीं बन सकी थी टॉपर

संवाददाता, जाफरगंज-फतेहपुर



- छात्रा ने हासिल किए थे 95.3 फीसदी अंक

**अमृत विचार।** एक नंबर कम आने से जिला टॉप करने से वंचित रह गई हाईस्कूल की एक छात्रा ने सोमवार की रात फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह हुई जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। हालांकि परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी है।

थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी योगेंद्र सिंह की पुत्री साक्षी देवी (16) दसवीं कक्षा की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि साक्षी कृष्णा इंटर कॉलेज फिरोजपुर में पढ़ती थी। इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 95.3 फीसदी अंक से वह उत्तीर्ण हुई। बताया कि एक अंक से जिला टॉप बनने से वंचित रह गई थी। छात्रा पढ़ने में होनहार थी। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर विद्यालय में सम्मानित हुई थी। टाप न कर पाने से छात्रा गुमशुम रहती थी। सोमवार रात बगल में बने पशुबाड़े में खड़े नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब मां पहुंची तो बेटी को फंदे पर लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रो-रो कर बेहाल थे। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में परिजनों की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है ।

## सड़क हादसे में जीजा-साले घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जीजा-साले घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बांदा जनपद के बिसंडा निवासी रामसेवक का पुत्र शिवशंकर अपने साले मलखान पुत्र मइयादीन निवासी सरसौल जनपद कानपुर के यहां गया था। बताया जाता है कि दोनों बाइक से वापस जा रहे थे। जैसे ही यह लोग थाना क्षेत्र के हाईवे पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# किसान आत्महत्या को हो रहे मजबूर : अविनाश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



मीडिया से मुखातिब कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय।

- जिला मुख्यालय आए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय
- मीडिया के समक्ष भाजपा सरकारों पर जमकर साधा निशाना

**अमृत विचार।** अच्छे दिन की राह देख रहा किसान आत्महत्या को मजबूर है। युवा रोजगार के लिए परेशान है। लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी व भाजपा को अपनी हार दिखाई देने लगी है। यह बातें मंगलवार को मुख्यालय में कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक लेने आए कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी लोकसभा चुनाव अविनाश पांडेय ने मीडिया के समक्ष कही।

शहर के तहसील रोड स्थित सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में मीडिया के समक्ष उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में मंहगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। दूसरों को रोजगार देने वाला व्यक्ति खुद बेरोजगार हो गया है। अच्छे दिन की राह देखने वाला किसान आत्महत्या को मजबूर है। लोगों के पास खर्च करने की ताकत घटी है। रुपये की कीमत पचास पैसे के बराबर बची है। मंहगाई से जनता हलकान है। कहा कि अमेठी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आम जनता से दुर्व्यवहार किये जाने की घटना की वह निंदा करते हैं। अमेठी की जनता इसका जवाब चुनाव में मतदान के समय देगी। एक सवाल के जवाब पर कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 10 हज़ार से अधिक दूरी की यात्रा कर लोगों से मिले हैं। वह भी कांग्रेस का न्याय संकल्प पत्र लेकर घर घर जाकर लोगो से मिलेंगे। भाजपा के खिलाफ बोलते हुए कहा कि मोदी व गृहमंत्री ने लोगों से दो करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने व 15 लाख देने का जो वादा किया था उसका क्या हुआ। कहा कि कांग्रेस पार्टी संघर्ष से कभी पीछे नही रहती। सपा से गठबंधन के सवाल पर कहा कि लोकतंत्र मज़बूत करना व संविधान बचाना उनका मकसद है। सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने एवं विपक्षी दलों को डराने का कार्य कर रही है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी को अपनी हार दिखाई दे रही है। चुनाव में इंडिया गठबंधन जीत हासिल कर सरकार बनाने का काम करेगा। इस मौक़े पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी मो. आरिफ गुड्डा, सपा नगर अध्यक्ष तनवीर हैदर, सपा जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, राजन तिवारी, अंशु तिवारी, शेख एजाज़ अहमद आदि मौजूद रहे।

# पुरवइया हवा के चलने से बढ़ी उमस, लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



राहत पाने के लिए बेल का शर्बत पीते लोग। अमृत विचार

- आसमान में सुबह बादल आने पर भी लोगों को राहत नहीं
- शहर में मंगलवार को गर्मी के रौद्र रूप से लोग बेहाल दिखे

**अमृत विचार।** गर्मी अब रौद्र रूप दिखाने लगी है। एक दिन पूर्व सोमवार को सूरज ढलने के बाद भी उसकी आंच बरकरार रही। शाम छह बजे के बाद भी पछुवा हवा के गर्म थपेड़े चेहरे को झुलसा रहे थे। पुरवा हवा के कारण उमस बढ़ गई है। इससे लोगों को बेचैनी महसूस हुई। हालांकि मंगलवार को सुबह से एक बार फिर मौसम ने करवट ली और बादलों के साथ चली हवा में नमी रही। जिससे सुबह लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिनभर पछुआ हवा चलती रही। लू से लोग परेशान रहे। रात में अचानक हवा का रुख बदल गया। वातावरण में पछुआ की जगह पुरवा हवा ने ले ली। इससे उमस बढ़ गई। मंगलवार सुबह से ही बादल नजर आए और हवा में कुछ नहीं रही। दिन चढ़ते ही सूरज की तल्खी बढ़ती गई। दोपहर 12 बजते-बजते धूप तेज हो गई। सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बाहर ऐसा लगा कि मानो आसमान से आग बरस रही हो। पछुआ हवा चलने के कारण लू का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं था। तापमान भी मंगलवार 42 डिग्री पर पहुंच गया। पछुआ हवा चलने के कारण वातावरण में उमस बढ़ गई। धूप इस कदर थी कि दोपहर एक बजे तक शहर के मुख्य बाजारों एवं चौराहों में सन्नाटा पसरा रहा। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे थे। ग्रामीण इलाकों से काम के लिए शहर में आए लोग प्यास से बेहाल नजर आए।

### हवा के रुख बदलने पर बढ़ेगा तापमान

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पुरवा हवा का रुख बदलने के बाद फिर तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। पुरवा हवा चलने पर तापमान कम होता है, लेकिन उमस बढ़ जाती है। जिससे लोगों को बेचैनी महसूस होती है। कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि पुरवा के चलते मौसम में उमस बढ़ गई है। आंधी चल सकती है। एक-दो दिन बाद पछुआ हवा चलने पर फिर तापमान तेजी से बढ़ेगा।

### सत्तू, बेल और नींबू पानी से राहत

तेज धूप में बाहर निकले लोग सत्तू, बेल के शर्बत और नींबू पानी पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह गन्ना का जूस और बेल का शर्बत पीने वालों की संख्या भी खूब रही। गर्मी तेज होने के बाद नींबू की मांग भी काफी ज्यादा बढ़ गई है।

### प्याऊ की व्यवस्था नहीं

गर्मी चरम पर पहुंच गई है। बाहर आने-जाने वाले लोग गला तर करने के लिए दुकानों से पानी के पाउच और बोतलें खरीद रहे हैं, लेकिन पालिका ने नगर में एक भी जगह पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की है। इससे लोगों को खासी दिक्कत हो रही है।

### हैंडपंप खराब, पानी को तरस रहे राहगीर

गर्मी अपने शबाब पर पहुंच रही है। पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में नगर के मेन बाजारों में कई जगहों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। इससे राहगीरों के साथ दुकानदारों को भी जद्दोजहद करनी पड़ती है।

### गड्ढों में भरे पानी से प्यास बुझा रहे मवेशी

गर्मी दिनोंदिन बढ़ रही है, पर प्रशासन ने अब तक गांव क्षेत्रों में तालाब और पोखरों को भरने के इंतजाम नहीं कराए हैं। कई ऐसे गांव हैं, जहां पर सूखे तालाब और पोखरों में पानी भी न होने से पशु पक्षियों को भीषण गर्मी ने बेहाल कर दिया है।

# 'सरकारी तंत्र का हो रहा दुरुपयोग'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



महिला इकाई की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमैया राना का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

- कहा, गंगा-जमुनी तहजीब व समाजवाद से चलेगा देश
- एक दिवसीय जिला भ्रमण में आईं सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महिला इकाई की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमैया राना मंगलवार को एक दिवसीय भ्रमण पर जिले आईं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके लोगों को वोट देने से रोका जा रहा है। जिसे निर्वाचन आयोग को संज्ञान में लेना चाहिए।

सपा पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता का जिला महासचिव चौधरी मंजर यार के नेतृत्व में सपाईयों ने बुके भेंटकर जोरदार स्वागत किया। मीडिया के समक्ष उन्होंने कहा कि भारत देश में विभिन्न जाति, सम्प्रदाय व धर्मों के लोग निवास करते हैं। जिनमें आपसी भाईचारा कायम है। यह देश गंगा-जमुनी तहजीब व समाजवाद से ही चलेगा। कोई भी व्यक्ति इस देश को तोड़ नहीं सकता है। लोकसभा चुनाव में कई जनपदों में सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके लोगों को वोट डालने से रोका जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्वाचन आयोग इसका संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करे। कहा कि लोकसभा चुनाव में कई स्थानों पर मतदान को बाधित करने की खबरें आ रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के लोग सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके धर्म विशेष के लोगों को वोट डालने से रोक रहे हैं। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि यह देश भाईचारे के लिए जाना जाता है। नफरत की चिंगारी को भड़कने नहीं दिया जाएगा। यह देश गंगा-जमुनी तहजीब व समाजवाद से ही चलेगा। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष संगीता राज पासी, नफीस उद्दीन, समीर कुरैशी, मो. अय्यूब खान, रेखा सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

# अखिल बने हेड ब्वाय तो अदिति हेड गर्ल बनीं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




बैच व स्कार्फ लगाए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- महर्षि विद्यालय में छात्र परिषद का हुआ गठन
- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**अमृत विचार।** सीबीएई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को छात्र परिषद का गठन किया गया। उसके बाद सभी पदाधिकारियों को कर्तव्य के प्रति निभाए जाने वाले दायित्वों को बताया गया।

नये सत्र के लिए छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बैच व स्कार्फ लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही उन्हें विद्यालय की शैक्षणिक सांस्कृतिक खेलकूद आदि गतिविधियों को अनुशासित एवं सफलता पूर्वक संचालित करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में अखिल प्रताप सिंह कक्षा 12 को हेड ब्वाय, अदिति सिंह कक्षा 12 को हेड गर्ल, अभय प्रताप सिंह कक्षा 12 को-प्रेसिडेंट, महिमा गुप्ता कक्षा 12 को वाइस प्रेसिडेंट, उन्नति सिंह कक्षा 11 को ईको क्लब सेक्रेटरी, श्रेयसी मिश्रा कक्षा 12 को कल्चरल सेक्रेटरी, आस्था लोधी कक्षा 12 को आर्ट और क्राफ्ट सेक्रेटरी, तान्या तिवारी कक्षा 12 को साहित्यिक सचिव, श्रेयांश सिंह कक्षा 12 को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा पुष्पमान सिंह कक्षा 11 को पराशर कैप्टन, देवाशं सिंह कक्षा 11 को वशिष्ठ हाउस कैप्टन, अभिलाषा सिंह कक्षा 11 को नारायण हाउस कैप्टन और सुमित पटेल कक्षा 12 को व्यास हाउस कैप्टन प्रीफेक्ट के रूप में दीक्षा गुप्ता और अनु पटेल कक्षा 12 तथा पीस वॉलिण्टयर्स के रूप में भामिनी गौतम कक्षा 12 और ऐश्वी कक्षा 12 वंशिका त्रिपाठी कक्षा 11, शिखा कक्षा 12 आदि को चयनित किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहाकि सभी चयनित पदाधिकारी मनोयोग से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। विद्यार्थी जीवन में मिले अवसर छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। खेल भावना के साथ सभी आगे बढ़ें। मुख्य अतिथि प्रज्ञा पिता ब्रम्हा कुमारी की बहनें थीं।

### मेधाओं को किया गया पुरस्कृत

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले महर्षि नेशनल ओलम्पियॉड में अपना स्थान बनाने वाले छात्र अक्षत तिवारी, आयूष तिवारी, मो. रियान वेद प्रताप सिंह, आशुतोष अवस्थी, हेरम्ब तिवारी, सार्थक सिंह व ईशान वर्मा को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# राहगीरों को गर्मी में दिए अंगौछे



राहगीरों को शर्बत पिलाते पदाधिकारी।

**खागा फतेहपुर।** भीषण गर्मी से बचने के लिए मंगलवार को समाजसेवी आगे आए और राहगीरों को गमछे वितरित करते हुए उन्हें मीठा खिलाकर ठंडा पानी पिलाया। राहगीरों ने धन्यवाद दिया।

तेजी से बढ़ रहे गर्मी के प्रकोप से जहां आम जनमानस परेशान हैं तो परिवार के साथ सफर कर छोटे बच्चों का हाल बेहाल है। गर्मी को देखते हुए मित्र किसान सेवा केंद्र में राहगीरों के लिए शुद्ध ठंडा पेयजल व अन्य समाग्री की व्यापक व्यवस्था करके सराहनीय कार्य किया है। केन्द्र संचालक मारूफ सिद्दीकी, व समाजसेवी वरीद कुमार मिश्रा, ने तपिश भरी गर्मी को देखते हुए क्षेत्रीय राहगीरों एवं दूर दराज सफर करने वाले लोगों के लिए मंगलवार को मार्ग किनारे स्टॉल लगाकर ठंडा पानी, कोलड्रिंक, साथ में चॉकलेट खिलाकर लोगों को राहत प्रदान की है।

वहीं बुजुर्गो के लिए गमछा देकर उन्हें लू से बचने को कहा गया। इस सराहनीय कार्य के लिए लोगों ने मित्र किसान सेवा संचालक व समाजसेवी की प्रशंसा कर रहें है। वहीं मारूफ सिद्दीकी का कहना था एक इंसान होने के नाते यह हम सभी का फर्ज है। किसी प्यासे को पानी पिला देना यह एक पुन्य का काम है लोगों की हर छोटी बड़ी मदद के लिए हर व्यक्ति को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर विकास कुमार मिश्रा, वरीद मिश्रा, अतुल मिश्रा, अतिब सिद्दीकी, इस्तेयाक आलम, महफूज खान, तौसीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ता के घर से पांच लाख की चोरी

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना के कस्बा निवासी महेंद्र उत्तम अधिवक्ता हैं। शहर में रहकर प्रैक्टिस करते हैं। कस्बे स्थित मकान में पत्नी प्रीती उत्तम रहती हैं। सोमवार को प्रीती घर में ताला बंदकर अपने मायके सेलावन कोतवाली बिंदकी चली आई थीं। पीड़ित ने बताया कि रात को मायके में रुककर सुबह घर पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा देख हैरान हो गई। अंदर का नजारा देख हैरान हो गई। अलमारी खुली पड़ी थी। सामान बिखरा हुआ था। अलमारी के अंदर रखी हुई नगदी और जेवर गायब था। लाखों का सामान चोरी हो जाने से वह परेशान हो रोने लगी। पति को फोन से जानकारी दी। पति ने मौके पर पहुंच पुलिस को सूचना दी। भुक्तभोगी महेंद्र उत्तम ने बताया कि अलमारी में रखी 20 हजार की नगदी और सोने चांदी का करीब का पांच लाख का सामान चोरी हुआ है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध द्विवेदी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध कैद हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जल्द शातिरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### एक पखवाड़े में छह को पड़ा हार्टअटैक, तीन की मौत

**औंग फतेहपुर।** पिछले एक पखवारे में स्थानीय कस्बे में करीब छह लोगों को हार्टअटैक की समस्या सामने आई है। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। दो लोगों का अस्पताल में एक का घर में ही उपचार चल रहा है। अचानक हुई मौतों के बाद से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कस्बे के बाद बीरेंद्र पटेल पुत्र छेद्दू हार्टअटैक आया था। जिन्हें परिजनों ने लखनऊ पीजीआई में भर्ती कराया गया, जिनकी सोमवार को मौत हो गई। इससे पूर्व कस्बे के पन्नालाल रावत, शीलू रावत को अचानक सीने में दर्द हुआ और उनकी भी मौत हो गई। इसी दौरान कस्बे के उपेन्द्र पटेल की पत्नी व स्व. रामनारायण फौजी की पत्नी भी हार्टअटैक की चपेट में आने से लखनऊ में उपचार हो रहा है, जहां पर उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एक दिन पूर्व कस्बे के दलित बस्ती से एक युवक को भी सीने में दर्द उठा, जो चलने फिरने में असमर्थ हो गया है। यह सभी घटनाओं के बाद से कस्बे के लोगों में चचार्च का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पेट दर्द, उल्टी, सरदर्द के बाद इस तरह के शुरुआती लक्षण बताए जा रहे हैं। जिसकी अभी तक स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

### 31 तक कर सकेंगे इम्प्रूवमेंट व कम्पार्टमेंट के लिए आवेदन

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब परिषद की हाईस्कूल, इंटर इम्प्रूवमेंट और कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू भी हो गए हैं। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई की रात 12 बजे तक वेबसाइट www.upmsp.edu.in पर आवेदन कर सकते हैं। हाईस्कूल में जिन अभ्यर्थियों का इम्प्रूवमेंट लगा है वह अनुत्तीर्ण एक विषय और जिन अभ्यर्थियों का कम्पार्टमेंट आया है वह अनुत्तीर्ण दो में से केवल एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये निर्धारित है। बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक और वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय, कृषि भाग एक व दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र और व्यवसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए मान्य हैं। इसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपये निर्धारित है। वहीं हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यांकन) एवं इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनों भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। किसी विषय के दोनों में से किसी एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल अपने अनुत्तीर्ण भाग में अथवा यदि चाहे तो अनुत्तीर्ण एवं उत्तीर्ण दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इनकी लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियों की सूचना बाद में दी जाएगी। बता दें जो छात्र-छात्रा अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होते हैं, उन्हें बोर्ड द्वारा मौका दिया जाता है।

### दो दिवसीय मेले का समापन

**थरियांव।** क्षेत्र के मलाव गांव के बाहर बने भगवान श्री पहलवान बाबा मंदिर धाम में कई वर्षों से मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी मेले का आयोजन हुआ। जिसमें गांव के सभी भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पहलवान बाबा मंदिर धाम में छह मई और सात मई को हर वर्ष मेला का आयोजन होता है। इस मेले में दूर-दूर के दुकानदार अपनी दुकान लगाने आए। मंगलवार को मेले का समापन किया गया।

### इलाज के दौरान घायल की मौत

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मिश्रामऊ गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र होरीलाल एक मई को कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गया था। बताया कि किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जहां उसकी सांसें थम गईं।

**प्रचार बेलगाम** | निगरानी के लिए टीमें गठित लेकिन कोई लेखाजोखा नहीं

# बिना हिसाब-किताब हो रहा प्रचार

संवाददाता फतेहपुर



- खुलेआम कारों से बांटी जा रही प्रचार सामग्री

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में बिना हिसाब-किताब के ही रात-दिन प्रचार हो रहा है। निगरानी के लिए टीम गठित है, लेकिन किसी के पास कोई लेखा-जोखा नहीं है। वाहनों से खुलेआम लोग घूम रहे हैं, प्रचार कर रहे हैं और प्रचार सामग्री भी बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव खर्च में शामिल नहीं हो रहा है। निगरानी टीम की सुस्ती का पूरा फायदा राजनीतिक दल उठा रहे हैं।

नामांकन के साथ ही राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। गांव-गांव भ्रमण करके मतदाताओं से प्रत्याशी व उनके पदाधिकारी मिल रहे हैं। गांवों को रात-दिन मथा जा रहा है। एक दल के लोग गांव से निकलते हैं तो दूसरे दल के लोग पहुंच जा रहे हैं। इस दौरान चार पहिया वाहन से आए लोग वोट बैंक साधने की तो कोशिश करते ही हैं, साथ ही प्रचार सामग्री भी वितरित करते हैं। बताया जा रहा है कि यह आयोग के मानकों से परे हटकर प्रचार हो रहा है। बिना हिसाब किताब के ही लगातार बैठकों का दौर जारी है।

कोई भी राजनीतिक दल इसमें पीछे नहीं है। रोजाना राजनीतिक दलों की अलग-अलग जगहों पर आठ से दस बैठकें हो रही हैं। नुक्कड़ सभा अलग से हो रही है, लेकिन निगरानी टीम इन आयोजनों से पूरी तरह बेखबर है। निगरानी टीम का सारा फोकस प्रत्याशी पर होता है।

### वोट पक्ष में करने को उतरे बिरादरी के नेता

चुनाव जैसे-जैसे जोर पकड़ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों ने अपने दांव खेलने शुरू कर दिए हैं। अब राजनीतिक दलों ने बिरादरी के नेताओं को वोटरों को साधने की जिम्मेदारी सौंप दी है। बिरादरी के नेता अपने परिचितों से सीधे मिल रहे हैं। अपने नेता को वोट दिलाने के लिए उसकी अच्छाई बता रहे हैं, साथ ही यह भी दावा कर रहे हैं कि यदि कभी जरूरत पड़ी तो वह उनके साथ रहेंगे। यही हाल अन्य दलों का भी है।

### समितियों और संगठनों को भी सौंपी गई जिम्मेदारी

राजनीतिक दलों ने चुनाव जीतने की हर संभव कोशिश शुरू कर दी है। समितियों व संगठनों के पदाधिकारियों पर भी डोरे डाले जा रहे हैं। उनके साथ लगातार बैठक की जा रही है। समितियों व संगठनों के सदस्यों को रिझाने की पूरी कोशिश की जा रही है। संगठन के पदाधिकारी चुनाव के समय पूरी तरह से सक्रिय भी हो चुके हैं।

# कोई बचा रहा साख तो कोई पैठ बनाने में लगा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इस चुनाव में कुछ नेता अपनी साख बचाने तो कुछ अपनी पैठ बनाने में लगे हुए हैं। दल बदलने के बाद तमाम नेता बूथों पर वोट प्रतिशत बढ़ा कर अपनी साख बचाने कवायद कर रहे हैं। वहीं कुछ नेता नेताओं के बीच अपनी पैठ बढ़ाने के लिए चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं।

जिले में मतदान के करीब 12 दिन ही शेष हैं। 20 मई को होने वाले मतदान से पूर्व नेताओं को अपनी साख बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करते देखा जा रहा है। कई दलीय पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने दल भी बदल लिए हैं। अब चुनावी मैदान में किसमें कितना है दम, यह साबित हो जाएगा। इसलिए अपनी साख बचाने के लिए तमाम नेताओं को चुनाव प्रचार में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसे में नेता सुबह होते ही चुनाव प्रचार में निकल पड़ते हैं। कड़ी धूप में पसीना बहाकर अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं।

लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजने के बाद तमाम नेताओं ने दल बदल करके अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की है। इन नेताओं के गृह क्षेत्र के अपने बूथों को मजबूत करके ताकत दिखाना उनकी मजबूरी बनी हुई है। हालांकि दल बदलने के बाद दूसरी पार्टी में क्या गुल खिलाएंगे, यह तो समय ही बताएगा। यदि इनके बूथों की हालत पहले जैसी ही रहते हैं, तो यह नेता कमजोर पड़ जाएंगे।

### कुछ नेता फोटो खिंचवाने तक सीमित

चुनाव प्रचार के दरमियान ऐसा भी देखा जा रहा है कि बढ़ते तापमान के बीच तमाम नेता चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। लेकिन प्रत्याशी व बड़े नेताओं के आने पर मंच पर अपनी फोटो खिंचवाने के लिए नजर आ जाते हैं। बड़े नेताओं के साथ फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल करके इस तरह के नेता जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ साबित कर रहे हैं।

# आचार संहिता का हुआ उल्लंघन बिना अनुमति डांस

**फतेहपुर।** हथगाम क्षेत्र के एक गांव में ग्राम प्रधान ने बिना परमिशन के बार बालाओं का डांस कराया और डांसर के ऊपर खूब रुपये की बौछार किया। गांव के किसी व्यक्त ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वारयल कर दिया। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कहा कि ग्राम प्रधान के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होगा।

जनपद में लगातार आचार संहिता का उल्लघंन किया जा रहा। सोशल मीडिया में बार बालाओं के साथ युवाओं का डांस करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। जब इस वायरल वीडियो की जानकारी किया गया तो मालूम पड़ा की यह वीडियो जिले के हथगाम थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा गांव का जहां गांव के रहने वाले ग्राम प्रधान हरिश्रंदर के द्वारा बार बालाओं का डांस कराया गया। बार बालाओं के डांस के दौरान पैसा भी लुटाया जा रहा।

# स्कूलों को कमीशन का लालच बिकतीं निजी प्रकाशन की किताबें

## भारतीय किसान यूनियन (बलराज) ने एसडीएम छिबरामऊ से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम कार्यालय की ओर से एडीएम ने डीआईओएस को दिए थे जांच के आदेश

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह ने 18 अप्रैल को तहसील छिबरामऊ में डीएम व एसडीएम को संबोधित ज्ञापन दिया था। इसमें आरोप लगाया कि सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध प्राइवेट स्कूलों की ओर से कमीशन के लालच में निजी प्रकाशन की किताबें बिक्री की जातीं हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं से मनमानी फीस वसूली जाती है। इसके बाद ही विद्यालयों की जांच शुरू हुई है। ऐसा डीआईओएस कार्यालय का तर्क है।

जिलाध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि किसानों के बच्चे विद्यालयों में पढ़ते हैं। एलकेजी से लेकर इंटरमीडिएट तक की किताबें 3500 से लेकर 15 हजार रुपये तक निर्धारित हैं। यह पुस्तकें कुछ निर्धारित दुकानों से कमीशन के लालच में बिकवाई जातीं हैं।


अमृत विचार में 20 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

निजी स्कूल संचालक शिक्षा का व्यापार कर रहे हैं। यह गैरकानूनी है। इसकी जांच कराई जाए। जिलाध्यक्ष ने स्कूलों की सूची भी अधिकारियों को दी। उसके बाद एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने 19 अप्रैल को डीआईओएस व बीएसए को पत्र लिखकर चौधरी प्रताप सिंह की चिट्ठी का जिक्र किया। कहा, हर साल प्रवेश के नाम पर रुपये वसूलने, किताबों, यूनिफार्म व पंजीकरण के नाम पर मासिक फीस बढ़ोत्तरी की जा रही है। इस पर वैधानिक कार्रवाई की जाए। इसी के साथ 20 अप्रैल को एडीएम आशीष सिंह ने डीएम कार्यालय की ओर से डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह को पत्र लिखकर कहा कि भारतीय किसान यूनियन बलराज ने निजी प्रकाशन की किताबों की बिक्री करने व मनमानी फीस वसूलने का ज्ञापन छिबरामऊ एसडीएम को दिया है जो उनके कार्यालय में आ गया है। इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### एडीएम, एसडीएम के पत्र के बाद गठित हुई कमेटी

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने 24 अप्रैल को छिबरामऊ एसडीएम व डीएम कार्यालय के पत्र का हवाला देते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित की। बताया गया है कि कमेटी में राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव व राजकीय हाईस्कूल गुगरापुर की प्रधानाध्यापक पूनम पाल को शामिल किया गया। डीआईओएस ने विद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट व प्रपत्र तलब किए। उसके बाद कई प्राइवेट विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान खामियां मिलीं। प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों के अलावा मान्यता में भी खेल मिला। नोटिस जारी होने के बाद खलबली मच गई।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**गुरसहायगंज।** हरियाणा के गुड़गांव में डीसीएम व डंपर की टक्कर में डीसीएम चालक की मौत हो गई। सोमवार की देर रात चालक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

तालग्राम के ग्राम निकवा निवासी अशोक कुमार का पुत्र शिवम सिंह उर्फ शिवा (28) हरियाणा के गुड़गांव स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में बीते दो वर्षों से डीसीएम चलाने का कार्य करता था। रविवार की रात हरियाणा गुड़गांव के राजीव चौक के पास डीसीएम व डंपर की आमने-सामने भिडंत हो गई थी। इस में डीसीएम चालक शिवम उर्फ शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उस की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर गुड़गांव पहुंचे परिजन सोमवार की देर रात शव लेकर घर आए। शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि मृतक बड़े भाई मनोज कुमार व राजीव कुमार से छोटा था। वह अविवाहित था। मां शांति देवी व पिता अशोक कुमार पुत्र की मौत से स्तब्ध है।

## वाहन की टक्कर से ठेकेदार की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अज्ञात वाहन की टक्कर से शटरिंग ठेकेदार की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मामले की जांच पुलिस ने शुरू की है।

कानपुर जनपद के थाना शिवराजपुर के गांव कुवरपुर ककरी निवासी राजेश कटियार(50) पुत्र राम सनेही शटरिंग लगाने का का काम करता था। सोमवार की देर शाम 8:30 बजे के करीब वह शराब खरीद कर नेरा गांव अपनी बहन के यहां जा रहा था। जैसे ही वह मानीमऊ क्रासिंग से नेरा गांव जाने के लिये जीटी रोड पार कर रहा था। उसी समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी के डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के समय वह अज्ञात में दर्ज किया गया था। बाद में उसके रिश्तेदार नेरा गांव से जिला अस्पताल पहुंच गये। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को मानीमऊ चौकी प्रभारी अमित पोरवाल ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर वाहन की तलाश तेज कर दी है।

### सड़क हादसों में दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर करनौली निवासी अजीत राजपूत का दो वर्षीय बेटा अभि घर के बाहर खेल रहा था। वहीं पास में चालक ट्रैक्टर बैक कर रहा था। अचानक वह ट्रैक्टर ट्राली के पहिये के नीचे आ गया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। वहीं, एक अन्य हादसे में जनपद फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ऊगरपुर सुल्तान पट्टी निवासी विकास सिंह पुत्र राजेश सिंह की बाइक में सौरिख रोड पर कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। विकास को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## तालग्राम के युवक ने दिल्ली में की आत्महत्या

**गुरसहायगंज।** दिल्ली स्थित निजी कंपनी के कॉल सेंटर में नौकरी कर रहे युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

तालग्राम के ग्राम ताहपुर निवासी अशोक बाल्मीकि ने बताया कि उसका पुत्र अमन बाल्मीकि (25) दिल्ली की निजी कंपनी के कॉल सेंटर में नौकरी करता था। रविवार की दोपहर उसकी अमन से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। फोन न लगने पर परिजनों ने दूसरे युवक को अमन की जानकारी के लिए भेजा। जहां उसका शव फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख मच गई। वहीं परिजन दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजन सोमवार की देर रात दिल्ली से शव घर ले आए। परिजनों ने बताया कि अमन की दो माह बाद शादी होनी थी। मृतक तीन भाइयों में बीच का था।

## बोर्ड में फेल परीक्षार्थियों को मिला पास होने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सात मई से शुरू हुए ऑन लाइन आवेदन 31 तारीख तक कर सकेंगे
- हाईस्कूल व इंटर के परीक्षार्थी एक विषय में दे सकेंगे इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के वर्ष 2024 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी अगर फेल हो गए हैं तो पास होने का अंतिम मौका दिया गया है। इच्छुक पात्र परीक्षार्थी इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सात से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन होंगे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक हाईस्कूल में परीक्षार्थी इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए एक विषय में फेल तथा कंपार्टमेंट के तहत परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण दो विषयों में से केवल एक विषय की परीक्षा में शामिल हो सकता है। इसके लिए 256 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी तरह इंटरमीडिएट में मानविकी, वैज्ञानिक व वाणिज्य वर्ग में शामिल परीक्षार्थी किसी एक विषय, कृषि भाग-एक व दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्न पत्र में व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होने के लिए अर्ह हैं। इनको 306 रुपये परीक्षा शुल्क देना होगा। डीआईओएस के अनुसार शुल्क कोषागार में चालान के जरिए जमा होगा। ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी क्षेत्रीय कार्यालय में पंजीकृत डाक से भेजी जाएगी।

## सीडीओ ने की चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा

**कन्नौज।** सीडीओ राम कृपाल चौधरी मतदान कार्मिकों के ट्रेनिंग स्थल से आकर विकास भवन कार्यालय में बैठे थे। वह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर डीसी मनरेगा दयाराम यादव व डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी से चर्चा कर रहे थे। कुछ विभागों के कर्मचारी सीट पर न होकर बेवजह इधर-उधर घूम भी रहे थे। उन्हें भी जनता के कार्यों में कोई दिलचस्पी नहीं थी।

बताया गया है कि उनकी कोई ड्यूटी चुनाव में नहीं लगी है। इससे सरकारी कामकाज पर असर पड़ रहा है। हालांकि ऐसी स्थिति में फरियादियों की संख्या घट गई है। कर्मियों के न मिलने पर उनको भी दिक्कतें होती हैं। जो लोग विकास भवन आते भी है, वे मायूस होकर लौट जाते हैं।

## पति की मौत पर मिले रुपये हड़पकर घर से निकाल दिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ससुरालीजनों ने देवर से करा दी थी शादी, अब दूसरी लड़की से कराया विवाह
- तीन बच्चों को लेकर भटक रही महिला ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**अमृत विचार।** पति की मौत पर महिला को मिले करीब छह लाख रुपये के लालच में उसकी शादी देवर से करा दी। रुपये हड़पने के बाद ससुरालीजनों ने उसे बच्चों समेत घर से निकाल दिया। अब ससुरालीजनों ने उसके देवर (पति) की शादी दूसरी जगह कर दी। वह पूर्व व वर्तमान पतियों से जन्मे तीन बच्चों को लेकर न्याय के लिये भटक रही है। महिला ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जुनैदपुर निवासी लालती पत्नी मदनलाल ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसकी पहली शादी हरिओम पुत्र रामपाल से हुई थी। पति की 2015 में दुर्घटना में मौत हो गई। क्षतिपूर्ति के तहत उसे छह लाख रुपये मिले थे। पति से उसके दो बच्चे हैं। इसके बाद उसकी दूसरी शादी पति के छोटे भाई मदनलाल से वर्ष 2016 में कर दी गई। इससे एक पुत्र है। इसके बाद ससुरालीजनों ने उसे क्षतिपूर्ति के मिले छह लाख रुपये हड़प लेने के बाद दो मई को सुबह सात बजे ससुर रामपाल, सास कमला देवी, पति मदनलाल ने उससे मारपीट की। सभी जेवरात छीन लिये। तीनों बच्चों के साथ पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। कहा कि अब रकम हड़प ली है अब यहां तुम्हारा कोई काम नहीं है। ससुर ने कहा कि उसने अपनी सारी जायजाद की वसीयत शेष दोनों पुत्रों के नाम करदी है। एक माह पहले उस ने मदनलाल की शादी साले की पुत्री से कर दी है। धमकाया कि अब घर लौट कर कभी नहीं आए। नहीं तो इन बच्चों को जान से मार देंगे। मौके पर मौजूद चचिया ससुर भइयालाल व रामजी लाल ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की। तबसे वह बच्चों को लेकर इधर उधर भटक रही है। कोतवाली गुरसहायगंज गई तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। शिकायती पत्र रख कर जांच कराने को कहा गया पर सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथ ससुरालीजनों ने धोखाधड़ी व शारीरिक शोषण किया। एसपी ने पीड़िता की फरियाद सुन कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दीवार में सेंध लगा नकदी और लाखों के जेवर पार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम मक्खनपुर के एक घर में सेंध लगाकर चोर अंदर घुस गए और नगदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह घर में सामान बिखरा तथा दीवार में सुराख देख सभी के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम मक्खनपुर निवासी नेत्रपाल दो वर्षों से बीमार चल रहे हैं। शनिवार को दिल का दौरा पड़ने पर उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें देखने के लिए नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी उनकी बड़ी नातिन तथा सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम टडा निवासी छोटी नातिन आई हुई थी। रविवार की रात सभी लोग घर के बाहर पड़े छप्पर में सो रहे थे। तभी चोरों ने पीछे से दीवार में सेंध लगाकर नगदी सहित लाखों के आभूषण चोरी कर ले गए। इसमें नेत्रपाल दोनों नातिनों के भी जेवर शामिल थे। सुबह किसी ने खेत में पड़ा सामान देखकर परिजनों को सूचित किया। तब परिजनों को घर में चोरी का पता चला। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।


दीवार में लगी सेंध को देखते ग्रामीण।

## कमीशनिंग का काम पूरा, मॉकपोल आज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के लिए ईवीएम और वीवीपैट तैयार
- पांच प्रतिशत ईवीएम में डाले जाएंगे एक-एक हजार वोट, होगी गिनती

**अमृत विचार।** पिछले चार दिन से चल रहा ईवीएम कमीशनिंग का कार्य मंगलवार को पूरा हो गया। रेंडमाइजेशन में बूथवार ईवीएम आवंटन के बाद रिजर्व मशीनों की भी कमीशनिंग की गई और उन्हें सुरक्षित रख दिया गया। अब बुधवार को राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा ईवीएम में मॉकपोल किया जाएगा। प्रत्येक ईवीएम में एक-एक हजार वोट डालकर वीवीपैट की पर्चियों की गिनती भी की जाएगी।

मतदान को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव से पहले मॉकपोल की प्रक्रिया की जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों और अन्य कार्यकर्ताओं के सामने कमीशनिंग की जा चुकी पांच प्रतिशत मशीनों में वोट डाले जाएंगे। प्रत्याशी किसी भी ईवीएम का चयन कर उसमें एक हजार वोट डालेंगे और वीवीपैट से मिलान करेंगे कि उनका वोट सही जगह गया है अथवा नहीं। इसके बाद वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी। किसी प्रकार की शंका होने पर वहां मौजूद मास्टर ट्रेनर व कंपनी के इंजीनियर उसका समाधान करेंगे।


कलेक्ट्रेट में ईवीएम की कमीशनिंग करते लेखपाल अवनीश राठौर व अन्य।

### पोलिंग बूथों पर भी होगा मॉकपोल

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि 13 मई को मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर भी मॉकपोल कराया जाएगा। मतदान शुरू होने से पहले पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंटों से वोट डलवाएंगे और वहीं गिनती भी करेंगे। इसके बाद वीवीपैट की पर्चियों को निकालकर सील कर दिया जाएगा तथा बीयू व सीयू को भी सील कर मतदान की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से शुरू किया जाएगा। यदि कोई भी ईवीएम मॉकपोल के दौरान खराब होती है तो सेक्टर मजिस्ट्रेट उसे तत्काल बदल देंगे।

## एचटी लाइन पर जंजीर और पेड़ डाल आपूर्ति की बाधित

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- कम वोल्टेज से भड़के ग्रामीणों ने उठाया कदम

**अमृत विचार।** कम वोल्टेज की समस्या से गुस्साए ग्रामीणों ने छिबरामऊ से सौरिख आने वाली 33 हजार की हाइटेंशन लाइन पर लोहे की जंजीर एवं मक्के के हरे पेड़ डालकर बिजली को बाधित कर दिया। इससे सौरिख, सकरावा, खड़नी समेत सैकड़ो गांव में करीब छह घंटे बिजली बाधित रही। विद्युत विभाग के लोग पुलिस के साथ पहुंचे। इस पर ग्रामीण फरार हो गए। इसके बाद सप्लाई को चालू कराया गया।

विकास खंड सौरिख के पालपुर, जाफराबाद, गंगेनगला ,अतरौली, खरौली, तुलसीपुर, राजापुर, ब्राहिमपुर ,जरारा समेत इत्यादि गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने नौ दिन पूर्व लो वोल्टेज की समस्या से परेशान होकर सौरिख स्थित पावर हाउस पर प्रदर्शन किया था। समस्या हल नहीं हुई तो मंगलवार को पुनः इन सभी गांव के ग्रामीण सौरिख पावर हाउस पर पहुंचे लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर गुस्साए ग्रामीणों ने दोपहर में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के तुलसीपुर ग्राम पंचायत अतरौली में निकली हाईटेंशन लाइन पर लोहे की जंजीर एवं हर मक्के के पेड़ों को डालकर आपूर्ति को बाधित कर दिया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को फाल्ट ढूंढने के लिए भेजा तो ग्रामीणों ने लाइनमैनों को भगा दिया। बाद में बिजली विभाग के कर्मचारी पुलिस के साथ पहुंचे। एसडीओ संत कुमार वर्मा का कहना है लो वोल्टेज एवं कटौती की समस्या को देखते हुए इन गांवों को शेखपुर फीडर से जोड़ने की तैयारी चल रही है। 10 दिन के अंदर समस्या को हल कर दिया जाएगा। बिजली आपूर्ति बाधित करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## आठ मतदानकार्मिक प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे

**कन्नौज।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी बने उप्रा स्कूल नेपालपुर के सहायक अध्यापक जयसिंह, मतदान अधिकारी प्रथम बने वरिष्ठ लिपिक विजय सिंह, मतदान अधिकारी द्वितीय बने प्रावि शाहपुर की अवंतिका सिंह, प्रावि इनायतपुर की सहायक अध्यापक सोनी, ग्राम पंचायत अधिकारी संध्या यादव, प्राथमिक विद्यालय भूड़पुर्वा की सहायक अध्यापक चांदनी बानो व प्राथमिक विद्यालय तिलकापुर के शिक्षामित्र ओमनारायण और मतदान अधिकारी तृतीय बने पंचायत सहायक रोहित कुमार मंगलवार को प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे। इन सभी के खिलाफ मई का वेतन रोकने के आदेश हुए हैं।

अधिकारियों की ओर से जो गैरहाजिर मतदानकार्मिकों की सूची जारी की गई है, उसमें बीईओ छिबरामऊ के वरिष्ठ लिपिक विजय सिंह का भी नाम है। बताया गया है कि इस नाम का कोई भी बाबू छिबरामऊ में तैनात ही नहीं है।

## सार-संक्षेप


खिलाड़ी वासू शर्मा को सम्मानित करते संस्था के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव व अन्य।

### वासु शर्मा को कान्यकुब्ज शिक्षा समिति ने किया सम्मानित


**कन्नौज।** राष्ट्रीय खेल में शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कन्नौज ब्लॉक के गांव सराय शाह के वासु शर्मा को कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने सम्मानित किया। मंगलवार को समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर वासु शर्मा को माला पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष ने वासु शर्मा की पढ़ाई की फीस खुद वहन करने का वादा किया। इस मौके पर कमर, सुरेन्द्र कुशवाहा, नंद कुमार कुशवाहा, नागेन्द्र यादव, संजय दुबे, देवराज, मनोज कठेरिया सभासद, वीर पाल सभासद आदि लोग मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**तालग्राम, कन्नौज।** मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें थानाध्यक्ष तालग्राम पारुल चौधरी ने कांस्टेबल अनूप दत्त कुमार, महिला कांस्टेबल निधि चौहान के साथ छापेमारी की और पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सचिन पाल पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मलिकापुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

### प्रहलाद नगरी समिति की जिलाध्यक्ष बनीं रुची मिश्रा

**कन्नौज।** प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष लीला पाठक ने संगठन का विस्तार किया है। हुसैन नगर हसेरन की पूर्व प्रधान व भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री रुची मिश्रा को कन्नौज का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की ताजपोशी पर समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया है।


रुची मिश्रा।

### दबंगों ने दलित को पीट किया घायल

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के खड़िनी चौकी के राजपुर गांव निवासी दयानंद कठेरिया से मामूली विवाद के चलते गांव के ही अनिकेत पुत्र मनोज शाक्य, पंकज पुत्र बृजकरन, मोनू पुत्र ज्ञान सिंह ने जमकर मारपीट की। इससे दयानंद गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखपुकार सुन ग्रामीण दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। दयानंद की पत्नी शीला देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना सीओ छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा को दी है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने गांव के एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एक गांव निवासी किशोरी ने रविवार को गांव के सचिन कुमार पर शादी का झांसा देकर एक वर्ष तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष तालग्राम पारुल चौधरी ने दुष्कर्म के आरोपी युवक सचिन कुमार को अमोलर एक्सप्रेस-वे अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक का मेडिकल परीक्षण कराया। बाद में उसे न्यालय भेजा। जहां से उसे जेल भेजा गया। उधर पीड़िता का भी चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

गड़बड़झाला | विज्ञापन वर्ष 2016 प्रशिक्षित स्नातक व 2021 प्रवक्ता पद की पड़ताल में जोर

## कानपुर में फर्जी नियुक्तियां, कन्नौज में भी जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किया डीआईओएस को पत्र

**अमृत विचार।** कानपुर में माध्यमिक शिक्षा के तहत अध्यापकों की नौ फर्जी नियुक्तियां होने की गूंज प्रदेश भर में हो गई है। कन्नौज में भी इसकी जांच कराई जाएगी। इसको लेकर शिक्षा निदेशक ने पत्र जारी कर दिया है।

अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र तिवारी ने जारी किए पत्र में कहा है कि विज्ञापन संख्या वर्ष 2016 में प्रशिक्षित स्नातक और 2021 के प्रवक्ता पदों पर हुई भर्ती की जांच में विशेष जोर दिया जाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज की ओर से निर्गत पैनल, समायोजन संबंधी आदेशों का सत्यापन कराने व फर्जी पैनल, समायोजन आदेश के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है। अपर शिक्षा निदेशक ने कहा है कि 15 दिनों के अंदर विशेष वाहन के जरिए इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। दोषियों पर डीआईओएस की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जाए।




### जेडी करेंगे डीआईओएस कार्यालय की जांच

- कूटरचित अभिलेखों से व्यक्तियों को सेवायोजन देने को लेकर कुछ डीआईओएस व उनके कार्यालय की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। इसकी जांच मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक करेंगे। जांच आख्या में उत्तरदायी अधिकारी, कर्मचारी के नाम, पदनाम सहित पूरी रिपोर्ट 15 दिनों के अंदर निदेशालय को दी जाएगी।

### कुछ पर गिरी है गाज

- अपर शिक्षा निदेशक के पत्र से पहले कानपुर मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज द्विवेदी ने कन्नौज, इटावा, कानपुर, कानपुर देहात, औरैया व फर्रुखाबाद के डीआईओएस को पत्र भेजा है। बताया जा रहा है कि कानपुर में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती को लेकर हुई गड़बड़ी के चलते कई अधिकारियों व कर्मियों पर गाज गिर सकती है। मामले की गहनता से जांच हो रही है। इसको लेकर कन्नौज में भी चर्चाओं का दौर चल रहा है। कुछ आरोपियों पर कार्रवाई हुई भी है।

## 'धर्म के नाम पर समाज को बांट रही भाजपा'

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- भाजपाइयों के बाबा गौरीशंकर मंदिर धोने पर बोले पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी

**अमृत विचार।** भाजपा धर्म के नाम पर समाज को बांट रही है और देश में सांप्रदायिकता फैला रही है। जनता भाजपा के मंसूबों को जान चुकी है और इस बार के लोकसभा चुनाव में वोट से इसका जवाब देगी। सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मंदिर जाने पर भाजपाइयों ने उन्हें शूद्र मानते हुए मंदिर को गंगाजल से धोकर समाज को बांटने का काम किया। सभी वर्णों और जातियों के लोगों को समाज में रहने का अधिकार है। भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। वह दलितों और पिछड़ों के खिलाफ है। मंदिर धोने का कृत्य उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सपा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चल रही है, जबकि भाजपा इनसे नफरत कर रही है। इस बार इंडी गठबंधन भाजपा के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगा। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता विजय शुक्ला, रईस अहमद सहित कई सपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पालिका टीम ने दिलाई मतदान करने की शपथ

गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में पालिका टीम ने मोहल्ला किदवई नगर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें स्थानीय लोगों से लोकतंत्र के पर्व को हर्षोल्लास से मनाने और मतदान करने की अपील की। कहा कि एक व्यक्ति के मतदान न करने से कभी-कभी गलत व्यक्ति चुनकर चला जाता है। इसलिए सभी लोग अपने मत का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बनें। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान लेखपाल कौशल पांडेय, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर पाल, अशोक शर्मा, अशोक कुमार, राजन बाबू आदि मौजूद रहे।

### स्कूली रैली कल, 138 शिक्षकों की सूची जारी

**कन्नौज।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नौ मई को सुबह 10 बजे महिलाओं की स्कूटी रैली निकाली जाएगी। इसको लेकर सभी को आधा घंटा पहले कलक्ट्रेट परिसर पहुंचने को कहा गया है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि मतदान प्रतिज्ञा स्कूटी रैली कलक्ट्रेट परिसर से गोलकुआं से बोर्डिंग ग्राउंड होती हुई लाखन तिराहा पहुंचेगी। यहां से मकरंदनगर होते हुए पीएसएम पीजी कॉलेज में समापन होगा। बीएसए ने 138 शिक्षिकाओं की सूची भी जारी कर दी है उनको रैली में स्कूटी लेकर आने को कहा गया है।

# देश और क्षेत्र के विकास के लिए पहली बार मतदान करेंगे युवा

गुरसहायगंज, तेराजाकेट। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जहां विभिन्न राजनीतिक दल दिन-रात पसीना बहा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास कर रहे है तो वहीं पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में खासा उत्साह है। लोकतंत्र की मजबूती और सरकार के निर्माण में नये मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली है। पेश है पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से संवाददाता प्रदीप पाठक व विनय प्रताप द्वारा की गई बातचीत के कुछ अंश-




- ईवीएम के प्रयोग को लेकर खासे उत्साहित हैं युवा

### विकास और उत्थान के लिए करेंगी मतदान



ग्राम तेराजाकेट निवासी मनोरमा शर्मा का कहना है कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर पहली बार मतदान करेंगी। मतदान प्रक्रिया को जानने और अपने मत का प्रयोग करने के लिए खासी उत्साहित हैं। सभी को मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वह देश के विकास और उत्थान के लिए मतदान करेंगी।

### युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार चाहिए



ग्राम लक्ष्मनपुर्वा निवासी अनूप कुमार यादव का कहना है कि मताधिकार मिलना हर युवा के लिए गर्व की बात है। सभी लोग मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व को हर्षोल्लास से मनाएं। पहली बार मतदान करने के अनुभव को लेकर खासा उत्साहित है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने वाली सरकार चाहिए।

### वोट स्वच्छ छवि और विकास कराने वाले को



ग्राम तेराजाकेट निवासी गौरव कुमार पहली बार मतदान करने को लेकर खासे उत्साहित है। वह बताते है कि उनका वोट स्वच्छ छवि और विकास कराने वाले जनप्रतिनिधि को जाएगा। उन्होंने अपील की कि सभी युवा बढ़-चढ़ कर मतदान करें और देश को विकास की ओर ले जाने वाली सरकार को चुनें।

### मत का प्रयोग कर चुने मन की सरकार



ग्राम तेराजाकेट निवासी अमन कुमार का कहना है कि हर युवा में पहली बार मतदान करने को लेकर उत्सुकता होती है। उनका कहना है कि हर युवा को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदा कर अपने मन की सरकार चुनने का अवसर मिला है। इसे व्यर्थ न जाने दें।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवा करें मतदान



गुरसहायगंज के मोहल्ला अफसरी निवासी देवांश शुक्ला ने बताया कि वह प्रथम बार मतदान और ईवीएम को लेकर उत्साहित हैं। कहा कि जो प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद और विकास करेगा उनका वोट उसी को जाएगा। लोकतंत्र के निर्माण में हर युवा को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### ईवीएम से मतदान करने की है उत्सुकता



गुरसहायगंज के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी प्रियांशु तिवारी पहली बार मतदान को लेकर खासे उत्सुक हैं। बताते है कि घर व आसपास के लोगों से मतदान की प्रक्रिया को सुना है। इस बार उन्हें भी अवसर मिला है। 13 मई का इंतजार है। जिससे वह भी मतदान कर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकें।

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे पिंक व दिव्यांग बूथ

## युवा वोटरों को प्रोत्साहित करने के लिए कन्नौज में बनाया जाएगा यूथ बूथ, पिंक बूथ पर महिला तो दिव्यांग बूथ पर दिव्यांग कार्मिक नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मतदान के दिन जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक बूथ तो दिव्यांगों के लिए दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। खास बात यह है कि पिंक बूथ पर सभी मतदान कार्मिक और सुरक्षा कर्मी महिलाएं हीं रहेंगीं, जबकि दिव्यांग बूथों पर मतदान कार्मिक दिव्यांग ही होंगे। वहीं, इस बार युवा वोटरों को प्रोत्साहित करने के लिए कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र में एक युवा बूथ भी बनाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। मतदान के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पिंक बूथ बनाए जाएंगे। सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की मदद से पिंक, दिव्यांग व युवा बूथ का चयन कर लिया गया है। अब इन पर मतदान कार्मिकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है।

सदर विधानसभा क्षेत्र के हुमैरा मिल्ली गर्ल्स इंटर कॉलेज में युवा बूथ बनाया जाएगा। यहां मतदान कार्मिक समेत सभी सुरक्षा कर्मी भी युवा ही होंगे। इस बूथ पर युवा मतदाताओं की संख्या भी 41 है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि पिंक बूथ पर सभी महिला मतदान कार्मिक गुलाबी रंग के कपड़े भी पहनकर आएंगीं। दिव्यांग बूथ पर मतदान कार्मिकों का चयन कर लिया गया है। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न विभागों के दिव्यांग कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।



जिला पंचायत कार्यालय में बनाया जाएगा दिव्यांग बूथ। अमृत विचार

**यहां बनाया गया पिंक बूथ**

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ संख्या | मतदेय स्थल | महिला वोटर |
|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 182 | नगर पालिका परिषद का हाल (पश्चिमी भाग) | 519 |
| 197-तिर्वा | 405 | मंडी समिति तिर्वा | 293 |
| 198-कन्नौज | 271 | नगर पालिका परिषद का मीटिंग हाल | 408 |

**यह बनाए गए दिव्यांगजन बूथ**

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ संख्या | मतदेय स्थल | दिव्यांग वोटर |
|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 478 | प्राथमिक विद्यालय खांड़ेदेवर (कक्ष-4) | 14 |
| 197-तिर्वा | 482 | दीनानाथ इंटर कॉलेज (कक्ष-2) | 06 |
| 198-कन्नौज | 244 | जिला पंचायत कार्यालय (कक्ष-2) | 14 |

# मतदान के लिए प्रेरित करेंगे 'भोलू चाचा'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला निर्वाचन कार्यालय ने लांच किया भोलू का शुभांकर
- पोलिंग बूथों पर दिखाई देगा भोलू का कटआउट

**अमृत विचार।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 'भोलू चाचा' आए हैं। यह भोलू चाचा कोई और नहीं, बल्कि एक कार्टून चरित्र है जो बच्चों में काफी लोकप्रिय है। जिस तरह रुडयार्ड किपलिंग की जंगल बुक में 'बालू' नाम का भालू काफी लोकप्रिय हुआ था। उसी तर्ज पर जिला निर्वाचन कार्यालय ने 'भोलू चाचा' नाम का शुभांकर लांच किया है, जिसे मतदान प्रतिशत बढ़ाने का जिम्मा सौंपा गया है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह व अतिरिक्त एसडीएम नवनीता राय ने 'भोलू चाचा' नाम का शुभांकर लांच किया। इसमें भालू के कटआउट को एक किसान के रूप में दर्शाया गया है। डीएम ने कहा कि भोलू चाचा बच्चों में और सोशल मीडिया में काफी लोकप्रिय है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक अच्छी पहल है। पोलिंग बूथों पर लोग भोलू चाचा के साथ सेल्फी लेंगे। उन्होंने अपील की कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र का उत्सव भोलू के साथ मनाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इस दौरान उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।



भोलू का कटआउट लांच करते डीएम शुभ्रांत शुक्ल, एडीएम आशीष सिंह व एसडीएम नवनीता राय। अमृत विचार

### चुनाव संबंधी अभिलेखों को रखें दुरुस्त: एसपी

**कन्नौज।** लोक सभा चुनाव में पुलिस संबंधी सूचनाओं को तैयार करते रहें। एसपी ने पुलिस लाइन में बने चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के चतुर्थ चरण में जिले में होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित चुनाव कार्यालय पहुंचकर चुनाव सम्बन्धित अभिलेखों को चेक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। चुनाव सेल प्रभारी इंसपेक्टर आलोक दुबे को चुनाव सम्बन्धित कार्य को समयबद्ध तरीक़े से पूरा करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने सभी से कहा कि जो भी सूचनाएं मांगी जाएं उनको समय से पूरा कर भेजते रहें। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

# मतदान कार्मिकों को इस बार ऑनलाइन पारिश्रमिक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सामान्य प्रेक्षक ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान कराने का मंत्र दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को पोलिंग बूथों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने तथा मतदान के दिन लगातार बूथों पर भ्रमण करने के निर्देश दिए। बताया कि इस बार चुनाव में मतदान कार्मिकों को ऑनलाइन पारिश्रमिक दिया जाएगा और उसी दिन भुगतान सीधे उनके खातों में भेजा जाएगा।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में जाकर मतदाता पर्ची वितरण तथा 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के बारे में जानकारी कर लें। बूथों पर बिजली, पानी व शौचालय आदि सभी सुविधाएं पूरी होनी चाहिए। यदि कहीं कोई कमी है तो उसे दो दिन के अंदर दूर कराएं। चुनाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं होनी चाहिए। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मतदान कार्मिकों को मेडिकल किट प्रदान की जाएगी। यदि किसी विद्यालय परिसर में ईंट, गिट्टी या मौरंग पड़ा है तो उसे हटवा दें। मतदान से पहले मॉकपोल में किसी भी प्रकार की त्रुटियां नहीं होनी चाहिए। पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतदाता रजिस्टर, माइक्रोआब्जर्वर रिपोर्ट, विजिटर सील, जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट रिपोर्ट, पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट आदि दस्तावेजो की जांच की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि 12 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। नवीन मंडी स्थल कन्नौज, निगम मंडी छिबरामऊ व डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा से पोलिंग पार्टियों को बूथों पर रवाना किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबधित अधिकारी रहे।



सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते प्रेक्षक संदीप कुमार व डीएम शुभ्रांत शुक्ल।

# नई व्यवस्था: 210 मतदाताओं ने मतपत्र से डाले वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पत्रकारों ने भी नई व्यवस्था का लाभ उठाया

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतपत्रों के जरिए एसेंसियल सर्विस वाले वोटरों को वोट करने की सहूलियत दी है। इसी के तहत मंगलवार को मतदान हुआ जिसमें 210 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। सात से नौ मई तक कलेक्ट्रेट में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। आगे 10 से 12 मई तक सुरक्षाकर्मी, कंडक्टर, ड्राइवर, क्लीनर व होमगार्ड वोट करेंगे।

सात से नौ मई तक मतपत्रों के जरिए मीडिया प्रतिनिधियों के अलावा पोस्टऑफिस, बीएसएनएल, रेलवे, बिजली व स्वास्थ्य आदि आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारी मतदान कर सकते हैं। पहले दिन आठ पत्रकारों ने मतपत्र के जरिए मतदान किया। इस मौके पर बीईओ उमर्दा विश्वनाथ पाठक, सीडीपीओ तालग्राम पूजा सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी आलोक यादव, मोहम्मद शारिक खान व शिवा मौजूद रहे। मतदान करने वालों में इरा अवस्थी, बृजेश चतुर्वेदी, अजय मिश्र, मनोज गुप्ता, सुरजीत कुशवाहा व अमित राजपूत आदि लोग शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि आयोग के नियमों से मतदान प्रतिशत बढ़ने में सहयोग मिलेगा। दूसरी ओर प्रशिक्षण स्थल पर 202 मतदानकार्मिकों ने मतपत्रों के जरिए वोट किया। इसमें कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र से 50, छिबरामऊ से 52 व तिर्वा क्षेत्र से 78 मतदानकार्मिक शामिल हुए। इसके अलावा जनपद के वह मतदाता जो बाहर जिले में तैनात हैं 22 ने वोट किया। 609 कार्मिकों ने ईडीसी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र पूरे किए।



मतदान के लिए लाइन में लगे मीडिया प्रतिनिधि वोटर आईडी कार्ड दिखाते हुए।

# तीन स्थानों से रवाना होंगे मतदान कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 13 मई को ईवीएम से पड़ेंगे वोट, एक दिन पहले पहुंचेंगे बूथ पर

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक प्राइवेट विद्यालय में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण में बताया गया कि पहली बार लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में पोलिंग पार्टियां विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से रवाना होंगी। तीन अलग-अलग स्थानों से चुनाव के एक दिन पहले कार्मिक रवाना होंगे और 13 मई को बूथों पर वोट पड़ने के बाद सभी कार्मिक ईवीएम लेकर कन्नौज नवीन कृषि मंडी समिति पहुंचेंगे।

मंगलवार को मास्टर ट्रेनरों की ओर से प्रशिक्षण में बताया गया कि 12 मई को कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड, तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज और छिबरामऊ की नवीन मंडी स्थल से पोलिंग पार्टियां इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, जरूरी प्रपत्र और सामग्री लेकर बूथों के लिए वाहनों से रवाना होंगे। अगले दिन सुबह सात से शाम छह बजे तक वोटिंग कराई जाएगी।

मतदान के बाद तीनों विधानसभा क्षेत्र से रवाना हुई पार्टियां बूथों से ही सीधे कन्नौज के जीटी रोड किनारे स्थित कृषि मंडी समिति पहुंचेंगी। यहां ईवीएम व अन्य सामग्री जमा की जाएगी। आठ मई को दूसरे चरण के प्रशिक्षण का अंतिम दिन है। इस मौके पर स्नेहलता द्विवेदी, गोपाल गुप्ता, अनुराग शुक्ल, रोहित द्विवेदी, आकाश मिश्रा, दीप्ती दुबे, सुरजीत तोमर व रेनू कमल मौजूद रहीं।



विकास न होने से चुनाव का बहिष्कार करते कृष्णा नगर के लोग। अमृत विचार

# कृष्णा नगर में 11वें दिन भी प्रदर्शन जारी

**कन्नौज।** विकास न होने से नाराज शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर के लोगों का ग्यारहवें दिन भी मतदान बहिष्कार का प्रदर्शन जारी रहा। प्रशासन ने अभी तक समस्याओं की सुध नहीं ली है। मोहल्ला कृष्णा नगर अकबरपुर सरायघाघ के लोग पेयजल, बिजली, जल निकास, सड़क समेत कई अन्य समस्याओं से ग्रस्त हैं। नगरपालिका में मोहल्ला जुड़ा होने के बाद भी किसी तरह का विकास नहीं कराया गया है। बारिश के समय मोहल्ले की स्थिति और दयनीय हो जाती है। इस के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 11 दिन बीतने के बाद भी किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली है। मंगलवार को मोहल्ले के श्रीकृष्ण सक्सेना, गिरीश चंद्र दुबे, रवि शंकर शुक्ला, राजेश यादव, प्रवीण मिश्रा, रानी मिश्रा, सर्वेश कुमार, पवन कुमार गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, कमल त्रिपाठी, प्रियंका यादव, बबली यादव, सज्जन देवी, कांती शुक्ला, अभय त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी, रश्मि, दुर्गेश तिवारी, कांती शुक्ला समेत दर्जनों लोगों ने जीटी रोड पर प्रदर्शन किया।

**चुनावी दौड़** — गृह मंत्री और बसपा सुप्रीमो मांगेंगे अपने प्रत्याशियों के लिए वोट, सपा प्रत्याशी कांग्रेस नेता के साथ करेंगे संयुक्त जनसभा, तैयारी तेज

# आज अमित शाह, कल मायावती, 10 को आएंगे राहुल-अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मौसम के तापमान के साथ ही सियासी पारा भी चरम पर है। इसके साथ ही मतदान दिवस को पांच दिन का समय शेष है। तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही राष्ट्रीय नेताओं का फोकस चौथे चरण पर है। इस क्रम में बुधवार को यानी आज गृह मंत्री अमित शाह कन्नौज पहुंचेंगे और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगेंगे। वहीं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की सभा तेराजाकेट में प्रस्तावित है। इसी तरह से 10 मई को सपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कन्नौज में जनसभा करके गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाएंगे।


### प्रचार के अंतिम दिन आएंगे मुख्यमंत्री

**कन्नौज।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 13 मई को होना है। इसके चलते 11 मई की शाम को प्रचार का धूमधड़ाका थम जाएगा। पार्टी के सूत्रों से पता चला है कि प्रचार के अंतिम दिन ही यहां एक बार फिर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे और रोडशो करके जनता के बीच 'कमल' का प्रचार कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। इसको लेकर भी सत्ता पक्ष की तरफ से तैयारी किए जाने की खबर है। फिलहाल इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है।

तिर्वा के डीएन कॉलेज छात्रावास मैदान में तैयारी के क्रम में पंडाल बनकर तैयार हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों की मानें तो बुधवार को दोपहर बाद गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर यहां उतरेगा। इसके बाद आयोजित होने वाली विशाल जनसभा को संबोधित कर वे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटों की अपील करेंगे। मामला गृहमंत्री का होने से सुरक्षा को लेकर सभी इंतजाम पुलिस व प्रशासन द्वारा पूरे कर लिए गए हैं।

बहुजन समाज पार्टी सूत्रों से जानकारी मिली है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती कल यानी नौ मई को तेराजाकेट के एक कॉलेज के मैदान से प्रत्याशी इमरान बिन जफर के पक्ष में वोट मांगेंगी। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी में पार्टी कार्यकर्ता लगे हैं। बता दें कि पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन के चलते पार्टी का प्रत्याशी मैदान में नहीं था तो कैडर वोट पूरी तरह भाजपा को गया था। इस बार यह वोट पार्टी के पक्ष में ही जाने के आसार हैं।

समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा और साख का है। ऐसे में देश भर में प्रचार के साथ ही कन्नौज की जनता से जुड़ाव को भी कम नहीं करना चाहते हैं। यही कारण है कि वह अब तक तीन दौरे कर चुके हैं और अब 10 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ विशाल जनसभा करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि कभी कन्नौज की धरती से राजनीति शुरू करने वाले अखिलेश इस बार जीत सुनिश्चित करने के साथ ही इसका अंतर बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।



गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के लिए तैयार किया गया पंडाल। अमृत विचार

### मंच व पंडाल तैयार, एसपी व भाजपाइयों ने लिया जायजा

**तिर्वा, कन्नौज।** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। वे चौथे चरण में कन्नौज में होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिये चुनावी जनसभा करने आ रहे हैं। चुनाव से पहले जिले में किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता की ये पहली जनसभा है। इससे पहले बिधूना में मुख्यमंत्री ने जनसभा की थी जबकि पीएम मोदी ने इटावा से ही प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की थी। जनसभा में 50 हजार से ज्यादा की भीड़ जुटने का दावा भाजपा नेता कर रहे हैं। मंच व पंडाल तायार हो गया है। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत भाजपाइयों तथा एसपी अमित आनंद ने मातहतों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# नुक्कड़ नाटक से बताया वोट का महत्व

## साहसी बालिका संस्था का नोनियमगंज में कार्यक्रम, एसडीएम ने लोगों को दिलाई मतदान करने की शपथ

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद में मतदान की तिथि 13 मई निर्धारित की गई है । इस चरण में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नगर की साहसी बालिका संस्था द्वारा आज नोनियमगंज मोहल्ले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपना वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया । बड़े ही सरल और रोचक ढंग से संस्था की सदस्य बालिकाओं ने उपस्थित लोगों को समझाया आपके मत का क्या महत्व है।

कार्यक्रम से प्रभावित होकर वहां मौजूद महिलाओं पुरुषों तथा युवाओं ने अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी कायमगंज यदुवंशकुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तथा उसकी स्वच्छता एवं सुदृणता के लिए मतदान करना जरूरी होता है । इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होंने खासकर महिलाओं तथा युवाओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की । कार्यक्रम अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज रामऔतार ,एल आई यू प्रभारी राघवेंद्र सिंह, सी एचसी से डॉक्टर जितेंद्र बहादुर एवं कार्यक्रम आयोजन साहसी बालिका संस्था की पदाधिकारी खुशबू मिश्रा,सिल्की मिश्रा अंकुर मिश्रा, शिवानी,निकिता, अंजू,गरिमा,संजना, दिव्या ,कशिश ,चांदनी , चिराग सहित नगर के अन्य कुछ संभ्रांतजन उपस्थित रहे।



नुक्कड़ नाटक पेश करते कलाकार। अमृत विचार

### दिव्यांग के घर पहुंच सिखाया वोट डालने का तरीका

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव मे कहीं कोई मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए इसके लिए अधिकारी भी अपने कार्य में लगे हुए हैं। दिव्यांगों का मतदान कैसे किया जाए और उन्हें लोकतंत्र में शामिल होकर इस पर्व को मनाने का मौका कैसे दिया जाए इसके लिए यह अधिकारी उनके घरों तक पहुंच रहे हैं। डीएफओ आरएस यादव, नायब तहसीलदार अतुल कुमार, लेखपाल कुलदीप तिवारी आज 100 प्रतिशत विकलांग गंगाराम पुत्र बाबूराम निवासी भुढ़िया भेडा थाना राजेपुर के घर पहुंच कर बैलट पेपर से वोट डलवाने का नमूना पेश किया। उन्होंने गांव वासियों को एकत्रित कर वोट डाले जाने का एक नमूना लोगों के सामने रखा और उन्हें बताया कि विकलांग व्यक्ति से वोट कैसे डलवाया जाए। उसे इस लोकतंत्र के पर्व में कैसे शामिल किया जाए। इसके लिए सभी लोगों का सहयोग के रूप में आना जरूरी है। डमी वोटिंग कराकर मतदाता को उत्साहित किया और सभी लोगों ने तालियां बजाकर इस मतदान का स्वागत किया।

# भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● सांसद मुकेश राजपूत ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील

**अमृत विचार।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को मदन मोहन कानौडिया बालिका इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने मौजूद लोगों से आह्वान किया कि राष्ट्र हित में सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लोग तो मतदान करने में आगे रहते हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र के लोग वोट डालने में हीलाहवाली बरतते हैं। शहरी क्षेत्र के लोग भी बढ़-चढ़कर मतदान करें। डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि महिलाएं भी मतदान में अहम भूमिका निभाएं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान बेहद आवश्यक है। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कभी-कभी एक वोट से सरकार बनते-बनते रह जाती है।



वीरेंद्र सिंह राठौर, सत्येंद्र सिंह, संतोष दुबे, श्वेता दुबे, डॉ. अनिल कुमार सुनील कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने अतिथियों को सम्मानित किया। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने अतिथियों का आभार जताते हुए 13 मई को मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय, पंकज वर्मा, फरहाना हाशमी, इंद्रा राठौर, स्वदेश दुबे, अनिल कश्यप, रीता दुबे, बाल गोविंद सिंह और इंदू मिश्रा आदि मौजूद रहे। इससे पहले छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनावी घमासान हुआ तेज, 13 को है चुनाव

लोकसभा चुनाव

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने जा रहे चुनावी महाभारत में भाजपा और सपा में सीधा मुकावला होने जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत हैट्रिक लगाने के लिए रात दिन एक किये हुए है। वह हर जाति वर्ग के मतदाता से वोट मांग कर जीत का डंका बजाने के लिए बेताब हैं।

राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी मुकेश राजपूत राजनीति में पहली बार चुनाव मैदान में उतरे सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य को पटखनी देने की तैयारी कर रहे है।

वहीं सपा उम्मीदवार डाक्टर नवल किशोर शाक्य ने एक प्रेस वार्ता में कहा है कि वह शाक्य, मुस्लिम और यादव मतदाताओं के भरोसे चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं राजनीति में काटछांट ओर जोड़ तोड़ में माहिर दो बार सांसद रहे मुकेश राजपूत का कहना है कि उन्हें हर जाति वर्ग के मतदाता का समर्थन मिल रहा है। मुकेश राजपूत 10 साल के भीतर कराए गए विकास कार्यो का ब्योरा लेकर मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। जबकि सपा उम्मीदवार चुनाव जीतने के बाद विकास कराने की बात कह कर मतदाताओं के बीच जा रहे है। यहां छिड़े चुनावी महाभारत में भाजपा विधायक सुशील शाक्य सपा समर्थित शाक्य मतदाताओं में सेंध मारी कर रहे है। सपा ,बसपा भाजपा उम्मीदवार चुनावी जंग जीतने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। कुल मिला कर फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनावी घमासान तेज हो गया है। बताते चलें की 13 मई को होने जा रहे मतदान में अलीगंज, कायमगंज ,अमृतपुर ,सदर और भोजपुर विधानसभा के कुल 17 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसके लिए सभी प्रत्याशी रात दिन एक किए हुए हैं । फिलहाल सभी उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं और शाम, दाम ,दंड भेद के जरिए चुनाव जीत लेना चाहते हैं। कुछ उम्मीदवार अपनों की ही गद्दारी का शिकार हो रहे है। बताते चलें कि इन पांचों विधानसभा क्षेत्र में मौजूदा समय में भारतीय जनता पार्टी का ही कब्जा है और पांचों सीटों पर भाजपा के विधायक बैठे हुए हैं भाजपा बाहुल्य इस सांसदीय क्षेत्र में सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य अपने समर्थकों के साथ डटे हुए हैं।


मुकेश राजपूत।


नवल किशोर शाक्य।



# निलंबन के बाद भी मंडी निरीक्षक ने काटे गेटपास

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● मंडी निरीक्षक ने कहा कि उन्होंने गेटपास नहीं काटा है

**अमृत विचार।** सातनपुर मंडी में तैनात निरीक्षक निलंबन के बाद भी गेटपास काटते रहे। इसकी जानकारी पर मंडी सचिव ने उपनिदेशक कानपुर को रिपोर्ट भेजी है।

थाना कादरीगेट क्षेत्र में स्थित सातनपुर मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए खोले गए क्रय केंद्र पर 20 दिनों तक कोई खरीद नहीं हो सकी। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र बंद मिलने पर केंद्र प्रभारी मंडी निरीक्षक शिवम सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट भेज दी गई। इस पर मंडी उपनिदेशक कानपुर ने मंडी निरीक्षक को 27 अप्रैल को निलंबित कर दिया। इसके बावजूद 28, 29 व 30 अप्रैल को मंडी निरीक्षक की आईडी से गेट पास काटते रहे।

मंडी सचिव रामसेवक वर्मा ने बताया कि निलंबन के बाद मंडी निरीक्षक की आईडी से गेटपास काटे जाने की रिपोर्ट उन्होंने उपनिदेशक को भेज दी है। हालांकि तकनीकी खराबी से भी यूजर आईडी गलत हो जाती है। उनकी तैनाती से पहले की तिथियों में कटे गेटपास में उनका आईडी नंबर शो हो रहा है। इससे मंडी निरीक्षक की आईडी गेटपास कटना तकनीकी खराबी हो सकती है। मंडी निरीक्षक शिवम सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने निलंबन के बाद कोई गेटपास नहीं काटा है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का गठन

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** छात्रों में नेतृत्व विकास की दृष्टि से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में नये सत्र में छात्र परिषद का गठन किया गया। छात्र परिषद के अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के कमांडेंट और विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर चंद्रशेखर अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी पूर्णिमा अग्निहोत्री ने किया। ब्रिगेडियर अग्रवाल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके दायित्वों को सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय के छात्र प्रमुख के रूप में कक्षा 12 ब के सूर्यांश तथा छात्रा प्रमुख के रूप में कक्षा 12 अ की कुमारी दिव्यांशी को चयनित किया गया। प्रिंस प्रताप को प्रीफेक्ट ब्वाय तथा खुशबू को प्रीफेक्ट गर्ल का खिताब मिला। विज्ञान एवं तकनीकी सचिव का पद बालक वर्ग में रितेश और बालिका वर्ग में कक्षा 12 अ की वेदान्तिका को मिला। जीव विज्ञान सचिव बालक एवं बालिका वर्ग से क्रमशः विशाल और अञ्जली रहीं। बालक वर्ग में उज्ज्वल को तथा बालिका वर्ग में अमनप्रीत कौर को वाणिज्य सचिव, विशाल और मुस्कान को कला सचिव का ओहदा दिया गया। अमन और रिया को जन प्रतिनिधि सचिव, आर्यन सिंह और हरि प्रिया को पाठ्य सहगामी गतिविधियों का उप-कप्तान, वरदान दीक्षित और दिव्यांशी को खेलकूद का उप-कप्तान, अभिराज और आरजू राठौर को अनुशासन उप-कप्तान का उत्तरदायित्व दिया गया। नमन अग्रवाल और रुचिता को साहित्यिक सचिव, अवि द्विवेदी तथा अन्तरा सिंह को पर्यावरण सचिव का दायित्व दिया गया। सेफ्टी एंड सिक्योरिटी मार्शल के सहयोगी के रूप में अशोका की अपराजिता, पटेल की तृषा, रामानुजन की भार्गवी और सुभाष की कनक चौहान रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालय की उन्नति तथा विभिन्न गतिविधियों के क्षेत्र में सच्चाई, ईमानदारी, भेदभाव रहित तथा सौहार्दपूर्ण ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय का प्रत्येक बच्चा विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर चन्द्र शेखर अग्रवाल तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते ब्रिगेडियर चंद्रशेखर अग्रवाल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी। अमृत विचार

### दौड़, जैक रनिंग व शटल रन में बच्चों ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद।** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में मंगलवार को विश्व एथलेटिक्सि दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्पोर्ट्स फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की ओर से मंगलवार को स्टेडियम में किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार से 14 वर्ष के बच्चों के बीच दौड़, हर्डिल बॉल थ्रो, जैक रनिंग व शटल रन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विभिन्न निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जैक रनिंग प्रतियोगिता के दौरान चार से सात वर्ष के बच्चे गर्मी के बावजूद जीत हासिल करने के लिए कोई कोरकसर बाकी नहीं रख रहे थे। चार से सात वर्ष जैक रनिंग, हर्डिल बॉल थ्रो व शटल रन बालिका वर्ग में सिद्धी, तन्वी शर्मा, अवंतिका बोस, बालक वर्ग में रियांश बघेल, माधव व सूर्यांश क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। आठ से 10 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में अवंतिका सिंह, आदित्य बाथम, रुचि वर्मा, आयुष शर्मा और नितिका व अंकित राजपूत ने क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए। 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग जेवलिन थ्रो में अंबिका सिंह, संघरत्न व वंशिका ने बाजी मारी। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग 80 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में रितु, अनुष्का, अंशिका को क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। मिक्स रिले दौड़ में स्टेडियम की टीम विजेता रही। निर्णायक की भूमिका जितेंद्र कुमार, नंदराम, संजीव द्विवेदी, अभिषेक दुबे, यदुनाथ सिंह, अभिषेक शाक्य व धर्मेंद्र सिंह ने निभाई। मकसूद हुसैन, योगेश शुक्ला, अरुण सिंह, अमित कुमार, मोहम्मद अहमद खां, अनय प्रताप, सत्यम मिश्र, जेपी सिंह, अथक पटेल और अमिताभ पान आदि मौजूद रहे।

### प्रेम प्रसंग के चलते किसान ने खुद को मारी थी गोली

**फर्रुखाबाद।** पारिवारिक महिला से प्रेम-प्रसंग का विरोध करने से क्षुब्ध होकर किसान ने खुद को गोली से उड़ा लिया था। छानबीन के दौरान पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। खुलासा होने के बाद पकड़े गए लोगों को पुलिस ने छोड़ दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव नगला बहादुर निवासी सनोज उर्फ अजय शुक्रवार की रात को खेत के मचान पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला था। पिता भूपेंद्र ने पुत्र की गोली मारकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने परिवार के लोगों सहित छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा बरामद कर लिया था। जांच पड़ताल में पता चला कि सनोज उर्फ अजय का रिश्तेदार महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को इसकी जानकारी हो गई। वहीं महिला भी इसका विरोध कर रही थी। इसको लेकर परिजनों का सनोज से विवाद हो गया था। सनोज दो दिन से खेत में ही रह रहा था। वह केवल एक बार घर खाना खाने के लिए गया था। पुलिस ने मामले का खुलासा होने पर पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया। हत्या के मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। एसपी विकास कुमार ने बताया कि किसान ने महिला से प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हो गया था।

### आर्थिक तंगी के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में युवक का शव बंद कमरे में फांसी पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्माइलगंज निवासी विशाल गुप्ता का शव उसके कमरे में फांसी पर झूलता मिला। मृतक के भाई राहुल ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते भाई ने फांसी लगा कर जान दी है। राहुल ने बताया कि विशाल का दरवाजा सुबह नहीं खुला तो उसकी पत्नी ने परिजनों को बताया। परिजनों ने पहुंच कर दरवाजा खोला तो विशाल का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई विशाल नशे का आदी था । कमाई का कोई साधन नहीं था । इससे पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। आर्थिक तंगी की व जह से भाई ने फांसी लगा कर जान दे दी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर पहुची फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### महिला ने पीया ज़हरीला पदार्थ, भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव चदुइया निवासी प्रीती (25) पत्नी संजू ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पी लिया ।गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मधुमक्खियों के हमले से युवक जख्मी

कायमगंज फर्रुखाबाद।- क्षेत्र के गांव नगला उम्मेद निवासी सत्यपाल (35) को मधु मक्खियों ने हमला कर काट लिया। उसके चीखने चिल्लाने पर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे किसी प्रकार उनसे बचा कर अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उसका उपचार जारी है।

### विवाहिता ने किया कीटनाशक का सेवन, भर्ती

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के चौकी कुआं खेड़ा के गांव मदनपुर निवासी पुष्पेंद्र की 25 वर्षीय पत्नी भावना ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे सरकारी अस्पताल का कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# जन सेवा केंद्र संचालक की हत्या का खुलासा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से मृतक का मोबाइल व घटना में प्रयोग की गई रस्सी बरामद कर ली है।


हत्यारोपी।

थाना क्षेत्र के गांव सुतहड़ी निवासी दिव्यांग अजहरूद्दीन रोशनाबाद में जनसेवा केंद्र संचालक था। वह चार मई को जनसेवा केंद्र को खुला छोड़कर अचानक चला गया था। उसके बाद से वापस नहीं आया। पांच मई को अजहरूद्दीन का शव मक्का के खेत में बोरे में मिला था। पोस्टमार्टम में अजहरूद्दीन की गला कसकर हत्या करने की पुष्टि हुई। पिता अफसर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जनसेवा केंद्र संचालक की ट्राई साइकिल बंद भट्ठे पर खड़ी मिली थी। अजहरूद्दीन का मोबाइल भी नहीं मिला था। हत्या करने के बाद हमलावर मोबाइल भी ले गए थे। पुलिस ने अजहरूद्दीन के मोबाइल की डिटेल निकालकर दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि जनसेवा केंद संचालक अजरुद्दीन की हत्या को राहुल निवासी रोशनाबाद थाना शमसाबाद ने अंजाम दिया था। वह पेट्रोल पंप पर काम करता है । राहुल आईपीएल मैच में रुपये हार गया था। जनसेवा केन्द्र संचालक अजहरुद्दीन की रोशनाबाद में दुकान थी। वह लोगो को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करता था और उधार लेने देन भी करता था। पेट्रोल पंप कर्मचारी राहुल ने अजहरुद्दीनसे 50 हजार रुपये अपने मोबाइल में ट्रांसफर कराये थे। और राहुल वह 50 हजार रुपये आईपीएल में हार गया। जब अजहरुद्दीन ने अपने रुपये मांगना शुरू किये तो राहुल और उसके बॉल अपचारी साथी ने रुपये हड़पने की नियत से हत्या की योजना बनाई। राहुल ने जनसेवा केंद्र संचालक को रुपये देने के बहाने पेट्रोल पंप पर बुलाया और वहीं पर राहुल ने अपने साथी के साथ अजहरुद्दीन का रस्सी से गला कसकर हत्या कर दी। पुलिस हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद की।

# जांच में अपात्र पाए गए कार्डधारक होगी कार्रवाई

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** उपजिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी में अपात्र लोगों के राशन कार्ड बने होने की शिकायत की गई थी जिस पर समस्त राशन कार्डो की पात्रता/अपात्रता की जांच कराई गई है। जिसमें जांच अधिकारी ने अपात्रता का कारण इंगित करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आख्या उपलब्ध कराई है। जांच अधिकारी ने प्रस्तुत जांच आख्या के क्रम में अग्रिम कार्यवाही किये जाने से पूर्व सुनवाई का एक अवसर दिया है। साथ ही कहा है कि कोई अपात्र व्यक्ति राशन कार्ड धारक है तो वह स्वयं ही पत्रता छोड़ दे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर मजदूर की मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ईंट लादकर मसेनी चौराहा आया मजदूर युवक ट्रैक्टर से उतरते समय उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव जाजपुर बंजारा निवासी 21 वर्षीय हरविंद कुमार रोहिला स्थित एक प्लांट पर मजदूर था। हरविंद मंगलवार सुबह तीन बजे प्लांट पर पहुंचा। ईंट लादकर वह ट्रैक्टर-ट्राली से मसेनी चौराहा आया। ट्रैक्टर से उतरते समय वह अचानक नीचे गिर पड़ा, जिससे वह पहिये की चपेट में आ गया। ट्रैक्टर चालक हरविंद को प्राइवेट नर्सिंग होम में लेकर गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चाचा विमलेश ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जांच पड़ताल के बाद बताया कि घटनास्थल कादरीगेट थाना क्षेत्र का है। दरोगा महेंद्र सिंह ने कादरीगेट थाना पुलिस को सूचना दी। वहीं ट्रैक्टर मालिक व हरविंद के परिजनों में समझौते की बातचीत चल रही है।

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर से सटे गांव हमीरपुर लालबाग निवासी सुहेल (18) मार्ग दुर्घटना मे गंभीर घायल हो गया। लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उफ! यह गर्मी — पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने से फसलों के साथ-साथ लोगों पर भी पड़ने लगा गर्मी का असर

# सूरज की तपिश से मुरझा गई मक्का व मूंगफली की फसल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पारा 40 डिग्री के पार पहुंचते ही खेतों में लहलहा रही मक्का की फसल मुरझाने लगी है। किसानों को उम्मीद थी की मक्का की फसल से उन्हें इस सीजन में खासी कमाई होगी, लेकिन सूरज की तपिश के कारण मक्का और मूंगफली को भारी क्षति हुई है।

हालांकि किसान खेतों में खड़ी मक्का और मूंगफली को बचाने के लिए रात देने किए हुए हैं और हर दूसरे दिन खेतों में पानी लगा रहे है । किसानों का कहना है कि यह पानी भी दोनों फसलों को नुकसान कर रहा है । दोपहर में बड़े तापमान की वजह से पानी खौलने लगता है। विकासखंड कमालगंज के गांव कमालपुर के रहने वाले किसान रावेंद्र सिंह, धर्मेंद्र तथा सुरेंद्र सिंह बताते हैं कि इस बार किसानों ने अपना आलू खोदकर उसमें मक्का की फसल तैयार की थी। लेकिन सूरज की तपिश की वजह से खेतों में खड़ी मक्का मुरझा गई है। कई खेतों का तो आलम यह है की मक्का पूरी तरह से सूख गई है ।उन खेतों में अब किसानों के बीज के दाम निकलने मुश्किल हो गए हैं। किसानों का कहना है कि बड़ी ही उम्मीद के साथ उन्होंने आलू खोदने के बाद मक्का की फसल बोई थी। जिसकी खास वजह है कि आलू में लगाई गई लागत की वजह से कम लागत में मक्का की फसल तैयार हो जाती है ,लेकिन इस बार अप्रैल में ही भीषण गर्मी पड़ने से मक्का और मूंगफली दोनों फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इस संबंध में जिला आलू विकास अधिकारी राम नारायण वर्मा का कहना है की जिले भर में आलू खोदकर 2001 हेक्टेयर भूमि पर मक्का की फसल और 500हेक्टेयर भूमि पर मूंगफली की फसल बोई गई थी। शुरुआती दौर में फसले अच्छी होने से किसानों को उम्मीद जगी थी की आलू खोदने के बाद बोई गई मक्का और मूंगफली की फसलों से खासी कमाई हो जाएगी ,लेकिन मौसम की वजह से उनके मंसूबों पर पानी फिर गया है । उनका कहना है कि वैसे गर्मी की सीजन में 7 से 8 पानी लगने में मक्का की फसल तैयार हो जाती थी, लेकिन सूरज की तपिश बढ़ने की वजह से किसानों को हर दूसरे दिन पानी लगाना पड़ रहा है ।

प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है की मक्का की मांग बाहरी मंडियों में होने की वजह से लोग बहुतायत से गर्मी की सीजन में मक्का करने लगे हैं । नारद सिंह बताते हैं कि गर्मी के सीजन में पैदा की गई मक्का 2000 कुंतल से कम नहीं बिकती और सबसे खास बात यह है कि व्यापारी खेतों में आकर ही उनकी फसलों को खरीद ले जाता है । जिससे किसानों को मक्का और मूंगफली की फसल को मंडी ले जाने का किराये की बचत होती है।


खेतों में मुरझाई खड़ी मक्का। अमृत विचार

### गर्मी बढ़ते ही बढ़ गई नेत्र रोगियों की संख्या

फर्रुखाबाद। पारा 40 डिग्री के पार पहुंचते ही नेत्र रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। थाना कादरी गेट क्षेत्र के आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल पुरुष की ओपीडी में कुल 690 मरीज पहुंचे। जिसमें नेत्र सर्जन डॉक्टर आकांक्षा तिवारी के पास के आंख दिखाने के लिए 100 मरीज पहुंचे। डाक्टर आकांक्षा तिवारी ने बताया इस समय गर्मी का मौसम है। तापमान दोपहर में लगभग 41 डिग्री तक पहुंच जाता है। जिससे आंखों से गर्मी की वजह से पानी आने लगता है। जिससे आंखों में दर्द बढ़ जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि जो भी लोग धूप में निकले वह चश्मा लगाकर निकले या अपना सिर ढककर निकलें । जिससे सूरज की रोशनी सीधी आंख पर न पड़े। तापमान बढ़ने से आंखों में दिक्कत होती है । और पसीना सीधा आंखों के अंदर जाता है। जिनका आंखों का ऑपरेशन हुआ है। वह कम से कम धूप में निकले और काला चश्मा लगाकर ही निकलें।


आंखों की जांच करतीं नेत्र चिकित्सक।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।


## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा

बढ़ते वैश्विक तनाव के समय में व्लादिमीर पुतिन ने 5 वीं बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाला लिया है। मंगलवार को एक समारोह में पुतिन ने कहा कि अपनी शक्ति के भीतर वो सब कुछ करेंगे, जो वह देश के लिए कर सकते हैं। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम ऐसा वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। इस बीच पुतिन ने एक बार फिर दुनिया को तनाव में डाल दिया है। रूस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामरिक परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान किया है। रूस ने 6 मई को कहा कि वह एक सैन्य अभ्यास करेगा जिसमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास का आदेश राष्ट्रपति पुतिन ने दिया था। आखिर रूस ने ऐसा किया क्यों, रूस के इस कदम का यूक्रेन के साथ जंग पर असर क्या पड़ेगा? असल में रूस ने यह कदम तब उठाया है जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ बयानबाजी की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में कहा था वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी। यानि रूस का ये फैसला नाटो और फ्रांस के सैनिकों को सीधे तौर पर जंग में शामिल होने के संकेतों के बीच आया है। मौजूदा वक्त में रूस ने अब जिस तरह का कदम उठाया है उससे दुनिया के देशों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। क्योंकि परमाणु हथियार कितने खतरनाक होते हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भी देश ने परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। रूस में ये घटनाक्रम ऐसे वक्त में हो रहा है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के दौरे पर हैं। महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे रूस और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, पुतिन की आक्रामक मुद्रा और परमाणु विध्वंसक क्षमता के संभावित प्रभावों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सतर्क बना हुआ है।

# मंत्री ने जब शेषन को वीरान रास्ते कार से उतार दिया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था।

कार की पिछली सीट पर दो मंत्रियों के बीच में एक युवा आईएएस ऑफिसर बैठा था। एक मंत्री ने उस अधिकारी से सवाल किया कि उस कर्मचारी का मामला पुलिस को क्यों सौंपा? उसे वापस लो। ऑफिसर दो टूक था, 'इसे आप लिखकर दें।' क्या मेरा कहना काफी नहीं? ऑफिसर के "नहीं" जवाब ने मंत्री का गुस्सा आसमान पर पहुंचा दिया। मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने का आदेश दिया। बीच रास्ते वीराने में ऑफिसर को कार से उतार दिया गया। आगे और भी बहुत कुछ रोचक घटित हुआ। यह ऑफिसर टीएन शेषन थे। करियर के आखिरी दौर में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर उन्होंने इतिहास रच दिया।

लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जब-तब शेषन की चर्चा होती रहती है। नौकरी की शुरुआत से ही नियम -कानून के पाबंद शेषन के तेवर आखिर तक कायम रहे। पढ़िए उनकी आत्मकथा 'थ्रू द ब्रोकन ग्लास' से उद्धृत उनकी नौकरी की शुरुआत का एक रोचक प्रसंग, आईएएस में चयन और विभिन्न प्रशिक्षण के बाद शेषन को डिंडीगुल (तमिलनाडु) में सब कलेक्टर के तौर पर तैनात किया गया। तहसीलदार नारायण पिल्लई ने उनकी ओर एक कागज बढ़ाया जिसमें एक ग्राम अधिकारी द्वारा तकावी लोन की वसूली तीन हजार की रकम गबन किए जाने की शिकायत थी। फौरन ही शेषन ने कर्मचारी को सस्पेंड, चार्जशीट करने और पुलिस में एफआईआर करने के आदेश दिए। कहा कि जरूरी कागज मेरे दफ्तर से प्राप्त कर लो। तहसीलदार ठिठक गए। शेषन की सवालिया निगाहों के जवाब में उन्होंने जल्दबाजी न करने की सलाह दी। उन्हें याद दिलाया कि इस कर्मचारी की पत्नी तालुका कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष है। आगे समस्या हो सकती है। शेषन अपने आदेश पर अडिग थे। उसी रात कर्मचारी की गिरफ्तारी हो गई। दो दिन बाद मदुरै जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेषन से मिलने पहुंचे। वे मुख्यमंत्री के.कामराज के खास थे। उन्होंने केस वापस लेने का दबाव डाला। इंकार के जवाब पर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी के साथ वे वापस हुए। एक हफ्ते बाद शेषन के तैनाती इलाके में मंत्री पी. कक्कन और वी.रमेश के साझा कार्यक्रम थे। चुनाव में एक महीना बाकी था। शेषन को दोनों मंत्रियों ने अपनी कार में साथ बिठाया। पंद्रह मिनट की यात्रा के बाद मंत्री कक्कन जिनके पास पुलिस और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग थे, ने शेषन से सवाल किया कि वे कांग्रेस का क्यों विरोध कर रहे हैं? शेषन ने ऐसा कुछ करने से इंकार किया तो उस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में मामला क्यों दर्ज कराया? डिपार्टमेंटल एक्शन काफी था। फौरन केस वापस लो। शेषन ने उन्हें मद्रास वापसी पर लिखित आदेश भेजने का अनुरोध किया। नाराज कप्पन ने पूछा, 'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' एक बार फिर इंकार के जवाब से खफा मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने और शेषन को कार से उतरने का हुक्म दिया। कार आगे बढ़ गई। तेज धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े शेषन अपने दफ्तर वापस पहुंचने के लिए किसी वाहन के इंतजार में थे।

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था। तय था कि मंत्री विपक्षियों पर आक्रामक रहेंगे। शेषन ने तहसीलदार को बुलाकर चर्चा की। आशंका थी कि विरोधी पहले कार्यक्रम स्थल की बिजली गुल करेंगे और फिर जहां महिलाएं बैठी हैं, वहां चूहे छोड़कर सांप -सांप का शोर करके भगदड़ कराएंगे। बचाव के लिए माइक को एक कार की बैट्री से जोड़ा गया। वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों को मंच के सामने दूरी पर इस तरह खड़ा किया गया कि बिजली गुल होने पर उनकी हेड लाइट से रोशनी मिल सके।

आशंका सही निकली। जोरदार विस्फोट की आवाज के साथ अंधेरा छा गया। सांप-सांप का शोर मचा, लेकिन गाड़ियों की हेडलाइट्स काम आईं। माइक की आवाज भी नहीं थमी। कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश नाकाम रही। मंत्रियों के भाषण पूरे हुए। तहसीलदार को पास बुला मंत्री कप्पन्न ने उनकी दूरंदेशी के लिए तारीफ की। तहसीलदार ने कहा कि इसके वे नहीं बल्कि वो हकदार हैं, जो जीप में बैठे हैं। एक बार फिर मंत्री कप्पन और शेषन आमने-सामने थे। मंत्री ने पूछा आप मंच पर क्यों नहीं आए? शेषन ने उन्हें रास्ते में उतारने का जिक्र किया। फिर यहां क्यों आए? शेषन के जवाब, 'वो मेरी ड्यूटी थी' ने मंत्री को झेंपने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के.कामराज डिंडीगुल आए। मंत्री कप्पन भी उनके साथ थे। स्टेशन पर कलेक्टर और एसपी के साथ स्वागत के लिए शेषन भी मौजूद थे। आगे बढ़ते हुए कामराज ने शेषन को पास बुलाया और कहा, ' मैंने सुना कि कप्पन ने तुम्हारे साथ बदसलूकी की।' शेषन ने ऐसा कुछ नहीं कह बात को खत्म करने की कोशिश की, पर कामराज ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने कहा , 'उस दिन जो कुछ हुआ उसकी उन्हें पुलिस से रिपोर्ट मिल चुकी है।' सभी की मौजूदगी में तेज स्वर में कामराज मंत्री कप्पन से मुखातिब हुए, 'मेरे-आपके लिए ऑफिसर्स से खराब व्यवहार मुनासिब नहीं है। अगर ऑफिसर कोई गलत काम करें तो आप अकेले में उनसे बात करें। दूसरों के सामने उन्हें अपमानित न करें। आपने उन्हें कार से क्यों उतारा? जिस पीड़ित की आपने फिक्र की वह सरकार से अपील कर सकता है। राजनीति के इस बुनियादी वसूल को समझिए कि अगर ऑफिसर्स अपमानित किए जाएंगे तो सरकार का अपमान होगा।'

शेषन आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।



शेषन की आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

## प्रसंगवश

# पानी नहीं तो दारू पियो



शंभूनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

गर्मी का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन लू नहीं चलती। यह ज्यादा खतरनाक है और पानी के अभाव में ऐसा होता है। पछुआ हवाएं, जब चलती हैं तो भले गर्म हों, लेकिन राहत देती हैं। शायद यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो। नदी, नहरें, नाले, तालाब और जलाशय सब सूखे पड़े हैं। अंग्रेजों के वक्त जितनी भी नहरें बनीं, उनके दोनों किनारों पर 220 मीटर तक नहर विभाग की जमीन होती थी, जिस पर न खेती की जा सकती थी, न ही कोई वहां बसेरा बना सकता था। कई-कई कोस की दूरी पर नहर विभाग की कोठियां जरूर होती थीं जिनमें इंस्पेक्शन करने जाने वाले एक्जीक्युटिव इंजीनियर रुकते थे। हर बड़ी नहर के समानांतर एक और नहर होती जिसमें मुख्य नहर का पानी बढ़ने पर छोड़ा जाता और वह सोख्ते का काम करती। पर अब न नहरें दिखती हैं, न नदियां न वे कोठियां और न ही वह हरियाली। आधुनिक जीवनशैली के नाम पर हर चीज का कारपोरेटीकरण हो गया है और इसमें सहायक बने आईएएस अधिकारी। खासकर जिला अधिकारियों ने नहर विभाग ही नहीं हर विभाग की स्वायत्तता खत्म कर दी है। पहले जिले में कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सिविल सर्जन (जिसे अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहते हैं) और एक्जीक्युटिव इंजीनियर समान स्तर के पद होते थे, लेकिन जैसे सत्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के हाथ में सिमटती गई, वैसे ही सारे सरकारी विभाग जिलाधिकारी के पास। इससे लूट का बाजार गर्म हुआ। नहर विभाग की जमीनों पर कब्जे होने लगे, सिंचाई विभाग कंगाल हो गया और अब तो पीडब्लूडी का भी यही हाल है। वन विभाग का अधिकारी कहां है, किसी को नहीं पता होगा। सबसे खराब स्थिति तो मद्य-निषेध विभाग और जिला कृषि अधिकारी तथा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी की है। जिले में माइनिंग माफिया को खुद जिला अधिकारी (डीएम) पनपाते हैं, कई जगह कानूनी तौर पर तो कई जगह अवैध, लेकिन कानून के बूते भी क्या आप आम आदमी से उसके हिस्से की हवा, पानी और सूरज की रौशनी छीन लोगे? अगर पीएम, सीएम और डीएम की मनमानी चलती रही तो अगले 20 वर्षों में न हरी-भरी धरती बचेगी, न शुद्ध जल और न ही हवा। बचेंगे तो दारू के ठिकाने और उच्च पथों पर सरपट दौड़ती गाड़ियां।

# गाद तो हमारे ही माथे पर है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता।

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की "हर घर जल योजना" ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया, आखिर धरती का सीन चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ टार होने से रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है-बारहों महीने, तीसों दिन यहां जेठ ही रहता है।

समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ जा सकता। इस गर्मी में सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं, उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगी-कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ से देखें। थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है -तालाब, कुंए, बावड़ी, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है। पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरत पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा 'ढाक के तीन पात'।

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड़ में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है, जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था, जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते, उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही हैं, जबकि चंदेलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। जाहिर है कि हमारे पूर्वजों की समझ कितनी सूझबूझभरी एवं वैज्ञानिक थी। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था, जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे।

यदि आजादी के बाद विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर खर्च बजट व उससे हुई सिंचाई और हजार साल पुराने तालाबों को क्षमता की तुलना करें तो आधुनिक इंजीनियरिंग पर लानत ही जाएगी। अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देखकर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी।

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। असल में तालाब की सफाई का काम आज के अंग्रेजीदां इंजीनियरों के बस की बात नहीं है। दो साल पहले केंद्र सरकार ने देश के सभी तालाबों का सर्वेक्षण करवा कर क्रांतिकारी काम किया। उसके बाद अमृत सरोवर योजना के तहत भी देश के कुछ तालाबों की तकदीर बदली है। यह समझना होगा कि जब तक सहेजे गए तालाबों का इस्तेमाल समाज की हर दिन की जल जरूरत के लिए नहीं होगा, जब तक समाज को इन तालाबों का जिम्मा नहीं सौंपा जाता, तालाब की समृद्ध विरासत को स्थापित नहीं किया जा सकता।

## सोशल फोरम

# प्रतिष्ठा के खेल और खिलाड़ी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रतिष्ठा या इज्जत या इमेज से मध्यवर्ग के लोगों को सबसे अधिक प्यार है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे अधिक मुश्किलें खड़ी करती है। हमारे अनेक मित्र कहते हैं कि इस तरह मत लिखा करो प्रैस्टीज डाउन हो जाएगी। मित्रों में पहले मित्रता बड़ी थी अब प्रतिष्ठा बड़ी हो गई है।

प्रतिष्ठा के कारण व्यक्ति की सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-राजनीतिक हैसियत महत्वपूर्ण हो गई और इंसानियत और समानता के मूल्यबोध की विदाई कर दी गई। इस बीमारी को हर शहर, संगठन, गली, मुहल्ले और मित्र सर्किल में सहज ही देख सकते हैं। मनुष्यों में प्रतिष्ठा की बीमारी पशुओं से आई है। जंगल में हर पशु की अपनी प्रतिष्ठा है। शेर की सबसे अधिक प्रतिष्ठा है। अन्य पशुओं की तरह शेर भी मूल्यहीन जीवन जीता है, लेकिन पशुओं में उसकी साख होती है। मनुष्य भी उससे डरते हैं। हम मध्यवर्ग के लोगों में प्रतिष्ठा पाने की जबर्दस्त भूख है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे बुरी चीज है, लेकिन हम सब उससे प्रेम करते हैं, प्रतिष्ठित व्यक्ति से जुड़ना अपना गौरव समझते हैं। सवाल किया जाना चाहिए प्रतिष्ठित होकर या प्रतिष्ठा पाकर व्यक्ति को क्या मिलता है? क्या उसके पास बेहतरीन जीवन मूल्य आ जाते हैं? क्या वह अच्छा इंसान बन जाता है? अच्छा इंसान बनने के लिए प्रतिष्ठा या इज्जत की नहीं बेहतरीन जीवन मूल्यों की जरुरत होती है। हम व्यक्ति पर बातें करते समय उसकी शोहरत, पद, सामाजिक-राजनीतिक -आर्थिक हैसियत की बातें करते हैं। उसके राजनीतिक कनेक्शनों की बातें करते हैं, लेकिन उसके जीवन मूल्यों पर बातें नहीं करते। यही वजह है हमारे आसपास मूल्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद खूब फलता-फूलता है। हम उसे वैध मानने लगते हैं, जबकि उसकी ये गतिविधियां अवैध हैं, पाशविक हैं। चूंकि समाज में प्रतिष्ठा पाने की होड़ मची है। इसके कारण हम तेरी-मेरी उसकी प्रतिष्ठा के खेल में सारी जिंदगी गुजार देते हैं। काश, हम प्रतिष्ठा से मुक्त हो पाते।

-फेसबुक वॉल से

# शिव बटालवी: मैंनू तेरा शबाब लै बैठा...



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था।

पंजाबी के निश्चित रूप से सबसे सशक्त गीतकारों में से एक शिव बटालवी को करोलबाग के खालसा कॉलेज में आए हुए आधी सदी से ज्यादा का वक्त गुजर गया है, पर अब भी कुछ लोगों को याद है जब उनकी रचनाओं पर सैकड़ों श्रोता झूम उठे थे। शिव बटालवी कविता पाठ करते हुए रो भी रहे थे। यह बात 1970 की है। शिव बटालवी तब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थे। उन्होंने अपना कविता पाठ इस रचना से शुरू किया-मैंनू तेरा शबाब लै बैठा,/रंग गोरा गुलाब लै बैठा।/ किन्नी पीती ते किन्नी बाकी ए/ मैंनू एहो हिसाब लै बैठा/ चंगा हुंदा सवाल ना करदा,/ मैंनू तेरा जवाब लै बैठा/ दिल दा डर सी किते न लै बैठे/ लै ही बैठा जनाब लै बैठा।

विरह के कवि शिव बटालवी को खालसा कॉलेज में पंजाबी के साहित्यकार डॉ. हरभजन सिंह लेकर आए थे। वहां पर हरमीत सिंह भी मौजूद थे। वे तब खालसा कॉलेज के छात्र थे और आगे चलकर यहां के शिक्षक और फिर प्रिंसिपल भी बने। शिव कुमार 'बटालवी' ने जैसे ही अपना गीत...की पुछ दे ओ हाल फकीरां दा/साडा नदियों बिछड़े नीरां दा/साडा हंज दी जूने आयां दा/साडा दिल जलया दिलगीरां दा...(हम जैसे फकीरों का हाल आप क्या पूछते हैं, हम तो नदियों से बिछड़े पानी जैसे हैं। जैसे किसी आंसू से निकले हैं) सुनाया तो खालसा कॉलेज में मौजूद श्रोता जिनमें मुख्य रूप से पंजाबी थे, की आंखें छलकने लगीं। शिव कुमार बटालवी (1936 -1973) की उन कविताओं को सबसे ज्यादा पसंद किया गया जिनमें करुणा, जुदाई और प्रेमी के दर्द का बखूबी चित्रण है। वे 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के साहित्यकार बने।

शिव कुमार बटालवी अपने दिल्ली के कार्यक्रमों में अपनी इन कालजयी पंक्तियों-पिच्छे मेरे, मेरा साया/ अग्गे मेरे, मेरा न्हेरा/किते जाए न बाहीं छड्डु/ वे तेरा बिरहड़ा(पिच्छे-पीछे, अग्गे-आगे, न्हेरा-अंधेरा, बाहीं – बांह, छड्डु-छोड़) तथा बिरहा बिरहा आखिए/बिरहा तूं सुल्तान/ जिस तन बिरहा न उपजे/ सो तन जान मसान (आखिए-पुकारिए, कहिए) अवश्य सुनाया करते थे। कह सकते हैं कि सुनाते इसलिए थे, क्योंकि श्रोताओं की मांग होती थी। दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था। अमृता प्रीतम जी का घर पंजाबी साहित्य की अनमोल धरोहर था। शिव कुमार बटालवी के आने पर एक महफिल खासतौर पर आयोजित होती थी। उसमें चित्रकार इमरोज, हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू के लेखक करतार सिंह दुग्गल, सरदार नानक सिंह (पवित्र-पापी फिल्म के निर्माता), डॉ.हरभजन, गुरुबख्श सिंह, महेन्द्र सिंह सरना (भारत के अमेरिका में एंबेसडर रहे नवतेज सरना के पिता), कुंवर महेन्द्र सिंह बेदी, उद्योग सागर सूरी, पंजाबी के गायक केसर सिंह नरूला (जसपिंदर नरूला के पिता) वगैरह अवश्व मौजूद रहते थे।

एक बार काव्य की धारा बहने लगती तो फिर वे अलसुबह तक जारी रहती। इस बीच, केसर सिंह नरूला और उनकी पत्नी मोहिनी नरूला किसी महफिल में पंजाबी का सदाबहार लोकगीत लट्ठे दि चादर, उत्ते सलेटी रंग माइया गाने के बाद शिव बटालवी की रचनाएं सुनाते थे। नरूला जी बताते थे कि अमृता प्रीतम के दिल के बहुत करीब थीं शिव बटालवी की रचनाएं। वह शिव की रचनाएं बार-बार पढ़ा करती थीं।

# विश्व मानवता और बंधुत्व का प्रतीक रेडक्रॉस



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

मानव इतिहास के सबसे काले क्षणों में जब दुनिया संघर्ष और अराजकता से बिखरी हुई है। ऐसे में रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) युद्ध और संकट के समय प्रभावित लोगों के लिए करुणा, निष्पक्षता और अटूट समर्थन प्रदान करती है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण लाखों लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है और अतीत की तरह आज भी रेड क्रॉस मानवता के पक्ष में लगातार आशा की किरण बना हुआ है।

रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका मुख्य उद्देश्य मानव के अनमोल जीवन की रक्षा करना है। इसके द्वारा युद्ध या विपदा के समय में युद्धों में लोगों की सहायता की जाती है। यह संस्था केवल युद्ध के समय नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और अन्य आपातकालीन खतरों में भी मानव सहायता प्रदान करती है। शिविरों का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इसके मुख्य शिविरों में से हैं। रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 ई. रेड क्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा जेनेवा में की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना के पीछे मुख्य विचार यह था कि मानवता की सेवा को कोई सीमा नहीं दी गई। इसके द्वारा विभिन्न उद्यमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है। यह युद्ध के समय, महामारी बीमारी, प्राकृतिक आपदा के समय असंतुलन की सहायता करता है। इसका मुख्य कार्य पीड़ित व्यक्ति की मानव सेवा है। रेड क्रॉस की स्थापना का उद्देश्य युद्ध के समय घायल सैनिकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और आपदा प्रबंधन के दौरान मदद करना है। रेड क्रॉस संस्था द्वारा ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है। यह लोगों के उपचार, भोजन, स्वच्छ पानी और रहने की व्यवस्था सरकार के साथ मिलकर करती है। आपदा के समय यह संस्था सरकार के प्रयासों को आसान बनाती है और अधिक से अधिक मानव जीवन की रक्षा करने का प्रयास करती है। इसका मुख्यालय जेनेवा जॉगर (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिवस 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की शुरुआत 1920 में हुई थी। भारतीय रेड क्रॉस का मिशन हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और आरंभ करना है ताकि मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके और रोका भी जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने में योगदान दिया जा सके। वर्ष 1901 में रेड क्रॉस को शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद इसे तीन अवसरों (1917,1944 और 1963 में) को नोबेल पुरस्कार दिया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसकी स्थापना के समय था। जैसे-जैसे दुनिया के नए-नए आविष्कार और आपदाओं का सामना होता है, रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व और भी बढ़ता जाता है। इसके स्वयं सेवक और कार्यकर्ता विश्वभर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। वास्तव में रेड क्रॉस के 90 प्रतिशत कार्यबल में स्वयं सेवक शामिल हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोग युद्ध और मानवीय पीड़ा के समय पीड़ा को कम करने और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्वयं सेवकों की निस्वार्थता संगठन के स्थायी प्रभाव का एक प्रमाण है।



वोट डालने के बाद विजयी चिह्न बनातीं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



मतदान करने जाते विधायक शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार



राजपुर मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए लाइन में लगीं महिलाएं। अमृत विचार

# जसवंतनगर में बरसे वोट, 58.94 प्रतिशत मतदान

## अधिकांश केंद्रों पर सुबह से ही लग गईं लाइनें, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सपा व भाजपा कार्यकर्ता आए आमने-सामने

जसवंतनगर संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो गया। सैफई क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर मतदान शुरू होने से पहले ही लोग पहुंच गए थे। अधिकांश मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुबह से ही लाइन देखी गई जो अपने घर से मतदान करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान आरोप-प्रत्यारोपों के बीच मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने तक 58.94 प्रतिशत वोटिंग हुई।

जिले का जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में शामिल है। इस विधानसभा क्षेत्र में चार लाख 488 मतदाता हैं। समाजवादी पार्टी के लिये प्रतिष्ठा की सीट मैनपुरी के लिए मंगलवार को 452 बूथों पर मतदान कराया गया है। यहां से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव हैं। जिले का जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र इसी लोकसभा में शामिल है। इससे यहां भी मंगलवार को मतदान कराया गया।

मतदान को लेकर मतदाताओं में सुबह से ही उत्साह दिखायी दिये। सुबह से ही मंतदान केंद्रों पर लंबी लंबी कतारें दिखायी देने लगीं थीं। भाजपा व सपा कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से एक एक वोट पर नजर गड़ाये रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच हुये मतदान में जसवंतनगर के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सपा व भाजपा कार्यकर्ता कई मर्तबा आमने जामने आये। आपस में मारपीट, गालीगलौज की शिकायतें भी कंट्रोल रूम में पहुंचीं। इससे जिला प्रशासन परेशान रहा।



वोट डालने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व डिंपल यादव।



उंगली पर लगे निशान को दिखाते पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव।



बेटों के साथ वोट डालने पहुंचे इटावा लोकसभा प्रत्याशी प्रो. रामशंकर कठेरिया।

### अखिलेश ने पत्नी व बेटी के साथ जाकर मतदान किया

■ **सैफई।** सैफई स्थित अभिनव विद्यालय मतदान केंद्र पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी अपनी पत्नी डिंपल यादव, बेटी अदिति यादव व परिवार के अन्य लोगों के साथ मंगलवार को 11 बजे वोट डाले। उनके परिवरीजन इसी केंद्र पर मतदान करते हैं। मंगलवार को सुबह ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव तथा फिरोजाबाद से चुनाव लड़ रहे उनके पुत्र पूर्व सांसद अक्षय यादव ने पत्नी संग जाकर वोट डाला। शिवपाल सिंह ने सुबह ही वोट डाला और प्रचार करने निकल गये। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव, उनकी पत्नी, अखिलेश यादव की चाची प्रेमलता यादव, सरला यादव, चाचा राजपाल यादव समेत परिवार के अन्य लोगों ने भी वोट डाला।

### बीजेपी सरकार का हर दावा झूठाः अखिलेश

■ इटावा। सैफई में अभिनव विद्यालय परिवार के साथ पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। वोट डालने के बाद निकल कर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार गर्मियों में वोट डाले हैं लेकिन बीजेपी वाले जानबूझकर गर्मियों में वोट डलवाते हैं, हालांकि वह कहेंगे कि यह चुनाव आयोग का निर्णय है। उन्होंने कहा कि हमने ऐसी सरकार देखी है जिसकी हर बात झूठी निकली, हर वादा झूठा निकला। लोगों को धोखा देने के लिए जुमले को गारंटी में बदल दिया गया। क्या किसान की आय दुगनी हुई किसान आज मारा मारा घूम रहा है। युवाओं के हाथ में नौकरी नहीं है। 2014 में जिन चीजों की कीमत कम थी आज वह आम आदमी की पहुंच से दूर है। भाजपा ने लोगों को गुमराह किया इन्वेस्टमेंट के नाम पर कुछ नहीं मिला। डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण की बात हो रही है जबकि अब तक डिफेंस कॉरिडोर बना ही नहीं।



वोट डालने पहुंचे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव।



व्हीलचेयर पर वोट डालने जाती वद्धा।

### प्रो. रामशंकर ने परिवार सहित डाला वोट

■ **इटावा।** भारतीय जनता पार्टी से इटावा लोकसभा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रामशंकर कठेरिया ने अपने दोनों बेटे शिवम और दिव्यांश के साथ मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्र संख्या 450 उच्च प्राथमिक विद्यालय बंसियापुरा पर पहुंचकर मतदान किया।

### अभिनेता सतेंद्र सिंह ने किया मताधिकार का प्रयोग

■ मैनपुरी में करहल विधानसभा के नगला उदी पोलिंग बूथ पर फिल्म अभिनेता, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जन समस्या मेला समिति भारत के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव ने अपने परिवार संग मतदान किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की की वे घरों से निकलें और अधिक से मतदान करें।



फिल्म अभिनेता सतेंद्र सिंह यादव ने परिवार के साथ पहुंचकर मतदान किया।

### घूंघट की ओट में महिलाओं ने चुनी सरकार

**जसवंतनगर।** लोकसभा चुनाव में आधी आबादी वोट डालने में पीछे नहीं रही। बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने घूंघट की ओट में वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिलाओं ने वोट डालने के बाद बाद उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि वह भी देश की सरकार को चुनने में किसी से पीछे नहीं है। घूंघट में वोट डालने पहुंची महिलाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

### मॉडल बूथों पर मिलीं बैठने को कुर्सियां, पीने को ठंडा पानी

**जसवंतनगर।** मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के द्वारा काफी अच्छी व्यवस्थाएं की गई थी जिससे मतदाताओं को परेशानी न उठानी पड़े। मतदान केंद्रों पर टेंट लगाए गए थे जिससे मतदाताओं को धूप में लाइन में न खड़ा होना पड़े। इसके साथ ही वहां लोगों के बैठने के इंतजाम भी किए गए थे। वहीं कुछ मॉडल बूथ भी बनाए गए थे। इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यह बूथ मतदाताओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी रहे। मतदाताओं को पीने के पानी की व्यस्वस्था के साथ बैठने के लिए भी कुर्सियां भी डाली गई थीं जिससे बुजुर्ग मतदाताओं को कोई परेशानी न हो।

### शांतिपूर्ण मतदान को डटे रहे एडीजी और डीआईजी

**जसवंतनगर।** मंगलवार को मतदान के दौरान शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए एडीजी कानपुर आलोक कुमार सिंह व डीआईजी जोगेंदर कुमार भी लगातार मतदान पर नजर बनाए रहे। एडीजी जसवंतनगर क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पहुंचे और लोगों से शांतिपूर्ण मतदान को लेकर बातचीत करते रहे। वहीं दूसरी ओर डीआईजी जोगेंदर कुमार ताखा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर नजर रखे रहे। मतदान के दौरान उन्होंने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा।

### मतदान केंद्रों पर रही डीएम-एसएसपी की नजर

**जसवंतनगर।** लोकसभा चुनावा के मतदान के दौरान डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते दिखाई दिए। मतदान केंद्रों पर पहुंचकर डीएम एसएसपी ने समय समय पर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही प्रेक्षक की गाड़ी भी चुनावी क्षेत्र मे फर्राटे भरती हुई दिखाई दी। सुबह मतदान शुरु होने से लेकर शाम मतदान पूर्ण होने तक अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे।



वोट डालकर आते सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव।

### प्रोफेसर रामगोपाल बोले- सपा जीतेगी

**इटावा।** सैफई के अभिनव विद्यालय के बूथ पर सबसे पहले फिरोजाबाद से सपा प्रत्याशी व प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव ने अपनी पत्नी के साथ आकर मतदान किया। उन्होंने कहा है कि जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने वाली है। वहीं प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारी लड़ाई देश, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए है। मुख्यमंत्री के बयान को लेकर उन्होंने कहा सत्ता के नशे में मुख्यमंत्री आए बांय सांय बात करते हैं। बीजेपी वाले हर बात झूठ बोलते हैं। उन्होंने राम मंदिर के सवाल पर कहा कि वह रोज राम का दर्शन करते हैं। राम मंदिर नहीं जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह मंदिर बेकार का है मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं मंदिर ऐसे नहीं बनते पुराने मंदिर देख लीजिए कैसे बने दक्षिण से लेकर उत्तर तक नक्शा ठीक से नहीं बना, वास्तु के लिहाज से ठीक नहीं बनाया गया है वह मंदिर।

# चुनाव में लगे रसोइयों ने मांगा भुगतान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मिड डे मील रसोइया कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी की बैठक उमा देवी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई। इसमें बताया गया कि चुनाव में रसोइयों द्वारा पोलिंग पार्टी के लिए खाना बनाना पड़ता है लेकिन उसका कोई भुगतान रसोइयों को नहीं कराया जाता है। इसलिए लोकसभा चुनाव में जो हमारी समस्याओं का समाधान कराएगा, उसी को वोट देंगे।

रसोइयों ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक स्कूलों में प्रधानाध्यापक के खाते में रसोइयों के लिए ग्लब्स, कैप, साबुन आदि सामान खरीदने के लिए 700 रुपये प्रति स्कूल के हिसाब से मार्च में ही पैसा भेज गया है। लेकिन अभी तक बहुत से स्कूलों में सामान रसोइयों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य ने कहा कि रसोइयों को 12 महीने का मानदेय दिलाने व अन्य सुविधाएं न देना रसोइयों के साथ अन्याय है। उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार से रसोइयों की मांगों को तत्काल हल कराने की मांग की। जय श्री, साधना, पुष्पा देवी, ममता देवी, रजनेश, रूबी, आशा देवी, रानी देवी, सरला देवी, गौरा देवी, श्रीदेवी, कांति देवी, जयश्री मौजूद रहे।

### मतदान ड्यूटी से गैरहाजिर सहायक अध्यापक निलंबित

**इटावा।** बीएसए डॉ. राजेश कुमार ने बताया है कि जितेंद्र दुबे सहायक अध्यापक उप्रा विद्यालय अपनेपुर महेवा को लोकसभा मैनपुरी की विधान सभा जसवंतनगर में जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया था लेकिन जितेन्द्र दुबे अनुपस्थित रहे। उच्चाधिकारियों के द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, परंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इसी के चलते उन्हें निलंबित कर दिया गया है।


### कई बूथों पर ईवीएम में खराबी से मतदान प्रभावित

**जसवंतनगर।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदान के दौरान कई मतदान स्थलों पर ईवीएम के खराब होने के कारण मतदान में कुछ देर के लिए व्यवधान पड़ा और बीच-बीच में मतदान को रोकना पड़ा। कस्बे में मिडिल स्कूल के बूथ संख्या 74 पर सुबह ही ईवीएम में खराबी आने के कारण मतदान देरी से शुरू हो सका। इसी प्रकार हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज मतदान केंद्र के बूथ संख्या 84 पर भी ईवीएम में खराबी आ जाने के कारण लगभग आधा घंटे तक मतदान बाधित रहा। इसी प्रकार ग्राम आलमपुर नरिया में बूथ संख्या 45 पर ईवीएम में खराबी आ जाने के कारण काफी देर तक मतदान में बाधा पड़ी। बाद में इबीएम मशीन बदलने के बाद मतदान शुरू हो सका। ईवीएम में खराबी के चलते मतदान रुकने से मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मतदान रुकने से इन बूथों पर मतदाताओं की लम्बी लम्बी कतारें लग गईं। धूप और गर्मी के चलते ऐसे में मतदाता परेशान दिखाई दिए।

# लाइन में मतदाता, छः बजे के बाद तक हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में मतदान का समय समाप्त होने के बाद क्षेत्र में कुल मतदान 58.94 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र में सुबह 9 बजे तक कुल 12.53 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सुबह 11 बजे तक यह मतदान प्रतिशत बढ़कर 25.59 प्रतिशत हो गया। इसके बाद दोपहर के समय भी गर्मी होने के बाबजूद मतदान की रफ्तार कम नहीं रही और दोपहर 1 बजे तक 39.07 प्रतिशत डाले गए। वहीं दोपहर 3 बजे तक मतदान



प्रतिशत 46. 51 हो गया। वहीं शाम 5 बजे तक क्षेत्र मंष कुल 57.02 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ मतदान केंद्रों पर इसके बाद भी मतदाताओं की कतार होने के चलते छह बजे के बाद भी वोटिंग हुई। मतदान के समापन तक क्षेत्र के कुल 58.94लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सार-संक्षेप

### परशुराम सेवा समिति की कोर कमेटी गठित

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति उप्र की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने की। परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 10 मई को 10 बजे से जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी के आवास मनियांमऊ (इकदिल) में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। हाईस्कूल व इंटर का मेधावी सम्मान समारोह जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से 13 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें डॉ. सुशील सम्राट, हरिप्रकाश चौधरी, जयशिव मिश्रा, राजेंद्र देव दुबे, रोहित चौधरी, नरेंद्र कुमार शर्मा छुन्ना, मुकेश दीक्षित, प्रतीक तिवारी, राहुल प्रकाश दीक्षित, अनुभव पांडेय, पंकज चतुर्वेदी, रविशंकर चौधरी, गीतिका तिवारी आदि शामिल हैं।

### डीबीए का चुनाव 31 मई को

**इटावा।** डिस्ट्रिक बार एसोशिऐसन की एल्डर्स कमेटी ने डीबीए चुनाव की घोषणा कर दी है। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने दी। उन्होने बताया कि एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शांति स्वरूप पाठक की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कमेटी के सदस्य प्रेम शंकर शर्मा रविद्र दुबे रमा शंकर चौधरी विशुन चंद्र अग्रवाल ने भाग लिया। सदस्यता सूची के संशोधन के लिए आपत्ति आठ व नौ मई को सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन दस मई को होगा। नामांकन पत्रों की बिक्री 14 व 15 मई को व नामांकन पत्र 16 व 17 मई को किए जाएगे। 18 मई को नामांकन पत्र की जांच होगी बीस मई को एक बजे तक नाम वापस लिए जा सकेगें। 31 मई को मतदान कराया जाएगा।

**आयोजन** ज्ञानस्थली एकेडमी में हुआ कार्यक्रम, बच्चों ने बटोरी वाहवाही

# टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जसवंतनगर संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ज्ञान स्थली एकेडमी विजय नगर में टैलेंट हंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। बच्चों ने अपने हुनर को मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य रामपाल सिंह राजावत ने की। नर्सरी से कक्षा 10 तक के बच्चों ने विभिन्न कैटेगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभागार में बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एकल नृत्य, ग्रुप नृत्य, नृत्य नाटिका, जीवंत प्रस्तुति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ने सर्वाधित मंत्रमुग्ध किया तथा बालिकाओं ने अपने कला कौशल एवं अभिनय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ साथ बच्चों के अंदर छिपी कलात्मक प्रतिभा को भी उपयुक्त मंच प्रदान करता है। कहा कि प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को प्रदर्शन के आधार पर जल्द ही मेडल व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

### श्रीकृष्ण ने इंद्र का घमंड किया चूर-चूर

**ककोर, औरैया।** औरैया के पास बरियापुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा का अयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा व्यास पुष्पराज अग्निहोत्री ने बताया कि एक दिन कन्हैया के कहने परसभी ने इंद्र के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा की। देवराज इंद्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी।तब मुरलीधर ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछडे.समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इसके बाद इंद्र ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह प्रभु विष्णु के साक्षात अंश हैं। इसके पश्चात देवराज ने मुरलीधर की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

# गोवंश से टकराई स्कूली वैन, पांच बच्चे घायल

चकरनगर संवाददाता इटावा

● चालक व एक राहगीर भी जख्मी जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** कस्बा चकरनगर के एक निजी स्कूल की मारुति वैन स्कूल से बच्चों को घर ले जाने के दौरान चकरनगर-भरेह मार्ग पर गोवंश से टकरा गई। हादसे में चालक सहित मारुति में सवार आधा दर्जन बच्चे और एक राहगीर घायल हो गया। पुलिस घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल पांच बच्चों चालक व वृद्ध राहगीर को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

चकरनगर कस्बा में संचालित एक प्राइवेट स्कूल की वैन छुट्टी के बाद बच्चों को घर ले जा रही थी। तभी चकरनगर-भरेह मार्ग पर गांव रम्पुरा के सामने एक छुट्टा गोवंश के अचानक सड़क पर आ जाने से




वैन उससे टकरा गई। जिसमें छात्र आयुष (10) पुत्र राजीव सिंह, अभय सिंह (11) पुत्र संतोष सिंह, पायल कुमारी (15) पुत्री गोदेश सिंह, रागिनी (18) पुत्री संजय सिंह, रामबहादुर सिंह (6) पुत्र राजू, सौम्या (11) व ऋषभ (7) पुत्रगण अनिल कुमार निवासीगढ़ कुंदौल व चालक तहराज सिंह (30) पुत्र महावीर सिंह निवासी चकरनगर तथा राहगीर रामकुमार (50) पुत्र राम सिंह लालपुरा थाना बिठौली घायल हो गए।


पुलिस सभी घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची।जहां डॉक्टरों की टीम ने सौम्या व ऋषभ को छोड़कर अन्य सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चालक की हालत अति गंभीर है। क्षतिग्रस्त वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और एसडीएम ने संबंधित ग्राम लेखपाल को घायलों का हाल जानने के लिए रवाना किया। एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह ने बताया कि एक मारुति वैन की टकराने की जानकारी मिली है। जिसमें कुंदौल गांव के कई बच्चे, चालक और राहगीर घायल हुआ है। बच्चों का हाल जानने और जांच के लिए टीम भेजी गई है। जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग जख्मी

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नौधना निवासी 28 वर्षीय रजनीश कुमार मंगलवार की दोपहर बाइक पर पिता राम गोपाल, भाई अवनीश कुमार को लेकर बकेवर आ रहे थे। थाना क्षेत्र के सिक्स लेन कोठी शेरपुर के हाईवे पर इटावा की ओर से तेज गति से आए बाइक सवार उनकी बाइक में टकरा गया। हादसे में रजनीश कुमार तथा दूसरी बाइक पर सवार बंटी पुत्र बन्ने निवासी अरविंद पुल व दानिश पुत्र मुस्ताक निवासी नौरंगावाद थाना कोतवाली इटावा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो ने घायलों को 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जहां रजनीश की हालत गंभीर होने के चलते स्थानीय चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जनसभा को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार



अखिलेश यादव को प्रतीक चिह्न देते सपा में शामिल हुए रामजी शुक्ला एवं लाल जी शुक्ला। अमृत विचार




हाथ में तख्ती लिए बेरोजगार युवा। अमृत विचार

# सरकार का एक इंजन खटारा, होर्डिंग से गायब : अखिलेश

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इटावा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के समर्थन में की जनसभा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के समर्थन में औरैया मंडी समिति में जनसभा की। जहां उन्होंने कहा जनसमर्थन भरोसा दिला रहा है कि इस बार इंडिया गठबंधन और सपा की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। कहा कि वे डबल इंजन की सरकार कहते हैं और होर्डिंग से इनका एक इंजन ही गायब है।अब इंजन खटारा हो चुका है। कहा कि दो चरणों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। तीसरे चरण में बीजेपी का खाता नहीं खुल रहा है।

वहीं उन्होंने कहा बीजेपी वालों से इलेक्ट्रोरल बांड के बारे में पूछो तो उनका बैंड बज जाता है और इन्होंने तो वैक्सीन वालों से भी चंदा ले लिया है। सूचनाएं मिल रही हैं जो समाजवादी पार्टी के बूथ अच्छे हैं वहां पुलिस तांडव कर रही है।दो चरणों के बाद ये 4 सौ पार नहीं कह पा रहे हैं, कहां गया इनका नारा।



जनसभा में मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपा की आधी ताक़त विपक्ष के ख़िलाफ़ झूठ फैलाने, झूठे मुक़दमे लगाने में ख़त्म हो गई है और बाक़ी बची आधी ताक़त भाजपा के ही बड़े और शक्तिशाली नेताओं और कार्यकर्ताओं को ख़त्म करने में।अगला नंबर किसका है, यूपी वाले सब जानते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि अग्निवीर की नौकरी देकर युवाओं को ठगा गया। मोदी, योगी सरकार ने देश-प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

सदर औरैया कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति परिसर में चुनावी जनसभा को संबोधित करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंच पर पहुंचते ही जनता का अभिवादन किया। इसके बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार युवाओं और किसानों की विरोधी है। रोजगार देने के नाम पर युवाओं को ठगा गया है । साथ ही साथ महंगाई पर भी बीजेपी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले अग्निवीर की व्यवस्था को खत्म करेंगे। इसके साथ ही साथ महंगाई और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगी। मीडिया पर आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्लोगन बोला कि मीडिया बिलकुल उसी तरह काम करती है जिसका दाना उसी का गाना।

- कहा-भाजपा ने अग्निवीर से युवाओं को ठगा, पूंजीपतियों के कर्ज कर दिए माफ
- महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर भी बीजेपी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

### युवाओं ने की अहीर रेजीमेंट की मांग

वहीं जनसभा में सैकड़ों बेरोजगार युवाओं ने अपना प्रदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में नौकरी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ युवा अहीर रेजिमेंट हक है हमारा की तख्ती लिए आर्मी में अहीर रेजिमेंट की मांग करते नजर आए।

### पूर्व मंत्री रामजी शुक्ला समर्थकों सहित सपा में शामिल

अखिलेश यादव के सामने बसपा सरकार में राज्यमंत्री रहे राम जी शुक्ला ने अपने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रहे भाई लाल जी शुक्ला व अपनें पांच हजार समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि औरैया की धरती सदा मुलायम सिंह जी के घर जैसी है और औरैया में वे सपा को भारी बहुमत से जितवाकर भेजेंगे।



उत्साहित समर्थक हाथ में लिए साइकिल का प्रतीक चिह्न। अमृत विचार

### तलवार तो किसी ने भेंट की गदा

जनसभा को दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक मदन गौतम, पल्लवी पाल औरैया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनूप गुप्ता व सपा के सांसद प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे नें संबोधित करते हुए सपा के लिए वोट मांगे। कई लोगों ने चांदी का मुकुट लगी पगड़ी भी अखिलेश यादव को पहनाई और कुछ लोगो ने गदा भेंट की। एक तलवार भी सपा मुखिया को भेंट की गई। महिला मोर्चा की तरफ से सपा मुखिया को बुद्ध भगवान की प्रतिमा भेंट की।



बैठक में उपस्थित शाक्य समाज के लोग। अमृत विचार

# शाक्य समाज की बैठक में एकजुटता पर दिया जोर

संवाददाता बिधूना, औरैया

- 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

**अमृत विचार।** मंगलवार को प्रहलादपुर भटौली में स्थित गेस्ट हॉउस में शाक्य समाज की बैठक हुइ। इसमें जहां संगठित होने के साथ शिक्षित संस्कारित होने पर बल दिया गया। वहीं आपस के मतभेदों को भुलाकर मिल बैठकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने को कहा गया।

बिधूना विधान सभा के क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी एवं सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य ने कहा कि जो समाज संगठित नहीं होता उसका कभी भला नहीं हो सकता । कहा समाज के लोगो ने पीछे जो गलतिया की उन्हें अब दोहराये नहीं क्योंकि बाद में पांच साल पछताना पड़े। इसलिए सभी लोग एक जुट होकर आने वाली 13 मई को एक जुट होकर शत प्रतिशत मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान अवश्य दें।इस अवसर पर ,अखिलेश शाक्य जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय शाक्य महासभा ,पुष्पेंद्र शाक्य प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख हसेरन प्रवीण शाक्य प्रधान सहित कई लोगो ने बैठक में समाज को राष्ट्रीय विचारधारा के साथ चलने के साथ कुरीतियों से दूर रहने को कहा। अनिल शाक्य, लालू शाक्य, सुल्तान सिंह शाक्य, संतोष शाक्य, प्रेम सिंह शाक्य सभासद, ललित शाक्य, अमित शाक्य, सुभाष शाक्य, विवेक शाक्य सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशों पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण, छात्र-छात्राओं की श्रृंखला, मतदाता जागरूकता अंतर्गत परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राये अपने मताधिकार के मूल को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करें कि लोकतंत्र की स्थापना में मताधिकार का जितना महत्व है और आपके मत का महत्व सामान्य है इसमें किसी प्रकार का छोटे बड़े ऊंचे-नीचे का भेदभाव नहीं होता है इसलिए आगामी 13 मई को जनपद में मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बने।कार्यक्रम जनपद के राजकीय हाई स्कूल मानपुर,1043 स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज सहायल, 1004 जनता इंटर कॉलेज ककोर, सर्वोदय इंटर कॉलेज साफर , नारायण इंटर कॉलेज मल्हौसी, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर , 1044 श्री सच्चिदानंद जन सहयोगी इंटर कॉलेज लहरापुर, विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर, जनता इंटर कालेज असैनी, मानस इंटर कालेज कंचौसी, जनता इंटर कालेज सल्हापुर, पंडित प्रताप नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर, गुलज़ारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, इन्दिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ, गोष्ठी व अंताक्षरी प्रतियोगिता कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।वहीं दूसरी ओर मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरुकता रैली पालिका कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गौशाला रोड,फूलमती मंदिर,होकर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई साथ ही सभी कर्मचारियों को मतदान शपथ दिलाई गई और आमजन को आगामी 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।



रैली निकालते नगर पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

## 'मम्मी स्कूल न जाना...' पर थिरके बच्चे

**औरैया।** जिले के भगौतीपुर स्थित शेम फोर्ड फ्यूचरिस्टिक के- 12 स्कूल में मंगलवार को पुरस्कार वितरण समारोह एवं श्रमिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें-मुन्नों ने अपनी प्रस्तुतियों से अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय द्वारा अभिभावकों का स्वागत तिलक लगाकर एवं बैज पहनाकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन डॉ. अनिल हांडा, संस्थापक एवं प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी नरुला के साथ कार्यकारिणी सदस्य अनंगपाल सिंह तोमर, मनीष गुप्ता, बबिता गुप्ता ने किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत 'कुछ भी हो जाए मम्मी स्कूल न जाना मैं' एवं 'तू कितनी अच्छी है' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। बच्चों ने अभिभावकों के साथ विभिन्न खेल ।




कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप




रैली निकालते बच्चे व ग्रामीण। अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**फफूंद, औरैया।** मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर के बच्चों ने गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकाली ।ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय ने कहा हम सब का दायित्व है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत-प्रतिशत मतदान करें।इसके लिए हम जागरूक लोगों को समाज में जागरुकता लानी होगी।यदि हमारी उंगली पर मतदान की स्याही का निशान नहीं है।तो हमें पूरी 5 वर्ष किसी भी सरकार के ऊपर उंगली उठाने का कोई अधिकार नहीं है।इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक शिवप्रसाद वर्मा, किरण मिश्रा, दीक्षा गुप्ता, वंदना पोरवाल, रागिनी, शिक्षामित्र रूनम मिश्रा, बीएलओ राजेश, आंगनबाड़ी सहायिका प्रेमवती, महेंद्र सिंह, मनरेगा मेट रीता देवी, समूह सखी पूनम कठेरिया, सहित कई ग्राम वासी मौजूद रहे।



विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं शिक्षक। अमृत विचार

### स्नातक विद्यार्थियों की फेयरवेल पार्टी

**औरैया।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में बीएससी एवं बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की ओर से किया गया।इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने किया।उन्होंने कहा कि कहा कि संसार में माता-पिता और गुरु ही आपको अपने से बेहतर बनते हुए देखना चाहते हैं।इसलिए इनका हमेंशा सम्मान करें।समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. आलोक यादव ने कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल पैदा करना है।बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और गीत प्रस्तुत किए गए।शिक्षक डॉ. यश कुमार, डॉ. महेंद्र तिवारी, योगेश मिश्रा, विनोद कुमार, हिमांशु यादव, निकिता अग्रवाल, डॉ. संदीप ओमर, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. श्याम नारायण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थी कृतिका, पलक, अदिति, हनी कुमारी, शिवम, अनुष्का सिंह, नंदिनी, प्रेरणा, रोनी, गौरी, निहारिका का सहयोग रहा।

### सफाई कर्मियों के ठेकेदार का शव फंदे से लटका मिला

**औरैया।** शहर स्थित जिला अस्पताल के सफाई कर्मियों के ठेकेदार का संदिग्ध हालात में अस्पताल परिसर के एक कमरे में शव लटका मिला।पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है।शहर के मोहल्ला पढ़ीन दरवाजा निवासी जितेंद्र कुमार (34) जिला अस्पताल में सफाई कर्मियों के ठेकेदार थे। सोमवार देर शाम संदिग्ध हालात में उनका शव अस्पताल परिसर में बने आवास पर फंदे में लटका मिला।अस्पताल कर्मियों ने सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने छानबीन के बाद उसके शव को नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाल भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले की जानकारी के बाद शव को जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



जितेंद्र कुमार।

### चोरों ने तीन लाख की नकदी व लाखों रुपये के जेवर किए पार

**बिधूना, औरैया।** बेला कस्बा क्षेत्र के बेला-दिवियापुर मार्ग निवासी अमर सिंह पुत्र राम सहाय के घर से चोरों ने नकदी और जेवरात सहित लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थाना पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित अमर सिंह ने कहा है कि बीती रात वह और उसकी पत्नी किरन अपने घर पर बाहर बरामदे में सो रहे थे।रात में चोरों ने छत के रास्ते से उनके घर में प्रवेश किया और दोनों सेफो के ताले तोड़ कर बक्से में रखें 2 लाख 90 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिये।खास बात यह रही कि चोर चांदी का कोई भी जेवरात साथ नहीं ले गए जो घटनास्थल पर ही पड़ा था।थाना प्रभारी निरीक्षक बीनेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे।जहां जांच-पड़ताल की।थाना प्रभारी ने बताया है कि तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मिलेंगी सुविधाएं** कन्हों के ग्रामीण एक ही स्थान पर बनवा सकेंगे जरूरी दस्तावेज

# पंचायत भवन में गेस्ट हाउस, पुस्तकालय

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड अछल्दा की ग्राम पंचायत कंन्हो में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर तमाम सुविधाएं कुछ ही दिनों में मिलने लगेंगी। ब्लॉक में कंन्हो पहली ऐसी ग्राम पंचायत बनी है जहां ग्रामीणों को अब नगरों की ओर नही दौड़ना पड़ेगा।

ग्राम पंचायत कन्हो की महिला प्रधान पारुल पत्नी साहुल सिंह ने बताया कि नवीन पंचायत भवन 17.46 लाख रुपये से बनकर तैयार होने वाला है। इस बहुउद्देशीय पंचायत भवन में ग्रामीणों को गेस्ट हॉउस जैसे सुविधा भी मिलेगी।

पंचायत भवन में पंचायत के लोगों को विवाह करने के लिए पड़ोस के नगरों में नहीं जाना पड़ेगा क्योंकि इस पंचायत भवन मे विवाह समारोह के आयोजन के लिए चार कमरे एक किचन एवं बड़ा ग्राउंड मिलेगा। इसी स्थान पर सार्वजनिक शौचालय भी बना हुआ है।पंचायत भवन मे पंचायत वासियों को सभी जरूरी कागजात बनवाने की सुविधा भी मिलेगी। एक पुस्तकालय का निर्माण भी होगा। इससे छात्रों को लाभ होगा।




नवनिर्मित व निर्माणाधीन बहुउद्देशीय पंचायत भवन। अमृत विचार

## प्रशासन ने अनुमति देने से किया इंकार

**बिधूना, औरैया।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा औरैया के तत्वावधान में इस बार औरैया की जगह बिधूना में महाराणा प्रताप जयंती मनाये जाने को लेकर प्रशासन ने यह कहकर अनुमति नहीं दी कि बिधूना में परंपरागत रूप से होने वाले कार्यक्रम के लिए पहले ही अनुमति दी जा चुकी है। आरोप है कि इस बात को लेकर पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गौरव रघुवंशी एवं अन्य कुछ क्षत्रिय नेताओं को चेतावनी दी कि यदि बिना किसी अनुमति के कार्यक्रम करने का प्रयास किया तो विधिक कार्यवाही की जायेगी। जैसे ही लोगों को यह जानकारी हुई तो काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग भी थाने पहुंच गए और कार्यक्रम के लिए अनुमति का दबाव बनाने लगे।

# किशोरी से छेड़छाड़ पर चार वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना सहार क्षेत्र में करीब डेढ़ वर्ष पहले एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ व सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने को दोषी संजेश को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 1.10 लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना सहार में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने लिखा कि 30 सितंबर 2022 की शाम साढ़े चार बजे जब उसकी पुत्री स्कूल से आ रही थी तभी अभियुक्त संजेश ने इन्दपामऊ नदी के पुल के पास उसे घेर लिया व छेड़खानी की। इससे पहले भी सर्दी के दिनों में पिछले वर्ष संजेश ने राह चलते हुए उसकी एक फोटो खींच ली थी। यह फोटो उसने अपनी इंस्टाग्राम से सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। संजेश का साथी जयसिंह उक्त फोटो के सहारे उस पर दबाव बनाकर परेशान करने थे।

विवेचना के वाद पुलिस ने केवल संजेश पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ग्राम बहादुरपुर सहार के विरुद्ध पॉक्सो, छेड़छाड़ व आईटी एक्ट में चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह की कोर्ट में चला।

## एक नजर

### दो इनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पुलिस ने अलग-अलग जिलों में वांछित दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एक आरोपी पर 20 हजार तो दूसरे आरोपी पर 15 हजार का इनाम था। सिद्धार्थनगर के थाना खेनसरा में क्राइम ब्रांच द्वारा राजकुमार निवासी करमहिया डिडई सिद्धार्थनगर को घोसियारी बाजार से गिरफ्तार किया गया है। राजकुमार पर कई मुकदमों में वांछित होने के कारण पुलिस ने 20 हजार का इनाम रखा हुआ था। वहीं सुल्तानपुर के बंधुआकला निवासी इंद्रपाल को सुल्तानपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इंद्रपाल चंदौली के अलीनगर थाने में वांछित चल रहा था। इंद्रपाल पर पुलिस ने 15 हजार का इनाम रखा हुआ था।

### पांच-पांच ग्राम पंचायतों की ऑडिट रिपोर्ट केंद्र ने मांगी

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिलों से पांच-पांच ग्राम पंचायतों की वर्ष 2023-24 की मनरेगा के तहत हुए कार्यों की ऑडिट उपयोग प्रमाण पत्र के साथ श्रमांश, सामग्री व प्रशासनिक मद की रिपोर्ट मांगी है। ऑडिट होने वाली ग्राम पंचायतों को छोड़कर बाकी की रिपोर्ट देनी है। जिसके गबन संबंधित प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। यह रिपोर्ट ग्राम्य विकास मुख्यालय की तरफ से जाएगी। जो 20 जून तक राज्य मनरेगा प्रकोष्ठ कार्यालय को उपलब्ध करानी है।

### हम 80 सीटें जीतने की ओर बढ़ रहे : भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि तीन चरणों के चुनाव के बाद यह स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है कि भाजपा को मिल रहे समर्थन से राज्य की सभी 80 सीटें जीतने की ओर हम बढ़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तीनों ही चरणो में जनता ने विपक्ष का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि अपने बेटों की हार के आभास से रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव बौखला गए हैं।

# मतदान के बाद सपा-भाजपा में जुबानी जंग तेज

## दोनों राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर लगाया मतदान के दौरान अराजकता फैलाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां सपा नेताओं, समर्थकों से मतदान के बाद ईवीएम पर पैनी नजर बनाये रखने की हिदायत दी, वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का तर्क रहा कि सपा के लोग जानबूझकर लड़ाई-झगड़ा करने का प्रयास करेंगे। इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। भाजपा की ओर यह भी यह शंका भी प्रकट की गई कि सपा के लोग हमारे कार्यकर्ताओं को उलझाने का प्रयास करेंगे। वहीं, सपा खेमे से भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप है।

### जहां भी गड़बड़ी दिखे तुरंत वीडियो भेजें : अखिलेश यादव

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तीसरे चरण के मतदान के बाद इंडिया गठबंधन के हर बूथ एजेंट, कार्यकर्ता, प्रत्याशी, पदाधिकारी, समर्थक व जनता से अपील है कि वो सावधान, सतर्क और सचेत रहें।



उन्होंने कहा है कि मतदान खत्म होने के बाद जब तक ईवीएम सील न हो जाए, स्ट्रांग रूम तक पहुंच न जाए, तब तक पूरी मुस्तैदी से चौकन्ना रहें। अखिलेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स पर लिखा है कि सब मिलकर डटे रहें। किसी भी गड़बड़ी की आशंका होने पर सबूत के रूप में वीडियो तुरंत भेजे। 'बूथ रक्षक और 'संविधान के सिपाही के रूप में वोट की रक्षा के लिए जी-जान लगा दें। अखिलेश ने इसके पहले सुबह मतदान शुरू होने से पहले मतदाताओं के नाम अपील जारी करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में मतदान अधिकार भी है, कर्तव्य भी।

### सपा ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़ सकती : भूपेंद्र चौधरी

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि मैनपुरी में सपा के गुंडों द्वारा अराजकता की जा रही है।



उन्होंने कहा कि सपा ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़ सकती। वह हिंसा करके लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। उसका प्रयास अराजकता फैलाने का है। वो झूठे आरोप लगाएंगे, चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करेंगे, पुलिस और प्रशासन से भिड़ेंगे और भाजपा कार्यकर्ताओं को उलझाने का प्रयास करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक, सपा की ये सब सोची समझी चाल है। वो इस तरह के प्रयास करते अपनी हार का बहाना तलाश रहे हैं। लेकिन इसका उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि पुलिस अपना काम कर रही है और हिंसा करने वाले हर व्यक्ति को उसके किए की सजा मिलेगी।

### सपा समर्थक मतदाताओं को रोका गया : राजेंद्र चौधरी

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि भाजपा ने अपनी हार होते देखकर कई जिलों में सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया। सपा समर्थक मतदाताओं विशेषकर मुस्लिम मतदाताओं को कई जगह मतदान से रोका गया, दबंगों ने कई जगह मतदाताओं को डराया, धमकाया। कई स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारी और पीठासीन अधिकारी भी चुनाव को प्रभावित करने की कोशिशें करते रहे। सपा प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा मैनपुरी में जहां से डिम्पल यादव प्रत्याशी हैं, वहां फर्जी मतदान कराते हुए कई भाजपाई दबंगों के नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. लखनऊ को भेजे गए हैं। सपा के बूथ एजेंट को पोलिंग स्टेशन से बाहर निकाला गया। सपा नेता ने कई स्थानों पर ईवीएम खराब होने और भाजपाइयों पर बूथ कैप्चरिंग का भी आरोप लगाया।

# एसएन साबत हटे, रामाशास्त्री को कारागार का प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो और एडीजी को मिली जिम्मेदारी, दो अफसरों को तैनाती का था इंतजार

अमृत विचार : लंबे समय से पुलिस महानिदेशक कारागार की जिम्मेदारी संभाल रहे एसएन साबत को मंगलवार को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर इस पद पर डीजी पीबी रामाशास्त्री की तैनाती दी गई है। वहीं एडीजी पुलिस मुख्यालय का ट्रांसफर करते हुए प्रतीक्षारत एडीजी आनंद स्वरूप को इस पद पर तैनाती दी गई है।

सबसे चर्चित तबादला 1990 बैच के आईपीएस एसएन साबत का रहा। शासन ने उन्हें डीजी कारागार पद से हटाकर डीजी सीबीसीआईडी बनाया है। जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे और लगभग दो महीने से डीजी इन वेटिंग चल रहे 1989 बैच के पीवी रामाशास्त्री को पुलिस महानिदेशक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं) बनाया गया है। वहीं लंबे समय बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे 1992 बैच के आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। जबकि डॉ. एन. रविंद्र को अपर पुलिस महानिदेशक केजीएसओ पद पर पूर्ण तैनाती दी गई है। सभी अफसरों को तत्काल पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

# मतदाता पर्ची के साथ ही बांटें पत्रक

## राजनाथ को चुनाव जिताने के लिए भाजपा नेताओं ने बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




चुनावी बैठक को संबोधित करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के पत्रक और मतदाता पर्ची का वितरण घर-घर जाकर किया जाए। हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में चुनाव प्रचार की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त बात एमएलसी मुकेश शर्मा ने कही।

शर्मा ने कहा कि 20 मई को सभी लोग मतदान करें, इसके लिए मतदाता से आग्रह करें। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान घर-घर रक्षामंत्री के चुनावी स्टीकर भी लगाना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट समेत अन्य नेता भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार करेंगे। प्रचार वाहन के माध्यम से भी सरकार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से कराए गए कार्यों का वीडियो प्रसारण प्रमुख चौराहों पर किया जाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता कॉलेज-विश्वविद्यालयों में जाकर नवमतदाता से भी संपर्क करें। साथ ही मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और बस्तियों में भी संपर्क बढ़ाएं। मेयर सुषमा खर्कवाल और पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने भी पदाधिकारियों को संबोधित किया।

बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा सहसंयोजक राकेश श्रीवास्तव, पुष्कर शुक्ला, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सुशील तिवारी पम्मी आदि मौजूद रहे।

### बी टीम के आरोप की धारणा को तोड़ने की कोशिश में मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : राजनीति के गलियारों में भाजपा की बी-टीम होने का बसपा पर आरोप लगते हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता यदा-कदा बयां भी करते हैं। सोमवार की देर रात अचानक जौनपुर में प्रत्याशी बदलने के बाद चर्चाएं और बढ़ गई हैं। आरोप में दम, मापने का या सिद्ध होने का कोई मापक तो नहीं है। मगर पार्टी प्रमुख मायावती बी-टीम होने की धारणा तोड़ने की कोशिश करती रहती हैं, इसके लिए वह सोशल मीडिया पर जारी संदेशों में न केवल सपा-कांग्रेस की खिलाफत करती हैं बल्कि सत्तारूढ़ दल भाजपा पर आचार संहिता का उल्लघंन करने का मुद्दा अक्सर उठाती रहती हैं।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान पूर्व सुबह उन्होंने एक्स पर, जनता ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील के साथ ही भाजपा की कार्यशैली पर सवाल भी खड़े किये। 'पहले मतदान फिर जलपान' की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट की हर प्रकार से रक्षा करते हुए मतदान करें, लोकतांत्रिक अवसर को कतई न गवाएं, मतदान कर अपना भविष्य खुद संवारें।

# पुत्र उमर के लिए लॉ फर्म बनाना चाहता था अतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाईकोर्ट के पास पांच करोड़ की जमीन 14 लाख में थी खरीदी
- जमीन को कुर्क करने की तैयारी में पुलिस

अमृत विचार : माफिया अतीक अहमद का बड़ा पुत्र इलाहाबाद हाईकोर्ट के बगल की जिस जमीन पर लॉ फर्म बनाना चाहता था, अब वह योजना संकट में आ गई है। पुलिस की जांच में पता चला कि पांच करोड़ की कीमत की यह जमीन मात्र 14 लाख में खरीदी गई थी। इसी जमीन पर लॉ फर्म बनाने के लिए निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था, जिसे पीडीए द्वारा ढहा दिया गया।

गौरतलब हो कि अतीक अहमद के बड़े पुत्र उमर ने एलएलबी कर रखा है। वह इसी लॉ फर्म में बैठकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करना चाहता था। जांच में पता चला कि इस जमीन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है, जबकि अतीक अहमद ने इस जमीन को मात्र 14 लाख रुपये में खरीद ली थी। जांच में पता चला कि यह जमीन भी अतीक अहमद के ही नाम है। बता दें कि अतीक अहमद के मरने के बाद कुछ स्थानीय लोगों ने इस जमीन को कब्जा करने का भी प्रयास किया था। बाद में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने यहां पर हुए कुछ निर्माण को ढहा दिया। अब पुलिस इस जमीन को कुर्क करने जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### प्रोमोटर को पहले रेरा पोर्टल पर कराना होगा परियोजना का पंजीकरण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रोमोटर को परियोजना का पंजीकरण कराने के लिए पहले रेरा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। साथ ही कुछ आवश्यक अभिलेख भी अपलोड करने होंगे। सभी अभिलेखों का मूल्यांकन करने के बाद ही प्रोमोटर का पंजीकरण हो सकेगा। इसके बाद ही प्रोमोटर रेरा पोर्टल पर अपनी परियोजना पंजीयन का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उप्र भू-नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि प्रोमोटर को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का विकल्प चयन करके मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आईडी की मदद से एक लॉग इन प्रोफाइल बनाना होगा। ओटीपी से सत्यापन के बाद ई-मेल आईडी को हमेशा यूजर आईडी की तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# चुनाव चिह्न आवंटित, किसी को मिला गुब्बारा तो किसी को हीरा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों को मंगलवार को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए। राष्ट्रीय पार्टियों को छोड़कर अन्य दलों में किसी को गुब्बारा चुनाव चिह्न मिला तो किसी को ऑटो रिक्शा। बता दें कि लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। मोहनलालगंज से 11, लखनऊ संसदीय सीट से 10 और पूर्वी विधानसभा से चार प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनावी मैदान में भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों को आज चुनाव चिह्न आवंटित किया गया।

#### लखनऊ लोकसभा सीट

भाजपा प्रत्याशी के राजनाथ सिंह को कमल, समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के मोहम्मद सरवर मलिक को हाथी, सरवर पार्टी के सरवर अली को हीरा, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल के कपिल मोहन चौधरी को आदमी व पाल युक्त नौका, हिंदू समाज पार्टी के गौरव वर्मा को सेब, किसान विश्व पार्टी के बृजेश कुमार यादव को हॉकी और बॉल, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया के मो. अहमद उर्फ रिंकू को ऑटो रिक्शा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों में अखंड प्रताप सिंह को सिलाई मशीन, इस्तियाक अली को बल्ला चुनाव चिन्ह मिला है।

#### मोहनलालगंज लोकसभा सीट

भाजपा के प्रत्याशी कौशल किशोर को कमल चुनाव चिन्ह, समाजवादी पार्टी के आरके चौधरी को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को हाथी, राष्ट्रीय समाज पक्ष के बृजेश कुमार विक्रम को सीटी, पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेट) के एसएल सिंह को फलों से युक्त टोकरी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के सूरज कुमार को कटहल, आम जनता पार्टी (इंडिया) के सुनीता छेदा पासी को केतली चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सुशील कुमार रावत को चारपाई, रमेश कुमार को गुब्बारा, जितेंद्र कुमार को स्कूल का बस्ता, महेंद्र को ऑटो रिक्शा चुनाव चिन्ह मिला है।

#### लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट

भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश श्रीवास्तव को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के मुकेश सिंह चौहान को हाथ, बहुजन समाज पार्टी के आलोक कुशवाहा को हाथी और निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार वाल्मीकि को केतली चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

### डेढ़ माह में सिर्फ 54 विद्यालयों में लग सके सीसीटीवी कैमरे

अमृत विचार, लखनऊः विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली को नियंत्रित करने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। हालांकि डेढ़ माह में प्रदेश के 94 विद्यालयों में महज 54 में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं।

बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगने शुरू हुए थे। समाज कल्याण निदेशक ने सभी 94 विद्यालयों में सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए थे। अभी तक 54 विद्यालयों में ही सीसीटीवी लग सके हैं। विद्यालयों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया गया है। सोमवार को वृद्धाश्रम संचालकों के साथ निदेशक ने बैठक की। उनको भी 15 जून तक सभी 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों ही कंट्रोल रूम निदेशालय में होंगे और विद्यालयों एवं वृद्धाश्रमों में कार्यरत कर्मियों की कार्यशैली पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही विद्यालयों में अध्यापक समय से आ रहे हैं या नहीं इसकी जानकारी भी मिल सकेगी।

# मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार, फूट-फूट कर रोया

## एक्टिविस्ट ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आरोपी समीम।

अमृत विचार : 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाला गिरफ्तार होते ही फूट-फूट कर रोया। एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट की तीन टीमें उसे तलाश रही थीं। मंगलवार को उसकी लोकेशन प्रयागराज में फिर मिली, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही वह रोने लगा। कहा कि उस दिन वह नशे में था, गलती से बोल गया, मुझे माफ कर दो।

प्रयागराज के रहने वाले समीम उर्फ बबलू ने 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर आकर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दे रहा था। इस दौरान उसने कहा कि मैं चुनौती दे रहा हूं कि मेरे घर पर बुलडोजर चलाकर दिखाएं। इस दौरान उसने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए धमकी भी दे डाली। सोशल मीडिया की क्लिप के आधार पर एक स्थानीय एक्टिविस्ट ने थाने में मामला दर्ज कराया था। इस दौरान प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर ने समीम को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमें बनाई थी। अपने ऊपर कार्रवाई होता देख समीम दिल्ली भाग गया था। मंगलवार को समीम की लोकेशन फिर प्रयागराज में मिली। इस दौरान पुलिस ने लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचकर समीम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। उसने बताया कि उसकी कोई गलती नहीं है। कहा कि मैं माफी मांग रहा हूं। नशे की हालत में एक मीडियाकर्मी के कहने पर उसने यह बयान दिया था। मीडिया कर्मी को वीडियो बनाना था।


## वर्ग पहेली-63

**बाएं से दाएं**

3. इस लोक से भिन्न लोक
4. बेसन का बना नमकीन पकवान।
6. यंत्र
7. 1. गाड़ी का धुरा, छोटा धुरा 2. अक्ष, चूल 3. पहिए का केंद्रक।
8. 1. भार उठाने वाला, बोझा ढोने वाला, कुली 2. पालकी ढोने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नियमित रूप से कुछ करने का तरीका एवं क्रम, दिनचर्या, नित्यक्रम, नित्यचर्या 2. शृंखलाबद्ध क्रिया आदि।
2. ईश्वर, भगवान।
3. 1. कच्ची अफ़ीम को सुखाने से प्राप्त तरल पदार्थ 2. किसी वस्तु या पदार्थ में से रिस-रिसकर निकलने वाला तरल पदार्थ, जलांश 3. स्वेद, पसीना।
5. दे. सागौन।
6. ओलती, फूस या खपरैल के मकान के छाजन या छप्पर का वह स्थल जहां से वर्षा का जल नीचे गिरता है।



### वर्ग पहेली -62 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | टी | ■ | ■ | 2 फ़ा | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 टो | ■ | उं | ■ | ■ |
| ■ | ■ | क | ■ | टे | ■ | 4 कं |
| 5 छि | छो | रा | प | न | ■ | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | पे | ■ | लि |
| ■ | ■ | 6 कॉ | श | न | म | नी |
| 7 ठी | हा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -141 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 08.51 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 13.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न करने का प्रयास करेगा। नए लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलेंगे। आप अपने पसंदीदा कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की अवहेलना न करें। दिखावे के लिए आप अपनी क्षमता से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। आपको कुछ कठिन काम अकेले करने पड़ सकते हैं। व्यापारिक कारण से किसी सहयोगी से झगड़ा हो सकता है।

**मिथुन** — आज वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े कारोबारियों को काफी लाभ होगा। घर में संबंधियों का आना-जाना लगा रहेगा। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं।

**कर्क** — आज दोपहर के बाद थोड़ा हल्कापन महसूस करेंगे। खर्चों में संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में जोखिम भरे कार्य न करें।

**सिंह** — आज परिवार में कोई पारंपरिक उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। घर पर वेबसीरीज या साहित्य में सक्रिय हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** — आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कुछ लोग आपके विश्वास को तोड़ सकते हैं। इससे आप मानसिक रूप से कुछ अशांत महसूस करेंगे। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बदलते मौसम को लेकर सिरदर्द और बुखार की समस्या होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। नए विचारों और योजनाओं से प्रभावित रहेंगे। दूर की यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक** — आज अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी। अधूरे कार्यों को आसानी से पूरे कर लेंगे। परिवार में आपका महत्व बढ़ेगा।

**धनु** — आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** — आज नई परियोजनाओं में काम करने का विचार बनाएं। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ परेशानियां आ सकती है। परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है।

**कुंभ** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। बुद्धिमान लोगों का परामर्श लेना हितकर होगा। भरोसेमंद व्यक्तियों का ध्यान रखें।

**मीन** — आज नए करियर को लेकर जो प्लानिंग आप कर रहे हैं, उसे साकार करने के लिए समय उत्तम है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। विश्वासघाती लोगों से आपको दूरी बना लेनी चाहिए। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो बन सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों के कातिल — सुबह : 10.16
शिव शक्ति — रात : 07.00

SONY MAX
डबल एक्स एल — सुबह : 09.45
स्टारफिश — शाम : 06.00

SONY PIX
रैमपेज — सुबह : 10.47
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.17

ZEE CINEMA
जीरो — सुबह : 09.55
लवशुदा — रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेरा फेरी — दोपहर : 12.02
आन : मेन एट वर्क — रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 12.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

### सभी सीटों पर भाजपा के विधायक

- लोकसभा क्षेत्र में उन्नाव, बांगरमऊ, सफीपुर, मोहान, भगवंतनगर और पुरवा विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यहां तक कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद भी भाजपा के ही पास है। कहा जा रहा है कि भाजपा के एक- दो विधायक भी सांसद से नाराज हैं, लेकिन बात पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की है तो वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वोट मांग रहे हैं। हालांकि कई बार अपनों के बीच उनका दर्द छलक भी जाता है। 2017 में भाजपा के पास पांच विधानसभा सीटें थीं। पुरवा विधानसभा सीट तब बसपा के खाते में गई थी हालांकि उसके विधायक अनिल सिंह कुछ दिनों बाद ही भाजपा के संपर्क में आ गए थे। 2022 में वे भाजपा के टिकट पर ही जीते थे।




**02**

महिलाएं ही उन्नाव सीट से बनी सांसद, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी आजमाई थी यहां से किस्मत

# साक्षी महाराज की हैट्रिक में अन्नू की चुनौती के सामने अशोक का त्रिकोण

**उन्नाव संसदीय सीट**

प्रकाश तिवारी, उन्नाव

**अमृत विचार।** 1991 की राम मंदिर लहर में पहली बार उन्नाव संसदीय सीट का किला फतह करने वाली भाजपा ने तब लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। अब एक बार फिर तब के भाजपा सांसद देवीबख्श सिंह की जीत के रिकार्ड की बराबरी करने के लिए साक्षी महाराज जोर आजमाइश कर रहे हैं। 2014 की मोदी लहर में जीते साक्षी महाराज ने 2019 में भी बड़े अंतर से सपा उम्मीदवार को हराया था। अबकी बार वे मोदी की गारंटी और राष्ट्रवाद के रंग को गाढ़ा कर इस सीट पर जीत की हैट्रिक दर्ज करने के लिए गुणा- भाग कर रहे हैं। अपनी इस कोशिश में वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे को भी भुना रहे हैं। इसी सीट से 2009 में कांग्रेस से सांसद रहीं अन्नू टंडन इस बार सपा की साइकिल पर सवार होकर उन्हें चुनौती दे रही हैं। इस लड़ाई को पत्रकार से नेता बने अशोक पांडेय हाथी के महावत बनकर त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत है। अब इस बार सांसद कौन बनेगा यह तो मतदान और परिणाम बताएगा, फिलहाल उन्नाव सीट पर मुकाबला दिनों दिन रोचक होता जा रहा है।


भाजपा सांसद साक्षी महाराज।


सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।


बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय।

**बदला परिसीमन तो खुली कांग्रेस की किस्मत:** 2008 में लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन हुआ तो पुरवा, मोहान, भगवंतनगर, सफीपुर, बांगरमऊ और उन्नाव सदर विधानसभा सीट को मिलाकर उन्नाव संसदीय सीट का नए सिरे से गठन हुआ।

उन्नाव से सटी मोहनलालगंज सुरक्षित संसदीय सीट में शामिल जिले की दो विधानसभा सीटों को काटकर उन्नाव लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इसके बाद जब 2009 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की अन्नू टंडन यहां से जीतने में कामयाब रहीं। हालांकि 1984 के बाद कांग्रेस यहां से कभी नहीं जीती थीं।

वनवास काट रही कांग्रेस का वनवास तो उस समय खत्म हो गया था लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो कांग्रेस को यह सीट भाजपा के हाथों गंवानी पड़ी। स्थिति ये रही कि पार्टी की प्रत्याशी अन्नू टंडन पिछड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। दूसरे नंबर पर सपा के अरुण शंकर शुक्ल और तीसरे पर बसपा के ब्रजेश पाठक थे। 2019 में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो फिर भाजपा जीती और सपा के अरुण शंकर शुक्ल दूसरे और कांग्रेस की अन्नू टंडन तीसरे स्थान पर रहीं। अब अन्नू सपा के टिकट पर मैदान में हैं और उन्हें भरोसा है कि इस बार वह मैदान मार लेंगी।

### सबसे पहले कृष्ण देव त्रिपाठी ने लगाई थी हैट्रिक

- 1952 से 1971 तक इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। जब 1977 में जनता पार्टी की लहर आई तो कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के कृष्ण देव त्रिपाठी ने 1962, 1967 और 1971 में लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। इस सीट पर सबसे पहले उन्होंने ही हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद यह रिकार्ड भाजपा के देवी बख्श सिंह ने बनाया। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 में इस सीट पर लगातार जीत दर्ज की। 1999 में सपा के दीपक कुमार ने यहां जीत दर्ज कर भाजपा के जीत के सिलसिले को तोड़ा था। हालांकि 2004 में बसपा के ब्रजेश पाठक ने सपा से यह सीट छीनी। 2014 में ब्रजेश पाठक इस सीट से हारे और फिर भाजपा में शामिल हुए।

### लोधी मतदाताओं की बहुलता

- लोधी मतदाताओं की बहुलता वाली इस संसदीय सीट पर 2004 में बसपा के टिकट पर जीते ब्रजेश पाठक इस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। साक्षी महाराज की जीत की हैट्रिक की जिम्मेदारी वह बखूबी निभाते नजर भी आ रहे हैं। हालांकि पार्टी में कुछ मुद्दों पर साक्षी महाराज के प्रति नाराजगी भी है। जिसे पार्टी के बड़े नेता भी जानते हैं और उसे दूर करने की अंदरखाने कोशिश भी कर रहे हैं। साक्षी महाराज ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़े रट रखे हैं, वे सभाओं में इन्हें मतदाताओं को सुनाते हैं और अपनी उपलब्धियों की सूची में प्रयागराज- मेरठ एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ते हैं। लेकिन सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन भी उनसे कहीं कम नजर नहीं आती हैं। वह भी मतदाताओं को बताने में लगी हैं कि रोजगार का वादा कर नौकरी न देने वालों की गारंटी में कोई दम नहीं है।
- चार सौ पार सीटें इसलिए चाहिए ताकि संविधान बदला जा सके और आरक्षण को खत्म किया जा सके। वह युवाओं को अग्निवीर योजना की कमियां बताती हैं और बेरोजगारी का दर्द उभारने की कोशिश करती हैं। इन दोनों योद्धाओं के चक्रव्यूह को तोड़कर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में अशोक पांडेय भी लगे हुए हैं। जल्द ही बसपा मुखिया मायावती और आकाश आनंद की सभा कराने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बसपा के परंपरागत मतदाताओं और ब्राह्मण मतदाताओं के सहारे जीत की उम्मीद नजर आ रही है।

**2019 में मत प्रतिशत**

| 56.87% | 24.46% | 15.01% |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | कांग्रेस |

**2014 में वोट शेयर**

| 43.18% | 16.40 % |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 17.37 % | 16.66 % |
| सपा | बसपा |



| | |
|---|---|
| 1241096 | पुरुष मतदाता |
| 1095120 | महिला मतदाता |
| 98 | थर्ड जेंडर मतदाता |
| 2336314 | कुल मतदाता |

### लोधी और पासी मतदाता होते निर्णायक

इस लोकसभा क्षेत्र में पासी और लोधी वोट निर्णायक भूमिका में है। लोधी मतदाताओं की संख्या करीब ढाई लाख तो पासी मतदाता डेढ़ लाख के आसपास हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक पार्टियां दोनों ही जातियों के मतदाताओं पर विशेष नजर रखती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का नाम भी बदलकर गुलाब सिंह लोधी के नाम पर कर दिया था। एक माह पहले ही स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया था। जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर ही भाजपा ने यहां विधानसभा चुनाव में भी टिकट बांटे थे। पार्टी ने जहां बांगरमऊ में कुर्मी समाज के श्रीकांत कटियार को मौका दिया तो क्षत्रिय मतों को साधने के लिए पुरवा से अनिल सिंह को फिर से चेहरा बनाया। मोहान सुरक्षित सीट से पासी जाति के बृजेश रावत तो सफीपुर से बंबा लाल दिवाकर को चुना था। भगवंत नगर से आशुतोष शुक्ला तो उन्नाव से पंकज गुप्ता को उतार कर वैश्य जाति के वोटों को साध लिया था। यह गणित लोकसभा चुनाव में काम आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।



**आरक्षण बचाओ**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

## 10 से दिखेगा इंडिया गठबंधन का दम, रैलियां

चुनाव डेस्क, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने साझा रैलियां करने की तैयारी की है। चौथे चरण का प्रचार थमने से एक दिन पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव शहर में गठबंधन प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करने आएंगे। इंडिया गठबंधन की संयुक्त सभा लालइमली स्थित जीआईसी मैदान में होगी। इसकी तैयारियां तेज हो गईं हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार कानपुर संसदीय सीट पर वह काबिज हो जाएगी। पार्टी यहां भाजपा के उम्मीदवार को बाहरी बताकर घेरने में लगी है।

राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस सभा में कानपुर में बंद मिलों का मुद्दा तो उठाएंगे ही साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के लिए गंठबंधन को वोट देने की अपील करेंगे।

10 मई को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज व कानपुर में संयुक्त रूप से होने वाली इस जनसभा में गठबंधन के कई और बड़े नेताओं को भी लाने की तैयारी की जा रही है। खास बात यह है कि इस दिन ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा प्रमुख मायावती भी कानपुर में होंगी। अकबपुर संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगी। बसपा सुप्रीमो मायावती 10 मई को रमईपुर आयोजित जनसभा में आकाश आनंद भी आ सकते हैं। फिलहाल आकाश आनंद ने जनसभाओं में जाना बंद कर रखा है।



**ठोंकी ताल**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री व गुरुग्राम से उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह ने नूंह में जनसभा को संबोधित किया।

# कम मतदान वाली सीटों पर नजदीकी मुकाबले की उभर रही तस्वीर

**सामयिक विश्लेषण**

राजपुरुष

**अमृत विचार:** प्रदेश की 10 सीटों पर मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में औसतन 57.34% मतदान दर्ज किया गया है। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए जाने पर इस डाटा में थोड़ा बहुत अंतर आना संभावित है। लेकिन इतना साफ है कि संभल को छोड़कर किसी भी सीट पर मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास नहीं हो पाए हैं।

प्रदेश में लगातार तीसरे चरण में कम मतदान को वोटर की उदासीनता से जोड़ा जा रहा है। इससे यह भी सवाल उठा रहा है कि जिन सीटों पर पांच प्रतिशत या उससे ज्यादा कम मतदान हुआ है, क्या वहां इस बार फैसला नजदीकी अंतर से होने जा रहा है। तीसरे चरण में सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, राज्य सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जयवीर सिंह व अनूप वाल्मिकी और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। उपलब्ध आंकड़ों के हिसाब से तीसरे चरण में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत वोट संभल लोकसभा सीट पर डाले गए हैं, जबकि सबसे कम करीब 54% मतदान आगरा सीट पर हुआ है। प्रदेश में पहले दो चरणों में भी 2019 के चुनाव की अपेक्षा कम मतदान दर्ज किया गया था।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल यादव और पुत्री अदिति यादव के साथ मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के सैफई में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने जीत का दावा भी किया। अमृत विचार

**संभल में मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास फिर भी सवाल:** प्रदेश में केवल संभल लोकसभा सीट ऐसी रही है, जहां मतदान प्रतिशत 60 के पार पहुंच सका है। यहां 2019 के चुनाव में 64 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए थे। इस बार मतदान 63 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।

अब डेढ़ प्रतिशत कम मतों से किस प्रत्याशी को कितना नुकसान हो रहा है, इसे लेकर हर किसी के अलग-अलग कयास हैं। यहां सपा समर्थकों और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई। संभल में सपा से डॉ. शफीकुर्रहमान के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क, भाजपा से परमेश्वरलाल सैनी और बसपा से शौकत अली मैदान में हैं।

**आगरा में कम हो सकता है इस बार जीत का अंतर :** आगरा में पिछली बार 2019 में 59 फीसदी से अधिक वोट डाले गए थे, लेकिन इस बार मतदान प्रतिशत 54 प्रतिशत के आसपास ही रहा है। पिछली बार के मुकाबले आगरा में मतदान पांच फीसदी तक कम रहने से यहां जीत का अंतर भी कम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। य आगरा सीट से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा के सुरेश चंद कर्दम तथा बसपा ती पूजा अमरोही की चुनौती में दलित और मुस्लिम वोट किस तरफ गए हैं, इसे लेकर गुणा-भाग लगाया जा रहा है।

### मैनपुरी में लग रहा बढ़े वोटों का हिसाब-किताब

- हॉट सीट मैनपुरी जहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उपचुनाव जीतने के बाद दूसरी बार मैदान में हैं और भाजपा प्रत्याशी योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह की कड़ी चुनौती के साथ बसपा के शिव प्रसाद यादव का मुकाबला कर रही हैं, यहां मतदान पिछले चुनाव से करीब डेढ़ प्रतिशत तक ज्यादा रहने से परिणाम को लेकर धुकधकी बढ़ गई है। सपा- भाजपा अपने- अपने वोटों का हिसाब- किताब लगाने में व्यस्त हैं। यहां इस बार 58 .59 प्रतिशत वोट डाले गए हैं, जबकि 2019 में मैनपुरी सीट पर 56 .77 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### बसपा के वोट बन सकते यहां जीत-हार में निर्णायक

- फतेहपुर सीकरी में 57 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले जाने की खबर है। इस सीट पर 2019 में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। लगभग तीन प्रतिशत कम मतदान ने प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा दी है। यहां भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर का कांग्रेस के रामनाथ सिकरवार से सीधे संघर्ष में बसपा के रामनिवास शर्मा द्वारा बनाया गया त्रिकोण किसे फायदा या नुकसान पहुंचा गया है, इसके कयास लगाए जा रहे हैं।

### भाजपा-सपा की सीधी टक्कर में दो फीसदी मतों का पेच

- बरेली लोकसभा सीट पर इस बार 57 .88 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पिछली बार 2019 में इस सीट पर 59 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। इस तरह यहां भी दो प्रतिशत के आसपास मत कम पड़ने से प्रत्याशियों का अनुमान बदल गया है। बरेली सीट पर भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार का सपा के प्रवीण कुमार ऐरन के साथ सीधी टक्कर में बसपा के छोटेलाल गंगवार को मिले मतों का गणित लगाया जा रहा है।

### दलित-मुस्लिम मतों पर टिका जीत का दारोमदार

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर 58 .22 प्रतिशत मतदान दर्ज होने की सूचना है। यहां पिछली बार 60 फीसदी से अधिक वोट पड़े थे। जाहिर है दो प्रतिशत कम मतदान कांटे की टक्कर में नया गुल खिला सकता है, या जीत का अंतर कम कर सकता है। फिरोजाबाद में सपा से प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव मैदान में हैं, उनकी भाजपा के विश्वदीप सिंह से कड़ी टक्कर देखने में आयी है। बसपा से चुनाव लड़ रहे चौधरी बशीर ने दलित और मुस्लिम मत कितना पाए हैं, इसी पर सपा और भाजपा की जीत का अनुमान टिका है।

### हाथरस में परिणाम पर पड़ सकता असर

- हाथरस में भी इस बार मतदान पिछली बार के मुकाबले करीब करीब 6% तक कम रहा है। यहां 55 .36 प्रतिशत वोट डाले जाने की खबर है। हाथरस में 2019 में 61 फीसदी से ज्यादा वोट डाले गए थे। यहां इस बार तीनों प्रत्याशी बाहरी थे। हाथरस सीट पर साल 2019 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। हाथरस में भाजपा से योगी सरकार में मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, जबकि सपा से जसवीर वाल्मीकि व बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव लड़ रहे हैं।



## चुनावी चक्कर

**टिकट कटने से चिंता मत करिए,मै सेवा में हाजिर हूं : श्रीकला**

जौनपुर सीट पर बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा सोमवार की रात को अकारण टिकट काट देने के बाद, सियासतदारों से लेकर जनमानस में कयास कुछ भी लगाए जा रहें हों। मगर, टिकट कटने से आहत श्रीकला धनंजय ने मंगलवार को जौनपुर की जनता को परिवार संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पर भावुक संदेश जारी कर दिया। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि टिकट कटने से आप लोग आहत और उदास हैं, मैं भी हूं। मगर, चिंता मत करिए, हम दोगुनी ताकत से आपकी सेवा में हाजिर हैं। मतदाताओं के साथ और विश्वास को अपनी ताकत बताते हुए उन्होंने( जिला पंचायत अध्यक्ष) कहा कि, सत्ता, सरकारें और पार्टियां हम( जनता) से हैं, हम उनसे नहीं। इसलिए जेठ की दुपहरिया हो या आधी रात, चुनाव जीते या हारे, चुनाव लड़े या न लड़े, हम हमेशा आपके साथ खड़े मिलेंगे। कभी भी कितनी भी विपरीत परिस्थितियां हो जाए, आपके भरोसे के साथ समझौता नहीं करूंगी। ये हमारा आपसे वादा है, जौनपुर के इस परिवार के स्वाभिमान और भविष्य के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। आपके हित के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तैयार हूं। कभी-कभी परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रह जातीं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हार मान कर बैठ जाएं, जो राजनीति कर रहे वह वही करे, मैं तो जनसेवा कर रही हूं और करती रहूंगी।

# गिरते जनाधार को बचाने में जुटी बसपा

**2009 के लोस चुनाव में 27 प्रतिशत मत पाने वाली बसपा 2019 में 19.43 पर पहुंच गई**

**2014 में मत प्रतिशत गिरने का सिलसिला 2022 के विस चुनाव तक नहीं थमा**

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में सांसद जिताना ही नहीं, चुनाव दर चुनाव बसपा के गिरते जनाधार को वापस लाना वर्तमान चुनाव में सुप्रीमो मायावती की बड़ी चुनौती है। इसके लिए पार्टी प्रमुख ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है, जीत की संभावनाओं से दूर होने के बावजूद, एनडीए या इंडिया गठबंधन से समझौता नहीं किया है। नेशनल कॉआर्डिनेटर



**लोकसभा चुनावों में स्थिति**

| वर्ष | चुनाव | सीट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2009 | लोस | 21 | 27.42 |
| 2014 | लोस | 0 | 19.77 |
| 2019 | लोस | 10 | 19.43 |

**विधानसभा चुनावों में स्थिति**

| वर्ष | चुनाव | सीट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2007 | विस | 206 | 30.43 |
| 2012 | विस | 80 | 25.95 |
| 2017 | विस | 19 | 22.2 |
| 2022 | विस | 01 | 12.8 |

आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद, चुनौती और बढ़ चुकी हैं।

मायावती का सवर्णिम काल 2007 में रहा, विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 30.43 प्रतिशत मत प्राप्त कर पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश की सत्ता में काबिज हुई। मगर, सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर सत्ता संभालने वाली बसपा का यह दौर आगे नहीं चला, मुख्यमंत्रित्व काल में ही साल 2009 के लोकसभा चुनाव में 27 प्रतिशत के आसपास मत प्राप्त कर पार्टी के 21 सांसद जीते। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पार्टी को कहीं ठहराव नहीं मिला, मात्र 19.77 प्रतिशत मत मिले और किसी भी प्रत्याशी को विजय माला नसीब नहीं हुई। हालात 2017 के विधानसभा चुनाव में भी नहीं बदले। निराशाजनक परिणामों से आहत मायावती ने रणनीति बदली और सदन में बने रहने के लिए 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा और अच्छे परिणाम मिले 10 सांसद जीत गये। हालांकि यह गठबंधन भी चुनाव बाद टूट गया।

### मायावती की बढ़ीं चुनौतियां

गठबंधन से दूर रहने के पीछे वजह कोई भी हो, मगर जनाधार को बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान की रणनीति बिगड़ने से मायावती की चुनौतियां बढ़ चुकी हैं। उत्तराधिकारी व नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज होने के बाद दारोमदार अकेले मायावती पर आन पड़ा है।

### पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया

हालांकि राजनीति में मायावती को विविध प्रयोगों के जाना जाता है, वह सफल भी होती है। वर्तमान में पार्टी के वजूद को बनाये रखने के लिए खुलकर मुस्लिम तुष्टिकरण को भी हथियार बनाया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यतया मुस्लिम आबादी बाहुल्य पश्चिमी उप्र. को केन्द्रित किया हैं। मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए ही उन्होंने चुनाव में पश्चिमी उप्र. में अलग राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। यहीं नहीं, अधिकांश सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी देकर खुद को मुस्लिम हितैशी होने का मतदाताओं को संदेश देने का भी प्रयास किया है।

## हाथी की सूंड़ में कमल का फूल है: संजय

**अमृत विचार,लखनऊः** गर्दिश के दिनों में गुजर रही आम आदमी पार्टी (आप)के सांसद संजय सिंह ने बसपा द्वारा जौनपुर सीट पर अकारण श्रीकला धनंजय का टिकट काटने पर टिप्पणी की। सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा कि हाथी की सूंड़ में कमल का फूल दिख रहा है।

पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने से इंडी गठबंधन के चुनावी मुहीम को भी झटका लगा है। पार्टी के नेताओं के जेल में बंद होने आहत पार्टी नेता, न तो खुद चुनाव प्रचार कर रहें हैं और न ही प्रस्तावित सभाओं में प्रतिनिधि भेज रहें हैं। प्रचार से बेरूखी सांसद संजय सिंह गत माह जेल से छूटकर बाहर आने के बाद भी नहीं खत्म हुई है।

हालांकि पार्टी प्रवक्ता कहना है कि सांसद ने सपा के अखिलेश यादव के साथ कुछ सभाएं साझा कर चुके हैं। मालूम होकि दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से आप ही नहीं, इंडिया गठबंधन की चुनावी प्रचार की रणनीति को भी झटका लगा है।

### अपनी ढपली अपना राग



सपा के समय नौजवानों के हाथों में तमंचे पकड़वाए जाते थे। हमने उनके हाथों में टैबलेट थमाया। इससे प्रदेश का युवा स्मार्ट नौजवान हुआ है। -योगी आदित्यनाथ



सपा, बसपा व कांग्रेस समेत तमाम इंडी गठबंधन के दल के लोगों को पता ही नही कि देश के 140 करोड़ लोगो के दिल में मोदी जी रहते है।

-केशव प्रसाद मौर्य



हर हाल में जीत दर्ज करनी है, मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ूंगी। अभी जिसे डर लगता है वो पीछे हट जाए फिर नहीं हटने दूंगी। -प्रियंका गांधी



इनको ये पता नही है कि सरकारें बदलती हैं। जब सरकार बदलेगी तो पता चलेगा कि निष्पक्ष चुनाव कैसे होता है। - शिवपाल यादव

## चुनाव में अब कहीं नहीं दिखाई देता होश गंवाने वाला जोश

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**अमृत विचारः** सदियां नहीं बल्कि कुछ साल ही गुज़रे होंगे जब हर चौराहे और दोराहे पर होने वाले चुनावी शोर से नींद को कोसो दूर भगा देती थीं। एक कहावत बड़ी मशहूर है,बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना उस जमाने के चुनाव में कदम-कदम पर बेगानी शादी वाले अब्दुल्ला दीवाने नज़र आते थे,लेकिन धीरे-धीरे वक्त बदला तो चुनावी नक्शा भी बदल गया। उस दौर के चुनाव में जोश के साथ होश गंवाने वाले भी बहुतेरे दिखाई देते थे,लेकिन अब ऐसा कुछ नही। जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है,वैसे-वैसे खामोशी की चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।

पहले का चुनाव लोगों के जेहन में आज भी ज़िदा है। बताया जाता है कि चुनाव आते ही चौराहों की चमक बढ़ जाती थी। चुनावी चक-चक में दिन-भर की थकान भी बे-असर रहती थी। शराफत हुसैन 80 के दशक वाले चुनाव को याद करते हुए बताते है कि उस दौर में सारी-सारी रात चहल-पहल रहा करती थी। आधी रात गुज़र जाती थी,लेकिन भूख और प्यास का दूर-दूर तक कोई पता नहीं होता था,जब तक अब्बा कनबुच्ची नहीं लगाते थे,तब तक चुनाव का बुखार नहीं उतरता था। कुछ ऐसा ही रामभजन ने भी बताया,उन्होनें काफी ज़ोर देते हुए बताया कि उस वक्त के चुनाव में बहुत मज़ा आता था,एक-एक बिल्ले के लिए न जाने कहां-कहां तक की दौड़ लग जाया करती थी। चुनाव का शोर ऐसा होता था कि रात जाग कर गुज़र जाती थी। तब एक-दो नहीं बल्कि कई बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाने घूमा करते थे। लेकिन वक्त के साथ सब कुछ बदल गया,बेगानी शादी जैसा चुनाव रह गया और न ही अब्दुल्ला दीवाने दिखाई देते है। पहले का चुनाव भी क्या चुनाव होता था,लोग अपना घर-बार छोड़ कर चुनाव का हिस्सा बन कर उसी के जोश में अपना होश गंवा बैठते थे,खूब बेवड़े भी इधर-उधर टकराया करते थे,लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं रहा,अब तो जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है,वैसे-वैसे खामोशी वाली चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।



### बनतीं और फिर बिगड़ जाती थीं सरकारें!

हरदोई। पहले का चुनावी शोर कुछ अलग ही हुआ करता था,जहां पर चार यार इकट्ठा हो जाते थे,वहीं पर सरकारें बन कर बिगड़ जाया करती थी। चाय की चुस्की और बीड़ी-सिगरेट के लंबे-लंबे कश खींच कर शुरु होने वाली बहस तब तक चला करती थी,जब तक ख्वाब-ओ-ख्यालों में फंला पार्टी सरकार बन कर बिगड़ नहीं जाया करती थी। कहीं-कहीं पर तो फंला पार्टी सरकार बनाने जा रही है,की रुपयों की शर्त लगा करती थी। लेकिन बदलते वक्त के चुनाव में सारा कुछ बदल गया,न तो वैसे लोग रहे और न ही वैसा चुनाव...

# भाजपा मोदी-योगी और सपा प्रत्याशी राहुल-अखिलेश के सहारे

**6 लाख 25 हजार मुस्लिम तो 13 लाख हिन्दू मतदाता करेंगे प्रत्याशियों का फैसला**

**भाजपा ने प्रवीण निषाद पर फिर लगाया दांव तो सपा से लक्ष्मीकांत मैदान में**

**अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम वोटों के सहारे हैं बसपा के प्रत्याशी नदीम अशरफ**

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** चुनाव की तिथियां धीरे-धीरे करीब आती जा रही हैं। दलों में खेमेबंदी का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा के प्रत्याशी और सांसदं प्रवीण निषाद एक ओर जहां मोदी और योगी के सहारे चुनावी मैदान में है तो वहीं सपा प्रत्याशी इंडी गठबंधन के तहत राहुल और अखिलेश के बल पर जीत का दंभ भर रहें, बसपा ने यहां से तीन बार प्रत्याशी बदल मतदाताओं में ही नहीं अपने कार्यकर्ताओं में भी ऊहापोह कि स्थिति उत्पन्न कर दी है।

प्रत्याशियों की लोकप्रियता पर बात करें तो भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद यहां के निवर्तमान सांसद भी हैं। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के बेटे इं. प्रवीण निषाद को यह सीट समझौते में मिली है। लेकिन भाजपा नेतृत्व ने इन्हें निषाद पार्टी का सिम्बल न देकर भाजपा के कमल चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव मैदान में उतारा है। अपने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान सांसद प्रवीण निषाद सार्वजनिक रूप से भी कहते सुने गए कि मतदाताओं ने मुझे नहीं बल्कि मोदी और योगी के नाम पर भाजपा को चुनाव जिताया है। यही वजह रही कि पूरे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं से जुड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। भाजपा नेतृत्व ने वर्तमान चुनाव में भी प्रवीण को जब प्रत्याशी घोषित किया तो शुरुआती दौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके विरोध में झंडा बुलंद कर दिया। बाद में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं नेता मोदी और योगी के नाम और सम्मान की दुहाई देते हुए कार्यकर्ताओं के विरोध का पटाक्षेप करा दिया है। भाजपा प्रत्याशी का यहां अपना कोई व्यक्तिगत जनाधार नहीं है। उनको प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नाम और काम का ही सहारा है। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद की बात करें तो मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र से विधायक और अखिलेश यादव के नेतृत्व की सपा सरकार में राज्यमंत्री रह चुके हैं। कार्यकाल पूर्ण होने के बाद पिछले साल वर्षों के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के बैठकों और कार्यक्रमों में आना तक बंद कर दिया था। बीते निकाय चुनाव में वे अपने भाई की पत्नी को नवगठित नगर पंचायत बेलहर कला से सपा से चेयरमैन पद का प्रत्याशी घोषित कराने के बाद वे अचानक सामने आए थे।

इस चुनाव में उनके भाई की पत्नी बुरी तरह से पराजित हो गई थीं। अब जबकि समाजवादी पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है तो उन्हें इंडी गठबंधन का ही सहारा है। समाजवादी पार्टी के सामान्य कार्यकर्ताओं में उनके नाम पर गहरी नाराजगी है। दिखाने के लिए तो सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के साथ दिखाई दे रहे हैं लेकिन कार्यकर्ताओं का अंदरूनी विरोध गठबंधन प्रत्याशी के लिए भारी पड़ सकता है। बसपा प्रत्याशी की बात करें तो संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए बसपा ने तीन बार प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी घोषित किया था। अनमने भाव से घोषित प्रत्याशी ने जनपद मुख्यालय पर पहुंच कर पत्रकारों से बातचीत किया और फिर एक सप्ताह के लिए लापता हो गए। जिले से हुई रिपोर्टिंग के बाद बसपा ने मोहम्मद आलम का टिकट काटकर सैयद दानिश को प्रत्याशी घोषित कर दिया। दो दिन बाद ही पता चला कि सैयद दानिश का नाम मतदाता सूची में शामिल ही नहीं है।

इसके बाद बसपा ने आनन-फानन में सैयद दानिश के बड़े भाई नदीम अशरफ को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बसपा द्वारा बार-बार प्रत्याशी बदले जाने को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में ही जबरदस्त ऊहापोह की स्थिति है। जानकारों का कहना है कि बसपा प्रत्याशी को बसपा के परम्परागत वोटर जाटव समाज का भी समर्थन नहीं मिल रहा है। कारण कि बसपा द्वारा घोषित प्रत्याशी का कोई राजनैतिक कैरियर नहीं रहा है। गुमनाम चेहरे को लेकर बसपा का चुनाव अभियान कैसे पार होगा। हालांकि बसपा नेताओं को उनके परम्परागत दलित वोटरों और मुस्लिम प्रत्याशी के चलते मुसलमान वोटरों में बंटवारे के सहारे चुनावी बढ़त मिलने की उम्मीद तो है।


प्रवीण निषाद


लक्ष्मीकांत


नदीम अशरफ

### लोकसभा क्षेत्र के मतदाता

यहां के मतदाताओं की स्थिति पर गौर करें तो यहां कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 94 हजार 454 है। यहां महिला मतदाता लगभग 8 लाख 87 हजार 224 है तो वहीं पुरुष मतदाता लगभग 10 लाख 57 हजार 144 है। यहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 6 लाख 35 हजार तो हिन्दू मतदाताओं की संख्या लगभग 13 लाख 59 हजार के आसपास है।

### सपा की मजबूत खेमेबंदी

समाजवादी पार्टी की तगड़ी खेमेबंदी के चलते मुस्लिम मतदाताओं में बंटवारे की गुंजाइश काफी कम है। यही वजह है कि बसपा के लिए समर्पित रहने वाले दलित वोटरों में भी भाजपा के प्रति आकर्षण देखा जा रहा है। अब देखना यह होगा कि भाजपा प्रत्याशी की तगड़ी खेमेबंदी विरोधी प्रत्याशियों पर कितनी बढ़त बना पाती है। वैसे जैसे जैसे चुनाव की तिथि करीब आती जा रही है संतकबीरनगर लोकसभा सीट की लड़ाई द्विकोणीय बनती दिखाई दे रही है।




### पिछले दो लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों की स्थिति

**2019 में किसको कितने वोट**

| दल | प्रतिशत |
|---|---|
| भाजपा | 43.97% |
| बसपा | 40.61% |
| कांग्रेस | 12.08 % |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,67,543 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 4,31,794 |
| कांग्रेस | भाल चन्द्र यादव | 1,28,506 |

**2014 में किसको कितने वोट**

| दल | प्रतिशत |
|---|---|
| भाजपा | 34.47% |
| बसपा | 24.79% |
| सपा | 23.73% |
| पीईसीपी | 6.84 % |
| कांग्रेस | 2.18 % |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | शरद त्रिपाठी | 3,48,892 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 2,50,914 |
| सपा | भाल चन्द्र यादव | 2,40,169 |
| पीईसीपी | राजा राम | 69,193 |
| कांग्रेस | रोहित कुमार पांडे | 22,029 |

### भाजपा ने की सेंधमारी

भाजपा ने समाजवादी पार्टी में तगड़ी सेंधमारी कर जिलापंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक और व्यापक जनाधार वाले नेता, नगरपालिका चेयरमैन, तमाम जिलापंचायत सदस्यों और सपा समर्थित तमाम ग्राम प्रधानों को अपने पाले में खींचकर शुरुआती बढ़त ले लिया है। बताते चलें कि संतकबीरनगर लोकसभा सीट का इतिहास रहा है कि यहां अबतक के इतिहास में सिर्फ बसपा के टिकट पर भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने ही लगातार दो बार जीत दर्ज किया है। उनके अलावा यहां के मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी को लगातार दो बार जीत की माला नहीं पहनाई है।

## 2024 में सरकार बनाने जा रहा इंडी गठबंधनः अविनाश

**अमृत विचार, लखनऊ** : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि 2024 में इंडी गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर व झांसी में इंडी गठबंधन की समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ जनता इंडी गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

### इलेक्शन बायस्कोप



बहराइच में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा व सहयोगी दल के कार्यकर्ताओं का उत्साह चिलचिलाती धूप में भी कम नहीं हुआ, हालाकि धूप से बचाने को टेंट की व्यवस्था की गई थी लेकिन वह पर्याप्त नहीं था। -अमृत विचार

# दलों का खेल, जाति की पटरी पर दौड़ा रहे चुनावी रेल

**वोटों के ध्रुवीकरण के लिए सभी प्रमुख दल जाति आधारित प्रतिनिधियों को मैदान में उतार कर झोंक रहे ताकत**

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचारः** जुबां पर जन और जेहन में जाति सियासत की यह हकीकत इस बार के लोकसभा चुनाव में जिले में नजर आने लगी है। चुनाव आयोग भले ही जाति व धर्म पर मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास को अनुचित ठहराता रहा है, किन्तु वास्तविकता यह है कि सभी दल अपनी-अपनी चुनावी रेल जाति की पटरी पर दौड़ा रहे हैं । बाराबंकी सीट आरक्षित होने के बावजूद जिले की राजनीति में अपना रसूख रखने वाले प्रत्याशियों को अपने पाले में लाने की कवायद यहां की राजनीति में बड़ी तेजी से चल रही है।

चुनाव प्रचार के साथ ही जातीयता की लहर चलाने की कोशिश शुरू हो गयी है। पार्टी चाहे भाजपा हो या कांग्रेस ( इंडिया गठबंधन) या बसपा ही क्यों न हो, विधानसभावार हर जाति के बड़े नेताओं की सभा के सहारे जातीय मतों का ध्रुवीकरण कर अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में कोई कोर -कसर नहीं छोड़ना चाहता पर नेता इसे सामाजिक भागेदारी तो कहीं सोशल इंजीनियरिंग का नाम देकर जायज ठहरा रहे। हर क्षेत्र के महारथी जातीय गठजोड़ के सहारे मैदान मारने की जुगत में जुट गए हैं ।

**मगर ये आंकड़े आये कहां सेः**चौकाने वाली बात है कि जातीय जनगणना के जातिवार आंकड़े भी सार्वजनिक नहीं किये जा रहे हैं। जाति आधारित कोई अधिकृत अलग से गणना नही की गई है। इसके बावजूद सभी प्रत्याशियों की अपनी सीट के लिए जातीय आंकड़े कण्ठस्थ हैं। दलों के पास भी हर सीट का जातीय आंकड़ा होता है। इसके पीछे दावा किया जाता है कि उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा डाटा तैयार करवाये हैं।

### राजनीतिक दलों का जातीय समीकरण

बसपा ने हाल में ही केके गौतम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। बताया जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने को ऐसा किया गया है। बसपा ने यहां से शिवकुमार दोहरे को प्रत्याशी बनाया है। दोहरे को कायस्थ मतों पर पकड़ रखने की वजह से उम्मीदवार बनाया गया है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे तनुज पुनिया के साथ पूर्व मंत्री राकेश वर्मा कुर्मी बेल्ट पर मजबूत प्रभाव रखते हैं। क्षत्रियों के स्वीकार्य नेता पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप क्षत्रियों में, यादव बिरादरी के असरदार नेता सदर विधायक सुरेश यादव, रावत बिरादरी में पैठ रखने वाले पूर्व सांसद रामसागर रावत व गौरव रावत व मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण के लिए फरीद महफूज जैसे कद्दावर नेता हैं। भाजपा किसी भी कीमत पर परम्परागत मतदाताओं को अपने पास से जाने नहीं देना चाहती। नामांकन में स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी कुर्मी बिरादरी में मजबूत संदेश देने के लिए थी। भाजपा के पास ब्राह्मण चेहरे के रूप में सतीश चन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, क्षत्रिय मतों के ध्रुवीकरण के लिए विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिला प्रभारी इंजीनियर अवनीश सिंह, कुर्मियों के नेता विधायक साकेंद्र वर्मा व पिछड़ी बिरादरी के वोटों के ध्रुवीकरण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य के बहाने चुनावी वैतरणी पार करने में लगी है। जातियों का द्वंद्व यहां नया नहीं, बहुत पुराना है ।

### अब भाजपा के खेमे में हैं सपा व बसपा के चेहरे

बसपा से विधानसभा सदर से चुनाव लड़ चुके डा. विवेक वर्मा अब भाजपा में हैं तो वहीं बसपा से ही रामनगर विधानसभा चुनाव लड़े रामकिशोर शुक्ला भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपनी जाति के मतों के ध्रुवीकरण को लेकर डेरा डाले हैं। डॉ. विवेक वर्मा नेत्र चिकित्सक हैं अन्य जातियों में भी उनकी मजबूत पैठ की चर्चा लोगों की जुबां पर है। तो वहीं सपा का दामन छोड़कर आयीं पूर्व सांसद स्व. कमला प्रसाद रावत की पुत्रवधू जिपं सदस्य लवली रावत भाजपा के लिए गांवों की खाक छान रही हैं। चुनाव से पहले सपा की जिला पंचायत सदस्य नेहा आनंद भी भाजपा के पक्ष में वोट मांगती नजर आ रही हैं। इंडिया गठबंधन में पूर्व विधायक मीता गौतम के शामिल होने के बाद से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के बीच मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है।

चुनाव में जाति-धर्म का उपयोग रोकना है तो चुनाव आयोग को इस दिशा मे शक्ति दिखानी होगी। खुलेआम एजेंडो से लेकर मंचों तक जाति-धर्म की बात हो रही है। जनसम्पर्क से लेकर सोशल मीडिया तक पर जाति-धर्म के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए प्रभावी अंकुश की जरूरत है।

**वीपी शुक्ला, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश**

चुनाव आते ही विकास के मुद्दे छुप जाते हैं और जाति- धर्म के मुद्दे हावी होने लगते है। पार्टियां भी इसे ध्यान में रखकर प्रत्याशी का चयन करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में जाति-धर्म के आधार पर राजनीति पर रोक लगाकर अनुचित करार दिया है। बावजूद इसके गम्भीर मुद्दों को लेकर कम जबकि जातिगत आधार पर राजनीति कर रहे हैं, जो अनुचित है।

**हिसाल बारी किदवई, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन**



# नाम मोहन है मेरा, यादव समाज की खबर रखता हूं...

**चुनाव डेस्क।**

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत में अगर वोट इधर-उधर करने में किसी एक चेहरे की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। वह पांच माह पहले ही मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन लगातार बड़ी लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने भाजपा को राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव लैंड वाली सीटों पर कमल खिलाने की जमीन तैयार करने की दोहरी चुनौती है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मोहन यादव के लिए यह लोकसभा चुनाव उनके सियासी जीवन के साथ भाजपा के उन रणनीतिकारों का भी सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है, जिन्होंने मध्यप्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि झारखंड में उनका जमकर इस्तेमाल यादव वोट बैंक को अपने पाले में लाने के लिए किया है।

- मध्य प्रदेश में मोहन यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेकॉर्ड है, जिसे तोड़ना आसान नहीं है। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और शिवराज सिंह विधानसभा चुनावों के साथ भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी बड़ी जीत दिला चुके हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के चुनाव में 26 लोकसभा सीटें फिर 2019 में 28 सीटों तक पहुंची भाजपा ने इस बार मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय कर रखा है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पूरी राज्य भाजपा इस काम में जुटी है। लेकिन जिस तरह मोहन यादव की अगुवाई में पहले कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा फिर दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र रायगढ़ में घेरेबंदी की गई, उससे साफ है कि परिणाम के अंजाम का सेहरा भी मोहन यादव के सिर पर ही बंधना है।
- राज्य के चुनावी इतिहास में सभी सीटें जीतने का रेकार्ड अभी कांग्रेस के नाम पर है, जिसने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी सीटें जीत ली थीं। ऐसे में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के भविष्य की मजबूती इसी बात पर टकी है कि क्या वह भी भाजपा को इस बार क्लीन स्वीप जीत दिला पाएंगे या कि 28 सीटें जीतने वाले शिवराज के रेकार्ड की बराबरी कर पाएंगे।

### स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और योगी के बाद है नाम

- मोहन यादव के सामने राज्य से बाहर दूसरी चुनौती भी कम नहीं है। भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए उनका चुनाव शुरू होने से पहले अब तक पूरा इस्तेमाल कर रही है। इस काम में मोहन यादव कितने महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद मोहन यादव का ही नाम है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी भाजपा ने उनका नाम ऊपर ही रखा है।

- लोकसभा चुनाव में बड़ी लकीर खींचने में लगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने दोहरी चुनौती
- राज्य में शिवराज के रेकार्ड से आगे जाकर भाजपा को क्लीन स्वीप जीत दिलाकर भविष्य कर सकते मजबूत
- उत्तर प्रदेश, बिहार में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार किया है, वहां पार्टी की सफलता से सिर पर बंधेगा सेहरा

## यूपी और बिहार में 'यादव चला मोहन के साथ' का किया जा रहा प्रचार

उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि नौ फीसदी यादव वोटर है, जो परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। यादव मतदाता मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जन भर लोकसभा सीटों पर चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक यादव मतदाताओं ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। भाजपा को 23 फीसदी और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट ही मिले थे। इसी तरह बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत बिहार में करीब एक दर्जन सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव यादव वोटर लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। बात मध्य प्रदेश की करें, तो यादव समुदाय की आबादी राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में अच्छी संख्या में है। मध्य प्रदेश में यादव वोट भाजपा और कांग्रेस में बंटते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास यूपी-बिहार में यादव नेताओं की कमी है, लेकिन इसके बाद भी मोहन यादव को दोनों राज्यों में यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार में बुलाने के पीछे भाजपा की बड़ी रणनीति है। भाजपा मोहन यादव के जरिए यादव मतदाताओं को यह संदेश दे रही है कि मुलायम-लालू की परिवारवादी पार्टियों के विपरीत भाजपा में कोई भी यादव कितने भी बड़े पद पर जा सकता है। भाजपा में कार्यकर्ता मायने रखता है। यह मायने नहीं रखता कि कौन किसके कितना करीब है। यूपी और बिहार में इसी के चलते यादव चला मोहन के साथ वाले पोस्टर बैनर बड़ी संख्या में लगाकर पहले माहौल भी बनाया गया था।

---

## मुंबई में महामुकाबला

### तीन सीटों पर दोनों सेना में सीधी टक्कर, दो सीटों पर भाजपा कांग्रेस में संघर्ष, एक सीट पर टकरा रही उद्धव सेना और भाजपा

**02** गठबंधन : महायुति में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट और महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।



# युति जीतेगी भरोसा या अघाड़ी की दौड़ेगी गाड़ी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में छह लोकसभा सीटें मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम हैं। इन सभी सीटों पर 20 मई को पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में महाराष्ट्र में कुल 13 सीटों पर मतदान होगा। मुंबई में इस बार चुनावी तस्वीर बिल्कुल बदली हुई है।

शिवसेना में टूट के बाद एक तरफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) है। दोनों गुटों के बीच मुंबई में लोकसभा की तीन सीटों पर सीधी टक्कर है। दो सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है, जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा में सीधी भिड़ंत हो रही है। मुंबई में 2019 के चुनाव में छह सीटों में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं।

## वर्षा के लिए नया क्षेत्र, निकम का पहला चुनाव, दोनों दलों में स्थानीय नेता नाराज


### उत्तर-मध्य लोकसभा सीट

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट मुंबई की हाई प्रोफाइल सीट है। यहां फिल्मी सितारे, उद्योगपति, नेताओं के साथ ही झुग्गियों में भी लोग रहते हैं। कांग्रेस ने इस सीट से अपनी प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को उतारा है। वर्षा का मुख्य जनाधार धारावी में है, जहां से वह विधायक हैं, इसलिए वह दक्षिण-मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। वर्षा को टिकट मिलने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उज्जवल निकम का भी है। उनके खिलाफ भी पार्टी में अंदरूनी सुगबुगाहट है। स्थानीय भाजपा नेता निकम को पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार निकम को दिल्ली की कृपा से टिकट मिला है। वह पार्टी से भी नहीं जुड़े थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि निकम बड़े वकील हैं, ऐसे में वह जीतने के बाद उनके लिए समय नहीं निकल पाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अंतर्कलह से जूझ रहे हैं। निकम के लिए भाजपा नेता नाराजगी दूर करने में सफल होते नजर आ रहे हैं, वहीं वर्षा को कांग्रेस के बजाय उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ रहा है। उत्तर मध्य लोकसभा सीट बीते 10 साल से भाजपा के पास है। भाजपा ने यहां की सांसद पूनम महाजन को मौका नहीं दिया है।

लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में भाजपा के पास दो, शिंदे की शिवसेना के पास दो, उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। 2019 में भाजपा की पूनम महाजन 4.86 लाख वोट और कांग्रेस की प्रिया दत्त को 3.56 लाख वोट मिले थे। वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार अब्दुल रहमान ने 33,703 वोट पाए थे।

## उत्तर पश्चिम सीट : उत्तर भारतीय वोटरों का मिलेगा जिसे समर्थन वही जीतेगा रण

मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के विवाद के कारण ही संजय निरुपम के बोल बिगड़े और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला, तो निरुपम में शिंदे गुट का दामन थाम लिया। शिवसेना शिंदे गुट ने इस सीट पर जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर को चुनावी मैदान में उतारा है। शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ से अमोल कीर्तिकर पहले ही यहां मैदान में हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा है। मुंबई उपनगर की यह सीट उत्तर भारतीय बहुल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां से अभिनेता सुनील दत्त पांच बार एवं उनके निधन के बाद उनकी पुत्री प्रिया दत्त एक बार सांसद रही हैं। मशहूर वकील राम जेठमलानी भी 1977 एवं 1980 में इस सीट से जीत चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार भी महायुति के सीट बंटवारे में यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के पास गई। नाम वापसी के बाद इस सीट पर 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर शिवसेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 570063 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 309735 वोट मिले थे। जीत का अंतर 260328 था।



रवींद्र वायकर।

## ध्रुवीकरण की राजनीति गर्मायी, चुनाव गुजराती बनाम मराठी बनाने के प्रयास

मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा के मिहिर चंद्रकांत कोटेचा और शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी संजय दीना पाटिल के बीच मुकाबला हो रहा है। यहां बसपा से देश विट्ठल उमप भी मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी यहीं है, जो एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इस लोकसभा क्षेत्र में मतों का ध्रुवीकरण करने की कवायद शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान गुजराती बनाम मराठी मुद्दा भी देखने को मिल रहा है। कई रिहायशी सोसायटी में दूसरे प्रत्याशी को प्रचार करने से रोके जाने या बाद में आने के लिए कहकर टालने की शिकायतें आ रही हैं। 2019 के चुनाव में एनसीपी ने यहां से संजय पाटिल को टिकट दिया था। भाजपा से मनोज कोटक मैदान में थे। जीत मनोज किशोरभाई कोटक को मिली थी। उन्हें 5,14,599 वोट मिले थे. जबकि एनसीपी के संजय दीना पाटिल 2,88,113 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे, वंचित अघाडी के निहारिका खोंडाले 68,239 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में इस सीट से भाजपा के किरीट सौमेया ने 5,25,285 वोट पाकर जीत हासिल की थी। एनसीपी के संजय पाटिल दूसरे और आम आदमी पार्टी से उतरीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ीं मेधा पाटकर ने तीसरा स्थान पाया था।



मिहिर चंद्रकांत कोटेचा।

## दक्षिण लोकसभा सीट: सावंत के सामने जीत की हैट्रिक लगाकर उद्धव सेना का झंडा लहराने की चुनौती


मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट समृद्ध इलाका है। गेट वे आफ इंडिया, हाजी अली दरगाह के अलावा यह व्यावसायिक क्षेत्र है। इस सीट पर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से यामिनी जाधव मैदान में उतरी हैं। पहले इस सीट से भाजपा चुनाव लड़ना चाह रही थी, पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उतारने के संकेत भी दिए थे, लेकिन अंतत: शिंदे का दावा भारी पड़ा। यामिनी का मुकाबला मौजूदा सांसद शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत से होगा, जो उद्धव ठाकरे के खास सिपहसलार माने जाते हैं। पूर्व पार्षद यामिनी जाधव भायखाला से विधायक चुनी गई थीं और लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। वह उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत में शिंदे को समर्थन दिया था। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के अरविंद गणपत सावंत ने जीत हासिल की थी, उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा 3,21,870 वोटों के साथ दूसरे और वंचित अघाडी के अनिल चौधरी 30,348 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी सावंत ने देवड़ा को



अरविंद सावंत।

## दक्षिण मध्य लोकसभा सीट: शिवाजी पार्क और सेना भवन वाले इलाके में दोनों सेनाओं के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट पर मुकाबला दोनों शिवसेना के बीच है। यहां से दो बार शिवसेना सांसद राहुल शेवाले जो अब शिंदे गुट के साथ हैं, जीत की हैट्रिक लगाने मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला शिवसेना उद्धव गुट के प्रत्याशी अनिल देसाई से है। देसाई कुछ समय पहले तक राज्य सभा के सदस्य थे। इस लोकसभा क्षेत्र में ही सेना भवन स्थित है। यहीं शिवाजी पार्क भी हैं, जहां शिवसेना दशहरा रैली करती रही है। एशिया की सबसे बड़ी स्लम धारावी भी यहीं हैं। इसी कारण यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की साख की लड़ाई मानी जा रही है। लोग दोनों शिवसेना की असली परीक्षा मान रहे हैं। इस सीट पर जिसका उम्मीदवार जीतेगा, उससे साफ हो जाएगा कि मराठी मतदाता किसके साथ है। इस सीट पर 2014 और 2019 दोनों चुनावों में शिवसेना के राहुल रमेश शेवाले और कांग्रेस के एकनाथ एम गायकवाड़ के बीच मुकाबला हुआ था और दोनों ही बार राहुल शेवाले को जीत मिली। 2014 में उन्होंने गायकवाड़ को एक लाख 38 हजार और 2019 में डेढ़ लाख मतों से पराजित किया था। इस सीट पर दलित और मुस्लिम वोटर बड़ा पैक्टर है। छह में चार विधानसभा सीटें महायुति और दो महाविकास अघाडी के पास हैं।



राहुल शेवाले।

## उत्तर लोकसभा सीट: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पहला चुनाव, मराठी और गुजराती मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र सरकार के दिग्गज मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल से है। पाटिल 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल अपनी साफ-सुथरी छवि को आगे रखकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद रहे हैं। भाजपा ने मुंबई उत्तर सीट से लगातार दो बार सांसद रहे गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर पीयूष पर दांव लगाया है। मराठी और गुजराती मतदाताओं पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फोकस कर रखा है। 17 .75 लाख वोटर वाली मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर 47 फीसदी मराठी, 13 फीसदी गुजराती और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही वर्चस्व की लड़ाई होती आयी है। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार बोरीवली, दहिसर, चारकोप और कांदीवली पूर्व पर भाजपा तो माल्दा पश्चिम पर कांग्रेस और मागाठाणे पर शिवसेना का कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की उर्मिला मातोंडकर को 4,65,247 वोटों से हराया था। 2014 के चुनाव में शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को लगभग साढ़े चार लाख वोटों से परास्त किया था।



पीयूष गोयल।

## सोमवार को मतदान, लंबा वीकेंड मिलने से छुट्टी मनाने बाहर न निकल जाएं लोग

- मुंबई में 20 मई को वोटिंग के दिन सोमवार पड़ रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा वीकेंड देखते हुए लोग शुक्रवार से ही शहर से बाहर जा सकते हैं। शनिवार-रविवार छुट्टी रहेगी और सोमवार को वोटिंग के लिए अतिरिक्त छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। दक्षिण मुंबई सीट पर लोकसभा चुनाव में सबसे कम वोटिंग होती है। इस इलाके में सबसे ज्यादा धनी लोग रहते हैं। 2019 में मुंबई में लोकसभा चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था, उस दिन भी सोमवार था। नतीजन इस सीट पर मुंबई में सबसे कम 51 .45% मतदान हुआ था। मुंबई उत्तर-मध्य सीट पर 53 .61%, उत्तर-पश्चिम सीट पर 54 .28%, दक्षिण-मध्य सीट पर 55 .24%, उत्तर-पूर्व सीट पर 57 .12% और उत्तर लोकसभा सीट पर 59 .98% वोटिंग हुई थी।

### 400 पार का संगीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के अंबेडकर नगर में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,000 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5900 -6000 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -11000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500 -10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| अरवा चावल | 2000 - 2300। |

# 3 साल में घट गई परिवारों की शुद्ध बचत

## सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, नौ लाख करोड़ रुपये घट गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर



14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। लेकिन यह 2018-19 में बढ़कर 14.92 लाख करोड़ रुपये और 2019-20 में 15.49 लाख करोड़ रुपये हो गया था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था। शेयरों और डिबेंचर में परिवारों का निवेश इस अवधि में 1.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 2022-23 में 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़े बताते हैं कि परिवारों को बैंक ऋण भी इन तीन वर्षों में दोगुना होकर 2022-23 में 11.88 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### एफएमसीजी सामान की ग्रामीण खपत रही अधिक



भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही। मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

## आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ की जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा-बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

## सोने में 200 रुपये की बढ़त, चांदी में 700 रुपये का आया उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर की बढ़त है।

सौमिल गांधी ने कहा-इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर ईपीएफओ कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को असंवैधानिक ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। वहीं ईपीएफओ ने कहा-न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है।

## दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर किए ब्लॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है। एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गई बातों के जवाब में विभाग ने कह कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है।

## 8 प्रमुख शहरों में 2023 में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की बढ़ी संख्या

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेबी ने ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने से कर दिया इनकार
- एनएसई के सीईओ ने बताया वर्तमान में कोई योजना नहीं

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने का हवाला देते हुए इक्विटी डेरिवेटिव खंड में कारोबारी घंटे बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा-वर्तमान में कारोबारी घंटे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि सेबी ने हमारा आवेदन वापस कर दिया है। स्टॉक ब्रोकरों से सेबी को ऐसी प्रतिक्रिया नहीं मिली, जैसी वह चाहता था। लिहाजा विस्तारित समय योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एनएसई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से इक्विटी डेरिवेटिव खंड में चरणबद्ध तरीके से कारोबार का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके पीछे मकसद यह था कि वैश्विक सूचना प्रवाह से रातों-रात पैदा होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने सितंबर में बताया था कि एक्सचेंज नियमित कारोबारी सत्र खत्म होने के बाद शाम छह बजे से रात नौ बजे तक एक और सत्र की योजना बना रहा था। इसपर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर कारोबारी समय को धीरे-धीरे रात 11.55 बजे तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया-हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया।

### भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज़ किया जा चुका है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट, महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा।

## मप्र में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया एनडीए के लिए क्यों रखा 400 पार सीटों का लक्ष्य

# राम मंदिर पर बाबरी ताला न लग जाए...

**धार (मप्र), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगाए। मध्य प्रदेश के धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बयान की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गुट की 'साजिश' गहरी है और वह अपने वोट बैंक के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण चाहता है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने यह कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में उनकी बहुत कम भूमिका थी। मोदी ने कहा-सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि अगर उन्हें 400 लोकसभा सीटे मिलेंगी तो वे संविधान बदल देंगे।



मध्य प्रदेश के धार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● एजेंसी

### हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल



**चाईबासा (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-मोदीने अपने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे।

## मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए पर धर्म के आधार पर नहीं: लालू प्रसाद

**पटना, एजेंसी**

- राजद के अध्यक्ष ने की आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की। कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं।



हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण का लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं।

### वे मुसलमानों को देना चाहते हैं आरक्षण: सुधांशु



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा-लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द 'पूरा का पूरा' (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

## राजस्थान में सांड़ को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड़ को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड़ लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने ''अर्थमूविंग'' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया। पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार-इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

## यूपी, झारखंड से पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा-हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में आपूर्ति करने के लिए दिया था। पुलिस ने बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताए।

## झूठ और नफरत फैलाने वालों को करें खारिज, भविष्य के लिए कांग्रेस को दें वोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सोनिया गांधी बोलीं- इंडिया के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए ''अधिक समान और उज्ज्वल'' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन यह अपील की है। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा-झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। 'हाथ' (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) का बटन दबाएं। आइए मिलकर शांति और सद्भाव के साथ सभी के लिए एक मजबूत व अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि युवा बेरोजगारी की दर, महिलाओं के खिलाफ अपराध और दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि ये चुनौतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की ''नीयत और नीति'' से उपजी हैं, जिनका लक्ष्य समावेशिता और संवाद को खारिज करते हुए सत्ता हासिल करना है। गांधी ने कहा, ''हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है। उन्होंने कहा-आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) और गारंटी का उद्देश्य हमारे देश को एकजुट करना और भारत के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों के लिए काम करना है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का होता है अधिकार

**मुंबई, एजेंसी**

- बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में की टिप्पणी
- कोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी जमानत

बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है।

न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो



महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा-यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है।

पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, "एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

## ओडिशा सरकार ने कार्यक्रम के दौरान ड्रोन पर लगाया प्रतिबंध

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआईपी) की यात्रा के दौरान ड्रोन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है और वे लोग जिन समारोह स्थलों पर लोगों को संबोधित करेंगे, उन्हें 'नो ड्रोन जोन और नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। राज्य में वीवीआईपी की पिछली यात्रा के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, रोड शो के दौरान वीवीआईपी के दृश्य लेने के लिए ड्रोन का उपयोग करते हुए देखा गया था, जो वीवीआईपी के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसी वजह से राज्य सरकार ने ये निर्णय लिया है।

# बच्चों को स्पर्श के बारे में बताना ही काफी नहीं

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आज की डिजिटल दुनिया में नाबालिगों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताया जाना ही काफी नहीं है और बच्चों को आभासी स्पर्श की उभरती हुई अवधारणा और इसके संभावित खतरों के बारे में भी शिक्षित किया जाना जरूरी है।

इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है।

कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

### क्या है मामला




एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया। कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

# जमीन भगवान की मैं उनका मित्र...कोर्ट ने लगाया जुर्माना

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी मंदिर के संपत्ति विवाद में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने वाले व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा करने का अधिकार किसी अवैध धार्मिक संरचना में निहित नहीं हो सकता है।

अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले के बाद उनके और अन्य की ओर से दायर आपत्ति याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपने आदेश में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि मिश्रा कोई प्रामाणिकता नहीं दिखा सके जो उन्हें भगवान हनुमान के अगले मित्र के रूप में मुकदमा करने का अधिकार देती। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, पूजा करने का कोई अधिकार किसी अन्य की निजी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचे में निहित नहीं हो सकता है और कहा कि ऐसी स्थिति में स्थापित देवता के पास कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे। शुक्र है कि यह प्रॉक्सी द्वारा दिव्यता का मामला प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि एक निजी मंदिर में सार्वजनिक पूजा, यहां तक कि मुफ्त पहुंच के साथ वास्तव में यह नहीं दर्शाता है कि मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है।

# यूपीआई की वजह से ज्यादा खर्च कर रहे 75% भारतीय

*भारत में यूपीआई के इस्तेमाल से खरीदारी आसान और कैश रखने की मजबूरी खत्म हुई है, लेकिन खर्च बढ़ा है। आईआईआईटी, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के सर्वे में पता चला कि यूपीआई की वजह से भारतीय ज्यादा खर्च करने लगे हैं। 74.2% यानी 4 में से 3 भारतीयों का मानना है कि यूपीआई की वजह से उनके खर्च करने का पैटर्न बदल गया है। वे गैर जरूरी खर्च कर रहे हैं।*




- ऑनलाइन पेमेंट की वजह से उन्हें एहसास नहीं होता कि वे ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, कैश खर्च होने पर अपने पास से कुछ जाने का एहसास होता है। इसलिए खर्च का दर्द महसूस होता है। इसलिए लोग खर्च करने से पहले सोचते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में खर्च में कुछ खोने जैसा एहसास नहीं होता। इसलिए खर्च का पता नहीं चलता। ऑनलाइन पेमेंट में पैसे सिर्फ नंबर जैसे लगते हैं, जो कम ज्यादा होते रहते हैं। जैसे-यूपीआई के जरिए 2500 रुपए का पेमेंट करने में लोग उतना नहीं सोचते, जितना कि 500 के 5 नोट के जरिए किसी चीज का पेमेंट करने में सोचते हैं।
- आईआईआईटी दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने छात्रों के साथ 18 साल और उससे ऊपर के लोगों पर सर्वे किया। इसमें पता चला कि 74.2% लोगों का खर्च यूपीआई का इस्तेमाल शुरू करने के बाद बढ़ा है। साथ ही यह भी पता चला कि 91.5% लोग यूपीआई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि 95.2% ने किसी भी पेमेंट के लिए यूपीआई को सबसे आसान और विश्वसनीय माना। 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने 8 साल में देश में पेमेंट का तरीका ही नहीं एहसास भी बदल दिया है।

### छोटे कारोबारियों की बचत बढ़ी

यूपीआई के इस्तेमाल की वजह से छोटे कारोबारियों जैसे ठेले-खोमचे वाले, गुमटियों में सामान बेचने वालों की बचत बढ़ी है। यूपीआई पेमेंट की वजह से उनका सारा पैसा सीधे खाते में जाता है, जिससे उनकी बचत और उससे मिलने वाला ब्याज दोनों बढ़े हैं। वहीं, इस सर्वे में करीब 25% लोगों ने यह माना कि यूपीआई इस्तेमाल से उनकी बचत बढ़ी है।

## एक नजर

### व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी।

### चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश अफगानिस्तान में रची गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में हुए आत्मघाती हमले की साजिश अफगानिस्तान में अफगान नागरिकों ने रची थी जिसमें पांच चीनी मारे गए थे। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी धरती पर रची गई थी।

### दिल्ली में तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाली एक फैक्टरी का भी पता लगाया है। छापेमारी के दौरान उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला पदार्थ बरामद किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त अमित कौशिक ने कहा, जब्त किए गए पदार्थ से लगभग 700 किलोग्राम प्रभावी पदार्थ अल्प्राजोलम संसाधित किया जा सकता है।

# चीन पर नकेल कसने के लिए तैयार भारत, 3 पोत पहुंचे सिंगापुर

## भारतीय नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती, मजबूत होंगे रिश्ते

सिंगापुर, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं, जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है।

बयान में कहा गया कि मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। यह यात्रा कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वागत किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



### वर्तमान में दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

### सीमा पर तनाव के बीच भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।

# तकनीकी खामी से टली सुनीता की अंतरिक्ष यात्रा

- नासा ने उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का लिया फैसला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। नासा ने उड़ान की अगली तारीख की घोषणा नहीं की है।

बता दें, सुनीता विलियम्स मंगलवार को तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने बताया कि उड़ान से पहले वह थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन साथ ही नए अंतरिक्षयान में उड़ान को लेकर वह उत्साहित भी थीं।



### भारी बारिश के कारण बंगाल में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

### चीन के एक अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत

**युन्नान।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के एक अस्पताल में मंगलवार को चाकू से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। राज्य की मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें पुलिस पास के वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अधिकारी अधिक जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी राज्य मीडिया आउटलेट, द पेपर द्वारा साक्षात्कार में एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थिति को अराजक बताया, जबकि अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे थे।

### आसरे की आस...



**वाशिंगटन:** फीचर फोटोग्राफी में अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में प्रवासी कोलंबिया से पनामा तक डेरियन गैप को पार करते हुए आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को इस तस्वीर के लिए उगार्टे फर्नांडो लानो, एरिक गे, ग्रेगरी बुल और क्रिश्चियन चावेज 2024 पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● एजेंसी

### श्रीनगर में पाकिस्तान में बैठे सात आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क की गईं, पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई।

उन्होंने संचालकों की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्टर तिलगाम के अब्दुल हमीद पर्रे के रूप में की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान संपत्ति की पहचान की गई।

# प्रज्ज्वल के 25 हजार अश्लील वीडियो बांटे : कुमारस्वामी

- पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे ने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25 हजार पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

21 अप्रैल को पूरे राज्य में पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर बांटे गए हैं। कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है। जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।

### राजस्थान में तलवार से घायल कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में युवती से तलवार की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओपियों ने पीड़िता से खींचातानी करने पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दुष्कर्म के दो दिन बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला शादी समारोह से लौट रही थी कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


**विज्ञान** | कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया रहस्य का खुलासा

# शुक्र ग्रह के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में मिली कामयाबी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी के पड़ोसी ग्रह शुक्र ग्रह के खोए पानी के सागरों की गुत्थी सुलझाने की बड़ी कामयाबी वैज्ञानिको को मिली है। बोल्डर स्थित कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का खुलासा किया है।

इस शोध से साफ हो गया है कि इस ग्रह पर पानी होने की शेष संभावना भी खत्म हो चुकी है। सर्वविदित है, शुक्र (वीनस) हमारे सौर मंडल का सबसे अधिक सुंदर ग्रह नजर आता है। जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों से आसानी से देखा जा सकता है। स्याह रातों की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला यही ग्रह है। कभी इस ग्रह पर पृथ्वी की तरह विशाल समुद्र हुआ करते थे, जो गायब हो गए। जिसकी तलाश में वैज्ञानिक कई दशकों से पता लगाने में जुटे हुए थे, लेकिन इसका पता लगा पाना टेढ़ी खीर बनी रही। मगर अब इस रहस्य का पर्दाफाश हो चुका है। इसकी वजह शुक्र की रासायनिक प्रक्रिया है। जिसका पता कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए हो पाया है। दअरसल शुक्र ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन परमाणु विघटनकारी पुनर्संयोजन प्रक्रिया के माध्यम से अंतरिक्ष में घूमते हैं। जिस कारण शुक्र हर दिन बड़ी मात्रा में अपना तरल जल खो देता है। 6 मई को नेचर जर्नल में शोध का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि आकाशगंगा के कई ग्रहों के पानी व रासायनिक प्रक्रिया को समझना होगा। शोधकर्ताओं ने शुक्र ग्रह को एक विशाल रसायन विज्ञान मझने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया, और ग्रह के घूमते हुए वातावरण में होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं पर जूम किया। जिससे पता चला कि हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन के एक-एक परमाणु से बना अणु शुक्र ग्रह का पानी निगल गया और शुक्र के सतह का जल वाष्पित होकर आसमान में चला गया।


शुक्र ग्रह के वातावरण की तस्वीर।

### अब मंगल ग्रह पर जल की तलाश

शुक्र ग्रह के बाद, अब बारी लालग्रह मंगल के खोए हुए जल का पता लगाने की है। माना जाता है कि पृथ्वी की तरह मंगल में भी समुद्र हुआ करते थे और नदियां बहा करती थी, जिनका जल अब विलुप्त हो चुका है। शुक्र ग्रह के जल का पता लगाने के बाद वैज्ञानिक मंगल ग्रह के जल पता लगाने में जुट गए हैं।

### अंतरिक्ष में हथियारों की रोक के प्रस्ताव पर वीटो मुद्दे की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, सुरक्षा परिषद में हाल ही में, रूस द्वारा उस मसौदे प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की है, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष क्षेत्र को हथियारों की नई दौड़ से बाहर रखने की पेशकश की गई थी।

सुरक्षा परिषद में वो प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने पेश किया था। इसके समर्थन में 13 वोट पड़े थे और चीन ने मतदान में शिरकत नहीं की थी। उस प्रस्ताव को 60 देशों ने समर्थन दिया था, मगर रूस के वीटो प्रयोग के कारण, वो मसौदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। यूएन महासभा के उपाध्यक्ष अहमद फैसल मुहम्मद ने सोमवार को, महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का संदेश पढ़कर, इस मुद्दे पर चर्चा का आरंभ किया। यूएन महासभा अध्यक्ष के संदेश में चिंता व्यक्त की गई कि बाहरी अंतरिक्ष में विनाश के हथियारों के मुद्दे पर नाकाम रही है।

# गाजा के राफा पर इजराइल का कब्जा

- नेतन्याहू ने एक दिन पहले राफा के लोगों को खाली करने की दी थी चेतावनी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली बलों ने राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। राफा खाली करने के आदेश के दूसरे दिन बाद आईडीएफ ने यह कार्रवाई की है। इजराइल के आर्मी रेडियो ने मंगलवार को दावा किया है, हमास द्वारा युद्ध विराम प्रस्ताव के स्वीकारने के बाद इजराइल ने यह कदम उठाया है, प्रस्ताव में बंधकों रिहाई से हमास ने इनकार कर दिया।

बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है। इससे एक दिन पहले यानी 6 मई को इजरायली सेना ने कहा था कि वह किसी भी वक्त राफा पर हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए सोमवार को इजरायली बलों ने फलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया था।बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है। गौरतलब है कि, हमास के खिलाफ अपने युद्ध के सात महीनों में, इजरायल ने राफा में घुसपैठ शुरू करने की कई बार धमकी दी है। इजराइली सेना का मानना है कि राफा में हजारों हमास लड़ाकों और संभावित रूप से दर्जनों बंधकों को शरण में रखा गया है। सेना का मानना है कि राफा को हराए बिना जीत असंभव है।



### अमेरिका ने इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला-बारूद की खेप रोक दी है। खेप में मिसाइल सहित कई साजो सामन हैं। इस मामले पर अमेरिकी और इजराइली सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि, पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा कि राफा में सैन्य अभियान का अमेरिका-इजराइल संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।